kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-130 | बुधवार, 10 जून 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



राष्ट्रीय हित में पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए दूरदर्शी और सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। बैठक में उन्हें जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति

मोदी ने कुवैत के अमीर के साथ बात की, पश्चिम एशिया की स्थिति पर हुई चर्चा 11

मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र 12

## शांति भंग में निर्दोष को जेल भेजा तो खैर नहीं!

### दोषी अफसर की सैलरी से रोज कटेंगे 25 हजार रुपये : हाईकोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली में शांति भंग की धाराओं के दुरुपयोग पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट का कहना है कि नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता सर्वोपरि है। किसी भी निर्दोष को बिना वैधानिक प्रक्रिया के जेल नहीं भेजा जा सकता। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने मंसूर अहमद उर्फ लल्लू की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है।

प्रयागराज के खीरी इलाके से मंसूर अहमद को उठाकर बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के एक प्रोफार्मा पर आदेश जारी कर सीधे जेल भेज दिया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि आठ दिनों की यह हिरासत पूरी तरह अवैध थी। इसके बदले



कोर्ट ने मंसूर अहमद को 2 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। मुआवजे की यह राशि दोषी तत्कालीन एसीपी की सैलरी से वसूली जाएगी।

हाई कोर्ट ने कहा कि गाजियाबाद और प्रयागराज समेत कई जिलों में पुलिस कमिश्नरों और मजिस्ट्रेटों द्वारा अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर हजारों नागरिकों को जेलों में बंद रखा गया। इस पर अंकुश लगाने के लिए अब शांति भंग की कार्रवाई में बाहरी जमानती की जरूरत नहीं होगी। सिर्फ 20 हजार का पर्सनल बांड देकर तत्काल रिहाई मिल सकेगी। यदि किसी को 24 घंटे से अधिक अवैध हिरासत में रखा गया तो राज्य सरकार उसे 25 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देगी। इसके बाद दोषी अफसर की सैलरी से यह पैसा काटा जाएगा और विभागीय कार्रवाई भी होगी। पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को 14 सितंबर 2026 तक इस आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट सौंपनी होगी। हाई कोर्ट ने प्रयागराज के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा सौंपे गए रिकॉर्ड की भी जांच की। इन रिकॉर्ड्स से पता चला कि इसी तरह के एहतियाती प्रावधानों के तहत 2024 में 283 लोगों, 2025 में 1,321 लोगों और 2026 शेष पेज 11 पर


## बालटाल और लद्दाख के मिनीमर्ग आपस में जुड़े

### जोजिला सुरंग का काम पूरा

एजेंसी

श्रीनगर। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जोजिला सुरंग परियोजना ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया जब मुख्य सुरंग की खुदाई का काम पूरा होने के बाद पहली बार कश्मीर के बालटाल और लद्दाख के मिनीमर्ग के दोनों छोर आपस में जुड़ गये।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मिनीमर्ग में पूर्वी प्रवेश-द्वार के पास अंतिम विस्फोट करने के लिये एक रिमोट का बटन दबाया, जिसके साथ ही सुरंग के दोनों छोर आधिकारिक तौर पर जुड़ गये और इसके साथ ही यह उपलब्धि भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र के इतिहास में दर्ज हो गयी। इस समारोह में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी उपस्थित थे। इस परियोजना को ''भारत




की तकनीकी शक्ति, इंजीनियरिंग क्षमता और अदम्य संकल्प'' का प्रतीक बताते हुये श्री गडकरी ने कहा कि यह सुरंग इस क्षेत्र को हर मौसम में संपर्क सुनिश्चित कर लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के लिये एक जीवनरेखा बनेगी। परियोजना से जुड़े अधिकारियों, इंजीनियरों, मजदूरों और श्रमिकों को संबोधित करते हुये श्री गडकरी ने कहा, ''यह भारत के बुनियादी ढांचे के विकास का एक स्वर्णिम काल है। करीब 14 किलोमीटर लंबी यह सुरंग अत्याधुनिक है और विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों के अनुसार बनाई गयी है। श्री गडकरी ने कहा कि बरसों पहले भाजपा अध्यक्ष के रूप में लद्दाख की अपनी पहली यात्रा के दौरान लोगों ने उन्हें बताया था कि भारी हिमपात के कारण जोजिला दर्रा हर साल लगभग छह महीने बंद रहता है, जिससे लद्दाख का संपर्क कट जाता है। उन्होंने कहा, ''मैंने लद्दाख के लोगों की कठिनाइयों को महसूस किया और इस सुरंग के महत्व को समझा।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सरकार गठन के बाद बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''आकार लेने से पहले इस परियोजना को बार-बार देरी का सामना करना पड़ा था। टेंडर पहले चार बार मंजूर हो चुका था, लेकिन कोई फैसला नहीं लिया गया। जब अनुमानित लागत 12,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी, शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पटाखा फैक्टरी में आग लगने से तीन जिंदा जले

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के खो-नागोरियन क्षेत्र में मंगलवार को मकान में कथित तौर पर संचालित पटाखा फैक्टरी में आग लग गई। इसमें तीन लोगों की झुलस कर मौत हो गई, जबकि पांच अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फैक्टरी में मजदूर काम कर रहे थे। जयपुर के कलेक्टर संदेश नायक ने घटनास्थल का दौरा किया और बताया कि आग को अग्निशमन कर्मियों की सहायता से बुझा दिया गया है। आग लगने से पहले धमाके की आवाजएक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि आग लगने से पहले धमाके की आवाज सुनाई दी थी। हमने धमाके की आवाज सुनी और तुरंत मकान की ओर दौड़े। पानी डालकर अंदर घुसे और कुछ लोगों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर झुलसे हुए दो लोग सड़क पर तड़पते मिले। लोगों ने उन्हें कपड़ों से ढककर एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

### एसडीएम पर जानलेवा हमला 'दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक': मायावती


लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने हरदोई जिले में सरकारी निरीक्षण के दौरान शाहाबाद के एसडीएम सुशील मिश्रा पर हुए जानलेवा हमले को दुर्भाग्यपूर्ण और अति-चिंताजनक बताया है। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्न यूपी की राजधानी लखनऊ के पड़ोसी जिले हरदोई में दबंगों ने सरकारी निरीक्षण कर रहे एसडीएम श्री सुशील मिश्रा पर ईंट और पत्थर आदि से हमला किया, जिसमें वे घायल हो गए और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराए गए। यह घटना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल भी खड़े करती है। ऐसी घटनाओं की रोकथाम जरूरी है, ताकि सरकारी कार्यों में कथित भ्रष्टाचार के साथ-साथ प्रदेश को अराजक तत्वों से बचाया जा सके। उन्होंने सरकार से अपील की कि व्यापक जनहित को देखते हुए इस ओर जरूर समुचित ध्यान दिया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### सरकार के पिछले 12 वर्ष विश्वास, विकास और जन कल्याण को समर्पित : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के पिछले 12 वर्ष विश्वास, विकास और जन कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद और सबसे पहले राष्ट्र भावना से प्रेरित होकर युवाओं, महिलाओं और किसान भाई-बहनों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, अथक प्रयासों के फलस्वरूप ही आज देश ने बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल क्रांति तक विश्व स्तर पर एक नई पहचान हासिल की है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सरकार सेवा, सुशासन और समृद्धि के इस पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगी।

## किसी के लिए धर्मशाला नहीं हो सकती भारत की धरती : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



### योगी बोले

- लव व भूमि जिहाद के विरुद्ध समाज को एकजुट होना होगा
- राम को अपने जीवन का आदर्श बनाने वालों का हुआ कल्याण
- राम से द्रोह करने वालों को धरती पर जगह नहीं मिली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिसने प्रभु श्रीराम को अपने जीवन का आदर्श बनाया, उसका कल्याण हुआ है और जिसने राम से द्रोह किया है, उसको इस धरती पर कहीं जगह नहीं मिली है। मारीच, खरदूषण और रावण का क्या हश्र हुआ। नारी गरिमा का कैसे ध्यान रखना है, लव जेहाद के खिलाफ कैसे आवाज उठानी है, उसका यह उदाहरण आप सबके सामने है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सीतापुर रोड स्थित सेवा अस्पताल परिसर में चल रही पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य की राम कथा के अंतिम दिन पहुंचे। मुख्यमंत्री ने व्यास पीठ पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। रामभद्राचार्य का माल्यार्पण किया। वहीं जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अंग वस्त्र ओढ़ाकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लव जेहाद के प्रति लोगों को सजग किया। उन्होंने कहा कि केरल उच्च न्यायालय ने 2009 में इसको लेकर चिंता व्यक्त की। तब भी हम उस पर ध्यान नहीं दिए। हमने उम्र में 2020 में इस पर कानून बनाया। तब भी इस पर व्यापक जनजागरूकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रामायण काल खण्ड के उदाहरण आपके सामने हैं। मारीच हैं, रावण हैं। उच्च कुल और श्रेष्ठ व्यवस्था में जन्म लेते हैं लेकिन पशुवत मारे जाते हैं। हमारे पवनसुत हनुमान जी, विभीषण हैं, सामान्य जीवन में जन्म के समय और उसके उपरांत भले ही उस प्रकार सम्मान न मिला हो, राम की संगत में आने के बाद पूज्य हो गए। सबके लिए पूज्य हो गए। हम प्रातःकाल जिन सात नामों का स्मरण करते हैं उनमें विभीषण का भी नाम है। हमारे यहां हर समस्या का शेष पेज 11 पर

## 'पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय

एजेंसी



पीओके में मुनीर की बर्बरता पर भारत ने लगाई फटकार

नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बरता पर कड़ी प्रतिक्रिया करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराने की अपील की है।

भारत ने यह भी आरोप लगाया है कि पाकिस्तान फर्जी वीडियो के जरिये अपनी विफलताओं और मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाओं से लोगों का ध्यान भटकाने की विफल कोशिश में जुटा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गये सवालों के जवाब में कहा,'' इस संदर्भ में हम पाकिस्तान की ओर से फर्जी खबरों और वीडियो का सिलसिला लगातार देख रहे हैं। यह अपनी विफलताओं को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने का पाकिस्तान का एक हताशापूर्ण प्रयास है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भीषण पुलिस बर्बरता की खबरें हैं जिसमें कई प्रदर्शनकारी मारे गये हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। हम उम्मीद करते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहरायेगा। प्रवक्ता ने जम्मू कश्मीर को लेकर भारत के संकल्प को दोहराया कि पूरा जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शरणार्थियों शेष पेज 11 पर

## तृणमूल नेताओं ने बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला

एजेंसी

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद ने मंगलवार को पार्टी के बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला। दोनों ने आरोप लगाया कि बागी सांसदों में राजनीतिक नैतिकता की कमी है। साथ ही बागियों के भाजपा से संबंध हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को तब अकेला छोड़ दिया जब वे कथित तौर पर उत्पीड़न और राजनीतिक हमलों का सामना कर रहे थे। कल्याण बनर्जी ने यह भी सवाल उठाया कि अगर बागी सांसदों के पास उतना समर्थन है, जितना वे दावा करते हैं, तो वे औपचारिक रूप से भाजपा में



शामिल क्यों नहीं हो रहे हैं? पार्टी पर आरोप लगाने के बाद राज्यसभा से इस्तीफा देने वाले टीएमसी के नेता सुखेंदु शेखर रॉय का ज़िक्र करते हुए बनर्जी ने कहा कि अगर संगठन से कोई शिकायत है तो बागी सांसदों को भी वही रास्ता अपनाना चाहिए, जो सुखेंदु ने अपनाया है। बागी गुट की अगुआई कर शेष पेज 11 पर

### शुभेंदु की बैठक में शामिल हुए तृणमूल के दो बागी सांसद

कोलाघाट (पश्चिम बंगाल)। टीएमसी की संसदीय इकाई में फूट के बीच पार्टी के बागी सांसद जून मालिया और दीपक अधिकारी देव ने मंगलवार को पूर्वी मेदिनीपुर जिले में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की प्रशासनिक बैठक में हिस्सा लिया। इसके अलावा केशपुर की विधायक सिउली साहा ने कोलाघाट में हुई बैठक में हिस्सा लिया। साहा ने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों का कर्तव्य लोगों की भलाई के लिए काम करना है। इसीलिए मैं मुख्यमंत्री शेष पेज 11 पर

## रक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर में रक्षा भूमि पर बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना को मंजूरी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और रक्षा मंत्रालय की खाली पड़ी जमीनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के पूर्व छावनी क्षेत्र सीतापुर में रक्षा मंत्रालय की खाली पड़ी लगभग 850 एकड़ जमीन पर बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सहित 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना की



स्थापना को मंजूरी दी है।

रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह अपनी तरह की पहली परियोजना है। इसमें रक्षा भूमि पर एकीकृत भंडारण प्रणाली सहायता के साथ बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा उत्पादन सुविधा का विकास भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रक्षा बलों के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के अलावा, इस परियोजना से रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए पारंपरिक ग्रिड बिजली की खरीद पर होने वाले खर्च में शेष पेज 11 पर

## ईरान के साथ दो-तीन दिन में समझौता होने की संभावना: ट्रंप

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि ईरान और इजरायल दोनों एक-दूसरे पर हमला नहीं करने पर सहमत हो गये हैं तथा अगले दो-तीन दिनों में ईरान के साथ समझौता होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर होते ही होर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल खोल दिया जाएगा।

श्री ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, हम एक बहुत अच्छे समझौते के अंतिम चरण में हैं, जो किसी भी रूप में परमाणु हथियारों की अनुमति नहीं देगा। समझौते पर हस्ताक्षर होते ही होर्मुज जलडमरूमध्य तुरंत खोल दिया जाएगा। यह दो या तीन दिनों में हो सकता है। उन्होंने बताया कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू, से उनकी बातचीत हुई है। श्री ट्रंप ने कहा, उन्हें (ईरान ने) निशाना बनाया और उन्होंने



जवाबी हमला किया। इसके लिए मैं उन्हें दोष नहीं दे सकता। अब दोनों ने इसे यहीं रोकने का फैसला किया है। वे कम से कम अगले एक सप्ताह तक एक-दूसरे को अकेला छोड़ देंगे। मेरी मध्यस्थता में दोनों पक्ष हमले रोकने पर सहमत हुए हैं। श्री ट्रंप ने ईरान के साथ बातचीत पर कहा कि अमेरिका चाहे तो कई सप्ताह तक ईरान पर बमबारी कर सकता है, लेकिन उससे वहां कुछ नहीं बचेगा और भारी जनहानि होगी। उन्होंने दावा किया कि दोनों पक्ष एक ''मजबूत और प्रभावशाली समझौते'' के बेहद करीब हैं। उन्होंने कहा, हम यह काम एक घंटे में भी कर सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई बड़ा अड़ंगा बचा है। हम एक अच्छे, मजबूत और प्रभावशाली समझौते के बहुत करीब हैं। अगर हम बमबारी करें, जो शेष पेज 11 पर

### होर्मुज के पास अमेरिकी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

दुबई। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों का पता मंगलवार सुबह तक नहीं चल सका था। यह घटना ऐसे समय हुई है जब ईरान और इजरायल के बीच हालिया हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव चरम पर है और युद्धविराम पर भी दबाव बढ़ गया है। ईरानी सरकारी मीडिया ने विदेशी रिपोर्टों के हवाले से दुर्घटना का उल्लेख किया, लेकिन कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं। किसी को कोई चोट नहीं आई है। हम बुधवार को इस बारे में रिपोर्ट जारी करेंगे। अमेरिकी अखबार 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना का एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर होर्मुज के निकट अस्पष्ट परिस्थितियों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान और रक्षा विभाग ने तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की।

## विमान ईंधन की कीमतों में दस फीसदी की बढ़ोतरी

एजेंसी

नई दिल्ली। विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में मंगलवार को करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। साथ ही सरकार समर्थित मूल्य स्थिरीकरण व्यवस्था को भी लागू किया गया है। इस योजना के तहत घरेलू एयरलाइंस कंपनियों को तीन वर्ष तक निर्धारित दर पर ईंधन उपलब्ध कराने का विकल्प दिया गया है, ताकि वैश्विक तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव से उन्हें आंशिक सुरक्षा मिल सके। उद्योग सूत्रों ने कहा कि घरेलू एयरलाइंस के लिए अब एटीएफ की कीमत 115 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 104.927 रुपये प्रति लीटर थी। इस स्वैच्छिक योजना में शामिल होने वाली एयरलाइंस को एटीएफ तय दर पर मिलेगा। वहीं, योजना का हिस्सा न बनने वाली



एयरलाइंस को बाजार आधारित कीमत चुकानी होगी, जो फिलहाल लगभग 142 रुपये प्रति लीटर है। सूत्रों ने बताया कि योजना के तहत एयरलाइंस को 86.32 रुपये प्रति लीटर के आधार मूल्य पर एटीएफ मिलेगा। हालांकि, हवाई अड्डा शुल्क, पेट्रोलियम कंपनियों का मार्जिन और कर जोड़ने के बाद एटीएफ की दिल्ली में प्रभावी कीमत 115 रुपये, मुंबई में 114.5 रुपये और चेन्नई में 139 रुपये प्रति लीटर होगी। सरकार ने यह कदम पेट्रोलियम शेष पेज 11 पर

## प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों ने किया यूपीएसआईएफएस का भ्रमण

# साइबर और फोरेंसिक विज्ञान की ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) के 48 अधिकारियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इनमें स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग, राज्य कर विभाग तथा कोषागार विभाग के अधिकारी शामिल थे। भ्रमण के दौरान संस्थान के विषय विशेषज्ञों ने अधिकारियों को साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक विज्ञान से जुड़ी आधुनिक तकनीकों एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षु अधिकारियों ने ड्रोन प्रयोगशाला तथा डीएनए प्रयोगशाला का अवलोकन कर वहां किए जाने वाले कार्यों और तकनीकी प्रक्रियाओं को निकट से समझा।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यूपीएसआईएफएस वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी अपराध की जांच में साक्ष्य की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है और यही साक्ष्य अपराधी को न्यायालय में दंड तक पहुंचाने का आधार बनते हैं।

डॉ. गोस्वामी ने अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण काल सीखने और स्वयं को विकसित करने का सर्वश्रेष्ठ अवसर होता है। उन्होंने कहा, ल्लजितने अधिक जिज्ञासु होंगे, उतना ही अधिक सीख पाएंगे, क्योंकि जिज्ञासा ही जीवन है। उन्होंने वर्तमान डिजिटल युग में बदलते अपराध स्वरूपों का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां पहले अपराध भौतिक दुनिया तक सीमित थे, वहीं अब साइबर माध्यमों से होने वाले अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक अधिकारी को तकनीक और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी से स्वयं को लगातार अद्यतन रखना होगा। कार्यक्रम के अंत में उप निदेशक जितेंद्र श्रीवास्तव ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक हेमराज मीणा, उप निदेशक चिरंजीव मुखर्जी, अतुल यादव, संकाय सदस्य डॉ. मनीष राय, डॉ. पलक, उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, कार्तिकेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तपिश से लोग बेहाल, 16 जिलों में हीटवेव का अलर्ट, आंधी-पानी की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दो दिन पहले चंद फुहारों के बाद भीषण गर्मी पड़ रही है। मंगलवार को सुबह से ही सूरज की तपिश लोगों को बेहाल किए हुए है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी करते हुए सावधान किया है। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इसके अलावा 12 जून को भी प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी-पानी का अलर्ट जारी किया है। 14 जून तक प्रदेश में मौसम का ऐसा ही रुख रहने का अनुमान है।

केरल में मानसून के दस्तक देने के बावजूद मौसम में तपिश बढ़ गयी है। तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी है। हालात यह है कि प्रदेश में कहीं तेज धूप से लोग परेशान हो रहे हैं तो कहीं हीटवेव झुलसा रही है। आसमान में बादल भी जब तब चक्कर लगा रहे हें। हालांकि मौसम विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के ज़्यादातर हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। सुबह से ही दिन चढ़ने के साथ धूप की तपिश बढ़ती जा रही है। कहीं-कहीं उष्ण लहर यानी लू चलने की भी संभावना जताई गई है। इससे तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

राजधानी लखनऊ में भी मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप है। हालांकि आज जेष्ठ माह का बड़ा मंगल होने के कारण शहर में जगह-जगह जल प्याऊ और भंडारों का आयोजन किया गया है। इससे लोगों को थोड़ी राहत है और वे प्यासे होने पर शीतल जल, मीठा जल और प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के डेढ़ दर्जन जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें मुख्य रूप से बुंदेलखंड और आसपास के क्षेत्र अधिक हैं। इन जिलों में प्रमुख रूप से झांसी, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, कानपुर, कौशांबी प्रयागराज, चित्रकूट, वाराणसी, संतरविदास नगर, सोनभद्र और चंदौली व आसपास के जिलों में लू का यलो अलर्ट दिया गया है। इतना ही नहीं 20-30 किमी. प्रति घंटे की रफ़्तार से गर्म हवाएं चलेंगी।

10 जून को आंधी-बारिश और वज्रपात की चेतावनी : प्रदेश में 10 जून को मौसम में आंशिक बदलाव देखने को मिल सकता है। इसमें गरज-चमक के साथ पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में हल्की बारिश और कुछ जगहों पर लू भी चलना शामिल है। 12 जून को ज़्यादातर इलाकों में तेज बारिश होने के आसार हैं। कहीं-कहीं बिजली गिरने का भी ऑरेंज अलर्ट है। माना जा रहा है कि प्रदेश में भी प्री मानसून की गतिविधियां सक्रिय होते ही जल्द ही मानसून दस्तक दे देगा।

# डिजिटल समृद्धि का नया आधार बनेगा प्रोजेक्ट गंगा : मुख्यमंत्री

❒ गांव-गांव तक हाई स्पीड डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री ने किया प्रोजेक्ट गंगा का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गांवों तक हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाने, डिजिटल समावेशन को नई गति देने और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'प्रोजेक्ट गंगा' का शुभारंभ किया। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में लास्ट माइल डिजिटल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के साथ-साथ डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस, कौशल विकास और तकनीक आधारित रोजगार के नए अवसरों का विस्तार करेगी।

प्रोजेक्ट गंगा के तहत प्रदेश में डिजिटल सेवा प्रदाताओं (डीएसपी) का एक व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से लगभग 20 लाख परिवारों तक हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाने, 8 से 10 हजार डिजिटल सेवा प्रदाता तैयार करने तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के प्रथम चरण में 21 जनपदों में इसका संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दौर में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी एक बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। इंटरनेट की गति जितनी तेज होगी, विकास की रफ्तार भी उतनी ही तेज होगी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट गंगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार गंगोत्री से गंगासागर तक मां गंगा का प्रवाह अपने मार्ग में आने वाले क्षेत्रों के विकास, समृद्धि और जीवन का आधार रहा है, उसी प्रकार प्रोजेक्ट गंगा भी उत्तर प्रदेश की डिजिटल समृद्धि का एक मजबूत आधार बनेगा। यह पहल गांवों तक डिजिटल अवसर पहुंचाकर सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई संभावनाएं सृजित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में ई-ऑफिस, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), बीसी सखी, ग्राम सचिवालय सहित अनेक तकनीक आधारित पहलों के माध्यम से शासन और जनता के बीच की दूरी कम हुई है। इन प्रयासों ने डिजिटल सशक्तिकरण को नई गति दी है और आम नागरिकों तक सेवाओं की पहुंच को आसान बनाया है। प्रोजेक्ट गंगा इसी यात्रा का अगला महत्वपूर्ण चरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 21 जनपदों में प्रारंभ हो रही इस परियोजना को आगे चलकर प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों और लगभग आठ हजार न्याय पंचायतों तक पहुंचाना होगा। इससे लास्ट माइल डिजिटल कनेक्टिविटी की परिकल्पना साकार होगी और गांव स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आठ हजार डिजिटल उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था। प्रोजेक्ट गंगा इस लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार का प्रयास केवल इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह परियोजना युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने हिंदुजा समूह को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 'सीएम युवा' योजना के माध्यम से युवाओं को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है। प्रोजेक्ट गंगा के अंतर्गत चयनित युवा भी इस सुविधा का लाभ उठाकर डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में अपना उद्यम स्थापित कर सकेंगे। चयन और प्रशिक्षण के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना की सफलता प्रशिक्षित और सक्षम डिजिटल सेवा प्रदाताओं पर निर्भर करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि चयनित युवाओं को तकनीकी, प्रबंधकीय और व्यावसायिक दृष्टि से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपने क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का प्रभावी नेटवर्क विकसित कर सकें।

### आउटसोर्स व्यवस्था होगी पारदर्शी और तकनीक-आधारित, योगी ने यूपीकॉस को दिया एकीकृत पोर्टल बनाने का निर्देश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और पारिश्रमिक व्यवस्था को अब एकरूप, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीकॉस) की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आउटसोर्स व्यवस्था को तकनीक-आधारित, जवाबदेह और कर्मचारी-हितैषी बनाया जाए। बैठक में बताया गया कि यूपीकॉस का गठन विभिन्न सरकारी विभागों में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति, सेवा शर्तों, प्रक्रियाओं और मानदेय में एकरूपता लाने के लिए किया गया है। योगी ने कहा कि दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है ताकि कर्मचारियों के हित सुरक्षित रहें और विभागों को सुव्यवस्थित मानव संसाधन मिल सके। मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स कर्मियों से जुड़े एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल के विकास की समीक्षा की और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। पोर्टल के जरिए नियुक्ति, सत्यापन, अनुश्रवण और अन्य प्रक्रियाओं का केंद्रीकृत संचालन होगा। इससे व्यवस्था सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी और कर्मियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण संभव हो। बैठक में आउटसोर्स एजेंसियों के एम्पैनलमेंट पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि एजेंसियों के चयन और संचालन से जुड़े सभी मानक और प्रक्रियाएं स्पष्ट, मानकीकृत और पारदर्शी होनी चाहिए। इसके लिए तैयार की जा रही व्यवस्था को जल्द अंतिम रूप देने को कहा गया ताकि सभी विभागों को एक जैसी सुव्यवस्थित प्रणाली उपलब्ध हो। योगी ने जोर देकर कहा कि आउटसोर्स कर्मी भी सरकारी तंत्र का अहम हिस्सा हैं। उनकी सेवा शर्तों और वेतन में पारदर्शिता लाने से न केवल उनका संरक्षण होगा, बल्कि विभागों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। यूपीकॉस के जरिए बनने वाला यह नया ढांचा आउटसोर्स व्यवस्था में लंबे समय से महसूस की जा रही खामियों को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# पीएमएसएमए के 10 वर्ष पूर्ण, सुरक्षित मातृत्व का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के क्रियान्वयन के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्वर जुबली में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र पर आईं गर्भवती महिलाओं को फल, गुड़ एवं चना वितरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत की गई थी। इसके तहत गर्भावस्था की दूसरी एवं तीसरी तिमाही की महिलाओं की प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व जांच (एएनसी) की जाती है। साथ ही उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) की समय रहते पहचान कर उनका समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाता है।

डॉ. सिंह ने बताया कि प्रारंभ में यह अभियान प्रत्येक माह की 9 तारीख को आयोजित किया जाता था, लेकिन गर्भवती महिलाओं को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब 1, 9, 16 और 24 तारीख को भी विशेष जांच दिवस आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होना मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस वर्ष अभियान की थीम 'पीएमएसएमए के 10 वर्ष : सुरक्षित गर्भावस्था, स्वस्थ माताएं एवं सशक्त भारत' रखी गई है, जो इसके उद्देश्य को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। पिछले एक दशक में इस अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व जांच, समय पर जोखिमों की पहचान तथा आवश्यक चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात वर्षों में जनपद में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत लगभग 4.54 लाख गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच (एएनसी) की गई। इस दौरान 78,149 उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं (एचआरपी) की पहचान कर उनका समयबद्ध एवं समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। इसी अवधि में 2.31 लाख गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच, 1.88 लाख की ब्लड ग्रुप जांच तथा 1.92 लाख की पेशाब की जांच की गई। इसके अलावा 1.23 लाख गर्भवतियों की जेस्टेशनल डायबिटीज की जांच, लगभग 97 हजार की हेपेटाइटिस जांच तथा करीब 90 हजार महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कराया गया। इन जांचों के माध्यम से गर्भावस्था से जुड़ी संभावित जटिलताओं की समय रहते पहचान कर आवश्यक चिकित्सीय हस्तक्षेप सुनिश्चित किया गया। डॉ. सिंह ने सभी गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों से नियमित प्रसवपूर्व जांच कराने, चिकित्सकीय सलाह का पालन करने तथा संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने की अपील की, ताकि सुरक्षित मातृत्व के लक्ष्य को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी शहरी एवं ग्रामीण सीएचसी, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी पीएमएसएमए दिवस आयोजित किया गया है।

## किशोरियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, निर्देश तथा जिला गौतमबुद्धनगर न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को किशोरियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य किशोरियों को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और न्याय संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराना था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सचिव शिवानी रावत ने आज आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि शिविर में उपस्थित किशोरियों को शिक्षा का अधिकार, मानव तस्करी एवं यौन शोषण के विरुद्ध कानूनी संरक्षण तथा उनसे संबंधित विभिन्न कानूनों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि भारत में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को कक्षा एक से आठ तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार प्राप्त है।

# इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला ने दुर्लभ खगोलीय दृश्य का अवलोकन कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सूर्यास्त के तुरंत पश्चात पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आकाश में एक अद्भुत एवं दुर्लभ खगोलीय घटना देखने को मिली, जब सौरमंडल के दो सर्वाधिक चमकीले ग्रह शुक्र एवं बृहस्पति एक-दूसरे के अत्यंत निकट दिखाई दिए। खगोल विज्ञान में इस घटना को ग्रहीय युति कहा जाता है।

इस दुर्लभ खगोलीय घटना के अवलोकन हेतु इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला, लखनऊ द्वारा नक्षत्रशाला परिसर में दो उच्च क्षमता वाले टेलिस्कोप तथा दो एस्ट्रोफोटोग्राफी स्टेशन स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त, जनसामान्य की सुविधा के दृष्टिगत लेटे हुए हनुमान जी मंदिर, पंचवटी घाट, पक्का पुल, चौक, लखनऊ परिसर में भी दो टेलिस्कोप लगाए गए। बड़ा मंगल होने के कारण श्रद्धालुओं एवं खगोल प्रेमियों की बड़ी संख्या ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नक्षत्रशाला परिसर तथा लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर में हजारों लोगों ने टेलिस्कोप के माध्यम से इस दुर्लभ खगोलीय दृश्य का अवलोकन किया। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नक्षत्रशाला के एस्ट्रोफोटोग्राफर उत्कर्ष मिश्रा, संकल्प मोहन, स्वप्निल रस्तोगी एवं अमृतांशु वाजपेयी द्वारा इस दुर्लभ ग्रह युति की उच्च गुणवत्ता वाली एस्ट्रोफोटोग्राफी की गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के सदस्य दिनेश जोशी, अनुराग अवस्थी, अनुराग सिंह, मोहम्मद अनस, राघवी गुप्ता, अक्षत पाल, दीपशिखा, शुभाषीष पाण्डेय, आशीष शर्मा, आकाश चौधरी, आदित्य कश्यप, सार्थक जायसवाल, अभिषेक, आदर्श, काव्या, अंकित मौर्य, मीनाक्षी पटेल, राहुल सिंघानिया, आयुष सक्सेना, अर्जुन गुप्ता, परमानंद पाण्डेय सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। पृथ्वी से देखने पर शुक्र एवं बृहस्पति ग्रह एक ही दिशा में अत्यंत निकट दिखाई दे रहे थे। निकटतम स्थिति में दोनों ग्रहों के मध्य केवल 1 डिग्री 36 आर्कमिनट (लगभग 1.6 डिग्री) की कोणीय दूरी रह गई थी। लखनऊ में यह दुर्लभ दृश्य सूर्यास्त के लगभग 30 मिनट पश्चात स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा तथा सायं लगभग 7:12 बजे से शुक्र, बृहस्पति एवं बुध ग्रह क्षितिज के ऊपर दृष्टिगोचर होने लगे।

इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला द्वारा यह निःशुल्क जन-अवलोकन कार्यक्रम रात्रि 9:00 बजे तक संचालित किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 01 मार्च 2023 को शुक्र एवं बृहस्पति ग्रहों की एक अत्यंत निकट युति दिखाई दी थी।

## सबसे लंबे समय तक पदभार संभालने वाले प्रधानमंत्री बनेंगे नरेंद्र मोदी, विश्वनाथ धाम में होगा भव्य दीपोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 10 जून एक ऐतिहासिक दिन के रूप में दर्ज होने जा रहा है जब नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार पदभार संभालने वाले प्रधानमंत्री बनकर पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी शाम छह बजे काशी विश्वनाथ धाम में आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वे महाआरती में सहभागिता करने के साथ बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन भी करेंगे। केंद्र में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद संभालने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 10 जून को वाराणसी जिला एवं महानगर में विविध सेवा, स्वच्छता, धार्मिक एवं जनजागरण कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन करेगी। इन कार्यक्रमों का मार्गदर्शन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी करेंगे, जो स्वयं भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में विकास, गरीब कल्याण, बुनियादी ढांचे, सामाजिक सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल क्रांति और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इसी जन-विश्वास और सुशासन के परिणामस्वरूप वे देश के सबसे लंबे समय तक पदभार संभालने वाले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 10 जून को कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 6 बजे विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों, प्रमुख मंदिरों, घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण से होगी। इसके बाद सुबह 8 बजे विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूर्वाह्न 10 बजे से जनसेवा के विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विभिन्न अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों, अनाथालयों और सेवा संस्थानों में फल, दवा, वस्त्र, साबुन एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की जाएगी।

## लाखों बालिकाओं को आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास और डिजिटल साक्षरता से जोड़ा गया

# बदली बेटियों की तस्वीर, बढ़ा सुरक्षा और स्वाभिमान का दायरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित मिशन शक्ति अभियान ने उत्तर प्रदेश में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दी है। आज मिशन शक्ति अभियान सामाजिक परिवर्तन और महिला सशक्तीकरण का प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है।

राज्य सरकार ने महिला सशक्तीकरण की अवधारणा को नई दिशा देते हुए सुरक्षा, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व विकास को एक सूत्र में पिरोया। मिशन शक्ति के माध्यम से प्रदेश की लाखों बेटियों को न केवल सुरक्षित वातावरण मिला, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने, नेतृत्व करने और अपने अधिकारों के प्रति सजग होने के अवसर भी प्राप्त हुए। यही कारण है कि आज उत्तर प्रदेश की बेटियां आत्मविश्वास, स्वाभिमान और सामर्थ्य के साथ नए आयाम स्थापित कर रही हैं तथा मिशन शक्ति महिला सशक्तीकरण के प्रभावी मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश के विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में व्यापक स्तर पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए। 10 लाख से अधिक बालिकाओं को जूडो-कराटे एवं सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन प्रयासों ने छात्राओं को शारीरिक रूप से सक्षम बनाया। उनमें आत्मविश्वास और सुरक्षा बोध भी विकसित किया। महिला सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियानों ने हेल्पलाइन सेवाओं, साइबर सुरक्षा, महिला अधिकारों और कानूनी संरक्षण संबंधी जानकारी को जन-जन तक पहुंचाया। इससे महिलाओं और बालिकाओं में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

नेतृत्व क्षमता को मिला नया आयामउन्होंने बताया कि योगी सरकार ने बालिकाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की। 'एक दिन की अधिकारी' कार्यक्रम के माध्यम से 89 हजार से अधिक बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव कराया गया। विद्यालय, ब्लॉक, तहसील और जिला स्तर पर अधिकारियों की भूमिका निभाकर छात्राओं ने शासन-प्रशासन की कार्य-प्रणाली को समझा और नेतृत्व कौशल विकसित किया। यह पहल बेटियों को सपने देखने की प्रेरणा देने के साथ-साथ उन्हें उन सपनों को साकार करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करती है। जागरूकता से सामाजिक परिवर्तन तकमिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित मीना मंच, मीना दिवस, जनसंवाद, रैलियों और नुक्कड़ नाटकों ने महिला सशक्तीकरण के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया। लाखों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता ने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को सामाजिक विमर्श का महत्वपूर्ण विषय बनाया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध, महिला अधिकार, साइबर सुरक्षा और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता पैदा हुई है।



आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदममिशन शक्ति ने महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया। हजारों बालिकाओं को डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों से जोड़कर आधुनिक तकनीक और आर्थिक प्रबंधन की जानकारी प्रदान की गई। बैंक भ्रमण और वित्तीय जागरूकता कार्यक्रमों ने छात्राओं को बचत, बैंकिंग और आर्थिक निर्णयों की समझ विकसित करने में मदद की। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता से जोड़ने के प्रयासों ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाया है। बदली सामाजिक सोच, बढ़ा बेटियों का सम्मानसरकार के प्रवक्ता ने कहा कि मिशन शक्ति का सबसे बड़ा प्रभाव सामाजिक सोच में आए परिवर्तन के रूप में दिखाई दे रहा है। प्रदेश में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सकारात्मक माहौल विकसित हुआ है। परिवारों और समुदायों में बालिकाओं को लेकर दृष्टिकोण में बदलाव आया है तथा महिलाओं की भागीदारी सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में बढ़ी है। महिला सुरक्षा को लेकर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और मिशन शक्ति जैसे अभियानों ने महिलाओं में विश्वास का वातावरण तैयार किया है। आज प्रदेश की बेटियां शिक्षा, खेल, प्रशासन, विज्ञान और उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहीं हैं।

# आंधी-बारिश ने बिगाड़ी बिजली व्यवस्था 250 गांवों की आपूर्ति घंटों रही ठप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। मंगलवार को आई भीषण आंधी और बारिश ने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। मामपुर, शाढ़ामऊ, कठवारा, कुम्भरावां और इटौंजा विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े करीब 250 गांवों की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई। खंभों और विद्युत लाइनों पर पेड़ गिरने से कई फीडरों में खराबी आ गई, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी।

दोपहर बाद मौसम का मिजाज बिगड़ते ही तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी के कारण कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ विद्युत लाइनों और खंभों पर गिर पड़े। इससे विभिन्न उपकेंद्रों से संचालित होने वाली बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। शाम होते-होते अधिकांश गांव अंधेरे में डूब गए। बिजली न होने से पेयजल संकट भी गहरा गया और लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। गर्मी और



उमस के बीच लंबे समय तक बिजली गुल रहने से ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली।

मौसम साफ होते ही विद्युत विभाग की टीमें मरम्मत कार्य में जुट गईं। कर्मचारियों ने जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से लाइनों पर गिरे पेड़ों को हटाया तथा क्षतिग्रस्त तारों और उपकरणों को दुरुस्त करने का काम शुरू किया। कई फीडरों की

**पेड़ों के गिरने से कई जगह क्षतिग्रस्त हुईं विद्युत लाइनें, पानी और बिजली के लिए परेशान रहे ग्रामीण**

आपूर्ति देर शाम तक बहाल कर दी गई, लेकिन व्यापक नुकसान के कारण अनेक गांवों में देर रात तक बिजली नहीं पहुंच सकी।विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार आंधी और बारिश के चलते कई स्थानों पर लाइनों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल करने के लिए लगातार काम किया गया और शेष गांवों में भी चरणबद्ध तरीके से बिजली चालू कराने के प्रयास जारी रहे। ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए जर्जर लाइनों और पेड़ों की समय रहते छंटाई कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या से बचा जा सके।

# लाखों रुपये की नकली करंसी के साथ तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के उत्तरी जोन अंतर्गत थाना मड़ियांव पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नकली भारतीय करेंसी को बाजार में खपाने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13,95,600 रुपये की नकली भारतीय करेंसी तथा घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद किया है।पुलिस के अनुसार 8 जून 2026 को थाना मड़ियांव पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि घैला पुल के पास खाली मैदान में स्थित टिनशेड के निकट तीन व्यक्ति भारी मात्रा में नकली नोट लेकर किसी ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल



कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 500 रुपये के 1402 नकली नोट (14 गड्डियां) तथा 100 रुपये के 6946 नकली नोट (70 गड्डियां) बरामद हुए। बरामद नकली करेंसी की कुल कीमत 13,95,600 रुपये आंकी गई है।गिरफ्तार अभियुक्तों में आलोक सिंह (21 वर्ष) निवासी थाना जहानागंज, जनपद आजमगढ़, सोनू गोंड उर्फ गोलू (25 वर्ष) निवासी थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ तथा बृजेश विश्वकर्मा (35 वर्ष) निवासी थाना सिधारी, जनपद आजमगढ़ शामिल हैं।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नकली नोटों को असली नोटों में बदलकर बाजार में खपाने का कार्य करते थे तथा इसके बदले कमीशन प्राप्त करते थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी सोनू गोंड उर्फ गोलू के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मुकदमा दर्ज है।पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में अन्य आरोपियों एवं नेटवर्क के संबंध में भी जांच की जा रही है।इस उल्लेखनीय सफलता पर पुलिस उपायुक्त उत्तरी द्वारा गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 10,000 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक शिवानन्द मिश्र, उपनिरीक्षक नितिन कुमार, अखिलेश सिंह, शुभम तिवारी, पुनीत चौधरी, ज्ञानेन्द्र झा, सत्येन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी गौरव कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह, आकाश सिंह, पवन कुमार तथा आरक्षी दिग्विजय यादव, मयंक कुमार, मनजीत सिंह एवं सचिन दुबे शामिल रहे।

## भव्य बड़ा मंगल भंडारा आयोजित



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड़े मंगल के शुभ अवसर पर हजरतगंज स्थित सहारागंज मॉल के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन का संचालन समाजसेवी शुभम शुक्ला एवं महेंद्र बाजपेयी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक संस्था किरण फाउंडेशन सहयोगी की भूमिका निभाई।भंडारे में लगभग हज़ारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और भक्तिभाव का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर अरुण शुक्ला,आशुतोष त्रिपाठी,परियांशु शुक्ला आदि गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।आयोजक शुभम शुक्ला ने बताया कि बड़े मंगल के पावन अवसर पर सेवा एवं जनकल्याण की भावना से इस भंडारे का आयोजन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।आयोजक महेंद्र बाजपेयी ने बताया कि लखनऊ के बड़े मंगल भंडारों की ख्याति पूरी दुनिया में फैली हुई है।हर वर्ष जेठ मास में आयोजित होने वाले बड़े मंगल भंडारों से लखनऊ की गंगा जमुनी सभ्यता का प्रमाण मिलता है।

## भंडारे का आयोजन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ के शांति नगर फरीदपुर इलाके में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने बड़े ही भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। ?सुबह से ही बजरंगबली की विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ भंडारे की शुरुआत हुई। इस अवसर पर भक्तों के लिए छोला-चावल और पूड़ी-सब्जी के लजीज प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी। तपती गर्मी के बीच भंडारे में प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसे स्थानीय सेवादारों ने बेहद अनुशासित और शांतिपूर्ण ढंग से प्रबंधित किया बजरंगबली के आशीर्वाद से हर साल इस भंडारे का आयोजन किया जाता है। हमारा उद्देश्य यही है कि कोई भी राहगीर यहां से भूखा न जाए और सबको प्रभु का आशीर्वाद मिले।?देर शाम तक चले इस भंडारे में सैकड़ों की संख्या में राहगीरों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने सेवादार के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 29 घंटे बाद कठौता झील से मिला शिव प्रसाद का शव

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट स्थित कठौता झील में नहाने के दौरान डूबे सरिया कारीगर शिव प्रसाद का शव करीब 29 घंटे बाद मंगलवार शाम बरामद कर लिया गया। पुलिस और गोताखोरों की टीम ने लगातार चले रेस्क्यू अभियान के बाद झील में जाल डालकर शव को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, गोमतीनगर के वास्तुखंड क्षेत्र निवासी 36 वर्षीय शिव प्रसाद सोमवार को कठौता झील में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए थे और डूब गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय गोताखोरों और प्रशासनिक टीम ने तलाश अभियान शुरू किया था। कई घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन के बावजूद पहले दिन सफलता नहीं मिल सकी। मंगलवार को भी खोज अभियान जारी रखा गया। शाम करीब 4:30 बजे गोताखोरों की टीम ने जाल की मदद से शिव प्रसाद के शव को झील से बाहर निकाला। शव मिलने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में नर्सिंग कर्मी की मौत

लखनऊ, **कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक सड़क हादसे में नर्सिंग कर्मी की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि उन्नाव जिले की रहने वाली साधना (26) लखनऊ के विकल्प अस्पताल में नर्सिंग विभाग में कार्यरत थीं। मंगलवार को शिफ्ट परिवर्तन के उपरांत वह पैदल अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान जॉगर्स चौराहे पर सड़क पार करते समय मौरंग लदी बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली (यूपी 32 एलपी 1910) पलट गई, जिससे नर्सिंग कर्मी के सिर एवं पैरों में गंभीर चोटें आ गईं। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल बाहर निकालकर उपचार के लिए विकल्प अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका का शव अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है।


# घरवालों को कमरों में बंद कर चोरों ने उड़ाए 35 लाख के जेवरात, दो लाख नकदी भी ले गए

**दरियापुर गांव में देर रात वारदात, छत पर सो रही बहू के जागने पर हुआ खुलासा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। महिंगवा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में घुसने के बाद परिवार के सदस्यों को उनके कमरों में बाहर से बंद कर आराम से अलमारी और बक्सों के ताले तोड़ते रहे। चोर करीब 35 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 2.6 लाख रुपये की नकदी समेटकर फरार हो गए। परिवार को घटना की जानकारी तब हुई जब तड़के छत पर सो रही बहू की आंख खुली।

दरियापुर निवासी छोटेलाल ने बताया कि उनका और भतीजे संजय कुमार का संयुक्त परिवार है। मंगलवार रात सभी लोग अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। इसी दौरान चोर मुख्य दरवाजे से घर में दाखिल हुए। उन्होंने पहले घर के कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए ताकि कोई जाग भी जाए तो बाहर न निकल सके। इसके बाद



चोरों ने अलमारी के लॉकर और बक्सों के ताले तोड़कर नकदी और जेवरात समेट लिए।

परिवार की बहू जानकी ने बताया कि सिर में दर्द होने के कारण वह देर रात तक जाग रही थी और छत पर सोई थी। तड़के करीब तीन बजे बारिश शुरू होने पर उसकी आंख खुल गई। नीचे उतरने के लिए जब उसने छत का दरवाजा खोलना चाहा तो वह बंद मिला। पति मनोज की मदद से किसी तरह दरवाजा खोला गया। नीचे पहुंचने पर घर का सामान बिखरा मिला, अलमारी और बक्सों के ताले टूटे पड़े थे, जबकि कई कमरों के दरवाजे बाहर से बंद थे। यह देखकर परिवार के लोगों के होश उड़ गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। सूचना पर डायल-112 और महिंगवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पीड़ित परिवार ने करीब 35 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 2.6 लाख रुपये नकद चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी है।

महिंगवा थाना प्रभारी राधेश्याम मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### घर में जागने की आहट से भागे चोर

परिवार का मानना है कि तड़के बारिश होने के कारण बहू जानकी की आंख खुल गई थी। संभव है कि उसकी आहट सुनकर चोरों को किसी के जागने का अंदेशा हो गया हो, जिसके चलते वे जल्दबाजी में सामान समेटकर फरार हो गए। यदि परिवार के लोग समय रहते जाग जाते तो बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी।

### गांव में दहशत, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

एक ही रात में लाखों रुपये की चोरी की घटना से दरियापुर गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त प्रभावी नहीं है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द खुलासा कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी अनुपालन और व्यापारी हितों पर हुआ मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्य कर विभाग द्वारा मंगलवार को इंदिरा नगर स्थित होटल रोसेल इन में ''व्यापारी संवाद कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों और राज्य कर विभाग के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना, कर संबंधी समस्याओं का समाधान करना तथा जीएसटी अनुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में अपर आयुक्त ग्रेड-1, जोन-2, लखनऊ आर.पी. पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ संयुक्त आयुक्त नीरज सिंह, उपायुक्त सत्येन्द्र सिंह, उपायुक्त भूपेन्द्र सिंह तथा सहायक आयुक्त गौरव कुमार राजपूत भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने अपने संबोधन में व्यापारियों से नियमित रूप से जीएसटी रिटर्न दाखिल करने, जीएसटी पोर्टल पर




मोबाइल नम्बर और ई-मेल आईडी अद्यतन रखने तथा अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने जीएसटी 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित नए प्रावधानों, व्यापारी हितैषी सुधारों और ई-इनवॉइसिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने कराधान से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। विभागीय अधिकारियों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि राज्य कर विभाग व्यापारियों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण तथा सरल, सुगम और पारदर्शी कर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योग प्रतिनिधि और कर सलाहकार उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम के माध्यम से विभाग और व्यापारिक समुदाय के बीच सकारात्मक एवं रचनात्मक चर्चा हुई, जिससे आपसी सहयोग और विश्वास को और मजबूती मिली।

# बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शासन के अन्याय के विरुद्ध जनजातीय स्वाभिमान को नई ऊर्जा और 'उलगुलान' के अमर उद्घोष से भारत के स्वाधीनता संघर्ष को नई दिशा देने वाले 'धरती आबा' का जीवन त्याग, तप और राष्ट्रनिष्ठा से आलोकित है, जो भारत के लिए अमर प्रेरणा है।

योगी ने याद दिलाया कि आदिवासी समुदाय बिरसा मुंडा को 'धरती आबा' यानी धरती के पिता कहता था। उनके चमत्कारी और प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण लोग उन्हें ईश्वर का दूत मानते थे। बिरसा मुंडा ने न केवल बाहरी शोषण का विरोध किया, बल्कि आदिवासी समाज के भीतर व्याप्त कुरीतियों और भ्रम को भी दूर करने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा मुंडा ने बिना आधुनिक हथियारों के, केवल तीर-कमान के सहारे अंग्रेजों का सामना किया। उन्होंने आदिवासियों के प्राकृतिक अधिकारों ऽ जल, जंगल, जमीन ऽ की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनके आंदोलन ने यह संदेश दिया कि प्रकृति से जुड़ा जीवन ही आदिवासी अस्मिता की पहचान है।

बिरसा मुंडा ने समाज सुधारक के रूप में भी अहम भूमिका निभाई। योगी ने कहा कि उन्होंने लोगों को ईसाई मिशनरियों के धर्म परिवर्तन के दबाव से बचाया और आदिवासियों को अपने धर्म, परंपरा और संस्कृति पर गर्व करना सिखाया। उनका मानना था कि सांस्कृतिक पहचान बचेगी तभी समुदाय मजबूत रहेगा।

बिरसा मुंडा ने लगान यानी कर न चुकाने का आंदोलन चलाकर अंग्रेजी सत्ता को सीधी चुनौती दी। उन्होंने आदिवासियों को 'अपना देश, अपना राज' का नारा दिया, जिसने पूरे छोटानागपुर क्षेत्र में स्वाभिमान की लहर पैदा कर दी।

# दुग्ध उत्पादक कंपनियों ने संघीय संरचना का किया समर्थन, लाभान्वित होंगे किसान : मनोज कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) की ओर से उत्तर प्रदेश में एक संघीय दुग्ध उत्पादक कंपनी के गठन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एसटीसी एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने की। इस विचार-विमर्श सत्र में पशुधन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के., मिशन निदेशक यूपीएसआरएलएम दीपा रंजन सहित राज्य की विभिन्न दुग्ध उत्पादक कंपनियों (ख्रघ्एप) एवं डेलॉइट के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के दुग्ध उत्पादन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, प्रसंस्करण क्षमताओं का विस्तार, मूल्य संवर्धित दुग्ध उत्पादों (वीएडीपी) की असीमित संभावनाएं तथा किसानों की आय



में गुणात्मक वृद्धि सुनिश्चित करना रहा। बैठक में यह रेखांकित किया गया कि देश का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक राज्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में संगठित दुग्ध प्रसंस्करण का स्तर अभी भी अपनी पूरी क्षमता से बहुत दूर है। यूपीएसआरएलएम द्वारा प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार, राज्य की पांच दुग्ध उत्पादक कंपनियां वर्तमान में 31 जनपदों एवं 6,493 ग्राम पंचायतों में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जिनसे लगभग 3.81 लाख महिलाएँ सशक्त रूप से जुड़ी हुई हैं। इन कंपनियों का कुल कारोबार लगभग 5,277 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

डेलॉइट की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, केवल तरल दूध के व्यापार की तुलना में, मूल्य संवर्धित दुग्ध उत्पादों के माध्यम से किसानों को न केवल अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है, बल्कि इससे उन्हें संस्थागत स्थिरता भी मिल सकती है। प्रस्तुतीकरण में यह भी बताया गया कि जिन निजी कंपनियों के पोर्टफोलियो में मूल्य संवर्धित दुग्ध उत्पाद (वीएडीपी) शामिल हैं, उनका सकल लाभ एवं उल्लेखनीय रूप से अधिक है, जबकि केवल दूध व्यापार पर आधारित मॉडलों में लाभांश अपेक्षाकृत कम देखा गया। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि संघीय संरचना के माध्यम से प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, विपणन एवं बाजार विस्तार को प्रभावी ढंग से बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

कई दुग्ध उत्पादक कंपनियों ने संघीय संरचना का समर्थन करते हुए इसे किसानों की आय वृद्धि एवं दीर्घकालिक स्थिरता के लिए एक अनिवार्य कदम बताया।

**अमृत 2.0 के तहत 17 महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मिली मंजूरी, लाखों नागरिकों को मिलेगा पेयजल एवं सीवरेज सुविधाओं का लाभ**

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 18वीं एसएचपीएससी की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में अमृत 2.0 के अंतर्गत 18वीं स्टेट हाई पावर स्टीयरिंग कमेटी (एसएचपीएससी) की मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी क्षेत्रों में आधारभूत नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कुल 17 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अनुमोदन प्रदान किया गया। इनमें 4 पेयजल, 10 सीवरेज तथा 3 अमृत सरोवर परियोजनाएं शामिल हैं।

बैठक में अनुमोदित पेयजल परियोजनाओं के अंतर्गत वाराणसी नगर निगम के विस्तारित क्षेत्रों में सिस वरुणा जलापूर्ति योजना (फ़ेज-1, लहरतारा जोन), सिस वरुणा जलापूर्ति योजना (फ़ेज-1, पार्ट-बी, चितपुर जोन), जिला 2बी एवं 2सी की ओल्ड ट्रांस वरुणा जोन जलापूर्ति योजना तथा ओल्ड सिस वरुणा क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था के संवर्धन एवं विस्तार को स्वीकृति प्रदान की गई। इन



परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 1.75 लाख घरों को सुरक्षित एवं नियमित पेयजल कनेक्शन उपलब्ध होंगे। सीवरेज क्षेत्र में वाराणसी नगर निगम के लहरतारा, दीनापुर एवं चितईपुर जोन की सीवरेज योजनाओं के साथ-साथ जोन 2बी एवं 2सी में ट्रांस वरुणा सीवरेज योजना, डिस्ट्रिक्ट-1 (ओल्ड सिस वरुणा) सीवरेज योजना, डिस्ट्रिक्ट-2ए सीवरेज योजना (ओल्ड सिस वरुणा) तथा विस्तारित क्षेत्र लमही जोन में ट्रांस वरुणा सीवरेज योजना (फ़ेज-1, पार्ट-बी) को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से लगभग 3 लाख घरों को सीवरेज कनेक्शन का लाभ प्राप्त होगा।

इसके अतिरिक्त गोरखपुर में गोड़धोइया नाले के चैनलाइजेशन कार्य (फ़ेज-2), आगरा जनपद के धांधुपुरा क्षेत्र में 100 एमएलडी क्षमता के एसबीआर तकनीक आधारित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण तथा मथुरा-वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में वृंदावन स्थित 8.0 एमएलडी यूएएसबी आधारित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के एसबीआर तकनीक में तकनीकी उन्नयन को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में तीन अमृत सरोवर परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई, जिनमें बुलन्दशहर में प्राचीन नागेश्वर मंदिर के निकट स्थित तालाब का विकास, सुलतानपुर जनपद की लम्बुआ नगर पंचायत के तुलसी नगर स्थित मलिन बस्ती के तालाब का विकास तथा बाराबंकी के सैदुआ तालाब का विकास कार्य शामिल है।

मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने कहा कि अमृत 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पेयजल, सीवरेज एवं जल संरक्षण संबंधी आधारभूत ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करेंगी। उन्होंने संबंधित विभागों को परियोजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरुप्रसाद, प्रबंध निदेशक जल निगम (शहरी) रवीन्द्र कुमार सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# देश एवं प्रदेश के विकास की आधारशिला स्वस्थ समाज है: कारागार राज्यमंत्री

## आशा बहुओं से लेकर चिकित्सकों तक का हुआ सम्मान, खैराबाद में स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । केन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं में हुए ऐतिहासिक सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भूभिजा हाल, खैराबाद में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं आशा कार्यकर्त्रियों के सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर चर्चा की तथा जनसेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई।

इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ एवं प्रख्यात चिकित्सक तथा समाजसेवी डॉ. राजकिशोर टंडन एवं प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ0 रेखा गोयल को स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों, एएनएम एवं आशा कार्यकर्त्रियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तियों के कार्यों की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज के स्वस्थ निर्माण में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि देश एवं प्रदेश के विकास की आधारशिला स्वस्थ समाज है और इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा बहुओं एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स ने अपनी जान की परवाह किए बिना दिन-रात कार्य कर मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से मुकाबला करने में भारत की सफलता के पीछे स्वास्थ्य कर्मियों का समर्पण, सेवा भावना और अथक परिश्रम रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ आमजन को मिल रहा है।

# नगर पालिका की अनदेखी से बदहाल सड़कें और फुटपाथ

## अव्यवस्था से आए दिन हादसों का खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महमूदाबाद, सीतापुर । नगर पालिका की अनदेखी और लापरवाही के चलते नगर की मुख्य सड़कों के साथ-साथ वार्डों की गलियां एवं फुटपाथ भी बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। जगह-जगह टूटे मार्ग, गड्ढे और क्षतिग्रस्त फुटपाथ लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आए दिन राहगीर इन सड़कों और फुटपाथों पर गिरकर घायल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा है।नगर के प्रमुख मार्ग रामकुंड चौराहा से सीता स्कूल तक सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य का जिम्मा निर्माण निगम को सौंपा गया था। हालांकि कई महीने बीत जाने के बाद भी यह कार्य पूरा नहीं हो सका है। अधूरे निर्माण के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार इस समस्या से उप जिलाधिकारी डॉ. अंजली सिंह को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई या समाधान सामने नहीं आया है। नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने तथा नगर की सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में बड़े हादसे होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

## संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में 13 केन्द्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 चल रही है। परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से मंगलवार को एसपी सौरभ दीक्षित ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, पुलिस बल की तैनाती, यातायात संचालन, परीक्षा केन्द्रों के आसपास की निगरानी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता एवं परीक्षा संचालन संबंधी समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया और परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को निर्विघ्न सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि परीक्षा के दौरान पूर्ण सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखें तथा प्रत्येक गतिविधि पर निरंतर निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अनुचित साधनों के प्रयोग, अव्यवस्था अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के प्रति तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश उपलब्ध कराने, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन को सुचारु बनाए रखने तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा अवधि के दौरान केन्द्रों पर सतत निगरानी बनाए रखें। एसपी ने बताया कि जनपद पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा एवं पुलिस प्रबंधन व्यवस्था की गई है तथा सम्पूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान सभी व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी जा रही है।इसके अलावा एसपी के निर्देश पर एसपी सिटी और सीओ सिटी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी विभिन्न परिक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## वाहनों के महत्वपूर्ण नंबर लेने के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

शाहजहांपुर। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ने बताया कि निजी वाहनों के पंजीयन के लिए वर्तमान में चल रही सिरीज यूपी27बीवाई 09 जून 2026 को समाप्त हो रही है और नई सिरीज यूपी27बीजेड शुरू की जा रही है। नई निजी वाहन सिरीज यूपी27बीजेड को 10 जून 2026 को प्रातः 10.00 बजे से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने उक्त सिरीज के महत्वपूर्ण व अति महत्वपूर्ण नम्बरों की ऑनलाइन बुकिंग के लिए इस सिरीज को ही सम्बन्धित वेब पोर्टल पर अपलोड किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार फैन्सी अथवा सामान्य पंजीयन नम्बर 10 जून 2026 को प्रातः 10.00 बजे से बुक करा सकते हैं। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को उक्त आदेश का तत्काल अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं।

# सीएचसी हरगांव में निरीक्षण के दौरान मिलीं गंभीर खामियां जिलाधिकारी ने वेतन रोकने और कार्रवाई के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पी0एम0एस0एम0ए0) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उक्त अभियान के अन्तर्गत आयी हुयी गर्भवती महिलाओं से वार्ता करते हुये उनकी टीकाकरण संबंधी पुस्तिका का अवलोकन किया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी से प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत की गयी तैयारियों के विषय में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने ब्लड प्रेशर मशीन का अवलोकन किया, जहां ब्लड प्रेशर मशीन खराब दशा में पायी गयी। गर्भवती महिला की टीकाकरण पुस्तिका देखा, जिसमें महिला का टीकाकरण नही पाया गया तथा वहां के उपकरणों को देखा व चिकित्सकों से वार्ता करते हुये ब्लड प्रेशर मशीन सही न होने पर कड़ी फटकार चिकित्सकों को लगायी। कार्यों में रूचि एवं अन्य कमियां पाये जाने पर एच0ई0ओ0 15 दिन का वेतन एवं अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। साथ ही इस लापरवाही पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिये व अभियान के अन्तर्गत त्वरित चिकित्सकों का 15 दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश संबंधित को दिये। तदोपरान्त जिलाधिकारी ने एक्सरे कक्ष पहुंचकर मशीन को देखा। एक्सरे फिल्म न होने की दशा में पूछे जाने पर कोई सही जवाब नहीं दिया गया तथा एक्सरे किये गये किसी भी मरीज का मोबाइल नम्बर न होने पर संबंधित कर्मचारी पर अनुशासनिक कार्यवाही के साथ अग्रिम आदेशों तक वेतन रोके जाने के निर्देश दिये।

# जिला जज व डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता

लखीमपुर खीरी । कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को जिला जज शिव कुमार सिंह व डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

इस दौरान सीजेएम प्रमोद कुमार यादव, प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश कुमार यादव मौजूद रहे।जिला जज, डीएम-एसपी ने पुरुष और महिला बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ सफाई बनाए रखी जाए। जिला जज ने बंदियों से पूछा कि कोई ऐसा तो नहीं है जिसकी लंबे समय से पेशी ना रही हो रही हो। इस पर बंदियों ने उत्तर दिया कि सभी की पेशी हो रही है।इस दौरान ज़िला जज ने जेल बैरक, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों, महिला बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। भोजन की गुणवत्ता भी परखी। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर देवकांत वर्मा, डिप्टी जेलर धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर, प्रतिभा सिंह सेंगर मौजूद रहे।

# एलईडी वैन से गांव-गांव पहुंचेगा विकास का संदेश जनकल्याण अभियान को मिली रफ्तार

## सीडीओ और विधायक ने दिखाई हरी झंडी, दो वैन को किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 05 जून से 21 जून तक चलाए जा रहे समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान को गति देने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने व्यापक तैयारी की है। इसी क्रम में गुरुवार को दो एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया, जो गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करेंगी।

कार्यक्रम में विधायक सदर योगेश वर्मा एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से वैनों को रवाना किया। इस दौरान विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, जिसके लिए जन-जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। इन एलईडी वैनों के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों का दृश्य-श्रव्य माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वैनों में लगे डिजिटल स्क्रीन के जरिए लोगों को योजनाओं की जानकारी सरल और प्रभावी तरीके से दी जाएगी। अभियान के तहत यह वैन 21 जून तक जिले के सभी विकास खंडों में निर्धारित रूट प्लान के अनुसार भ्रमण करेंगी और सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, हाटों व गांवों में रुककर योजनाओं का प्रसारण करेंगी।सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि वैन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक पात्र लोग सरकारी योजनाओं से जुड़ सकेंगे।

## मदरसा नूर-उल-हुदा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**महमूदाबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मदरसा अरबिया नूर-उल-हुदा,वार्ड नूरपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्रिकेट मैच से हुआ, जिसका उद्घाटन जनाब सिराज अहमद उर्फ राजू क़ुरैशी (सदस्य नगर पालिका) एवं वकील अहमद अंसारी ने किया। वहीं अन्य खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मोहम्मद सलीम और जाबिर अली ने फीता काटकर किया। खेलकूद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की संपूर्ण देखरेख मदरसा के प्रबंधक मुफ्ती जमाल अहमद क़ासमी ने की। वहीं कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी मास्टर मिन्हाज, मौलाना मोहम्मद तल्हा नदवी तथा मास्टर मोहम्मद आरिफ ने निभाई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां छात्रों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दुआ की गई।

## ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगल पर ब्लॉक के मुख्य गेट पर भंडारे का हुआ आयोजन




**कमलापुर, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर से लेकर गांव तक बड़ी ही धूमधाम के साथ जगह-जगह किया जा रहा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया कमलापुर कस्बे के ब्लॉक के मुख्य गेट पर बजरंगबली को प्रसाद चढाकर पूडी सब्जी हलुआ के प्रसाद का वितरण किया गया ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी व खंड विकास अधिकारी सहित समस्त स्टाफ ने भंडारे में सहयोग किया समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान मौजूद रहे क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस शुभ अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी खंड विकास अधिकारी राकेश श्रीवास्तव समस्त सचिव व प्रधान मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों में कार्यकाल खत्म होने से पहले हुए भारी भुगतान जांच के घेरे में

## सीडीओ अभिषेक कुमार ने कसा शिकंजा, 05 लाख के चबूतरा निर्माण पर संदेह, सीडीओ ने दिए तकनीकी जांच के आदेश, ग्राम पंचायत अधिकारी को नोटिस, रोका वेतन

## मई माह के भारी भुगतान जांच के घेरे में, सीडीओ अभिषेक कुमार की रडार पर कई पंचायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । ग्राम प्रधानों के कार्यकाल समाप्त होने से ठीक पहले हुए पंचायतों के भारी-भरकम भुगतान अब जांच के घेरे में हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने मई माह के भुगतान की समीक्षा के बाद कई ग्राम पंचायतों को रडार पर ले लिया है। इसी कड़ी में उन्होंने ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मनिकापुर में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पोल खोल दी।

निरीक्षण के दौरान गांव की हालत देखकर सीडीओ खुद सख्त नजर आए। जगह-जगह फैली गंदगी, बदहाल जल निकासी व्यवस्था और महीनों से निष्क्रिय पड़ी पाइपलाइन ने विकास कार्यों की हकीकत बयां कर दी। टंकी कनेक्शन न मिलने पर संबंधित विभाग को कड़ी फटकार भी लगाई गई। इसी बीच करीब पांच लाख रुपये की लागत से बने चबूतरे पर भी सवाल खड़े हो गए। कार्य की गुणवत्ता और वास्तविकता पर संदेह जताते हुए सीडीओ ने तकनीकी टीम से पुनः माप और जांच कराने के निर्देश दिए। दो दिन में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी हिमांशु वाजपेई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, साथ ही जांच पूरी होने तक उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। यदि अनियमितता सिद्ध होती है तो निलंबन तय माना जा रहा है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि पंचायतों में हुए कार्यों और भुगतानों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा। सरकारी धन के दुरुपयोग और गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ईसानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुर में तेंदुए के हमले घायल शुभम की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने ईसानगर से खमरिया आने वाले मार्ग को किया जाम, पुलिस मौके पर



लखीमपुर खीरी। के ईसानगर क्षेत्र में रविवार को एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। ईसानगर-खमरिया मार्ग पर बाघ के हमले में करीब 8 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में भय, शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के अनुसार, बाघ की मौजूदगी की सूचना पिछले कई दिनों से वन विभाग को दी जा रही थी, लेकिन समय रहते प्रभावी और ठोस कदम नहीं उठाए गए। इसी लापरवाही का परिणाम आज एक मासूम की जान के रूप में सामने आया है।घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और वन विभाग व प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लगातार चेतावनी के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई।मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मांग की है कि जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लें। उनका कहना है कि जब तक जिलाधिकारी मौके पर नहीं आएंगे, तब तक पंचनामा की कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी।ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा, क्षेत्र में तत्काल सुरक्षा इंतजाम, बाघ को पकड़ने के लिए विशेष अभियान तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन लोगों में भारी रोष बना हुआ है।

## डीएम ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण, सकुशल सम्पन्न कराने के दिए निर्देश



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 लिखित परीक्षा जनपद में 13 केंद्रों पर चल रही है। मंगलवार को डीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने प्रथम पाली में राजकीय इंटर कॉलेज खिरनीबाग परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने कंट्रोल रूम से संचालित सीसीटीवी कैमरों और परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित को निर्देश दिए कि परीक्षा नकलविहीन, निष्पक्ष सकुशल संपन्न कराई जाए। परिक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सीसीटीवी कैमरों से निरंतर निगरानी की जाए। कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में शाहजहांपुर ने प्रदेश में हासिल की 4वीं रैंक

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जनपद शाहजहांपुर ने प्रदेश स्तर पर 4वीं रैंक प्राप्त की है। मई 2026 की जारी रैंकिंग में जनपद शाहजहांपुर को 127/140 अंक प्राप्त हुए हैं तथा जनपद का प्राप्तांक प्रतिशत 90.71 दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया था कि आईजीआरएस पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। जिससे आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित हो सके। डीएम की नियमित मॉनिटरिंग एवं शिकायतों के फीडबैक की समीक्षा के कारण जनपद ने यह सफलता प्राप्त की है। डीएम ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर कार्य करते हुए जनपद को शीर्ष स्थान दिलाने के लिए प्रयासरत रहने के निर्देश दिए हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की सांठ गांठ से सील अस्पताल हो रहा संचालित, उठे बड़े सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ स्थानीय लोगों का आरोप है कि सील किया गया अस्पताल पुनः कैसे खुल गया है

सहसवान, बदायूँ। अवैध अस्पतालों और जच्चा-बच्चा केंद्रों के खिलाफ चलाए जा रहे प्रशासनिक अभियान के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कुछ समय पूर्व स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन द्वारा सील किया गया सेवा अस्पताल दोबारा संचालित होता दिखाई देने से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, उपजिलाधिकारी केनिरेंदेश पर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर सेवा अस्पताल को सील कर दिया था।

उस समय अधिकारियों ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने का दावा भी किया था। हालांकि, अब स्थानीय लोगों का आरोप है कि सील किया गया अस्पताल पुनः खुल गया है और वहां मरीजों का उपचार किया जा रहा है। अस्पताल के दोबारा संचालन को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल में गंभीर कमियां पाई गई थीं और उसी आधार पर उसे सील किया गया था, तो निर्धारित कानूनी प्रक्रिया और उच्चाधि कारियों की अनुमति के बिना उसका संचालन दोबारा कैसे शुरू हो गया। इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग की कथित मिलीभगत को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों औरसंबंधित पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी, तो अवैध अस्पतालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लग जाएगा। हालांकि, इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। विभागीय प्रतिक्रिया मिलने पर समाचार को अद्यतन किया जाएगा।

## आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

बदायूँ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के दूसरे दिन जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकरव्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महात्मा गांधी पालिका इंटरकॉलेज, उझानी सहित अन्य निर्धारित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भर्ती परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।परीक्षा केंद्रों के बाहर एवं आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनी रहे। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता के संबंध में बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें उसके लिए जन जागरूकता पर हुआ मंथन

सम्भल, बहजोई। केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में विशेष जनसम्पर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के निजी चिकित्सालयों के चिकित्सकों के साथ संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने केन्द्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनपद में संचालित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन की सभी योजनाओं से अपने अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए अनुरोध किया ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि जनपद में केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत अधिक सुधार हुआ है। उन्होंने जनपद से होकर गुजर रहे गंगा एक्सप्रेसवे से सम्भल को मिलने वाले आर्थिक एवं सामाजिक लाभों पर भी प्रकाश डाला।

संवाद के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा हुई। चिकित्सकों से अपेक्षा की गई कि वे ट्रॉमा केयर एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव एवं सहयोग प्रदान करें। ट्रॉमा सेंटर की आवश्यकता एवं उसकी उपयोगिता पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निजी चिकित्सकों को जनपद में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर चिकित्सा अवसंरचना विकसित होने से आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने पर बल दिया तथा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत प्रत्येक चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, उनके परिवारजनों एवं रोगियों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने की अपील की।

बैठक में आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के सफल आयोजन पर भी चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने योग एवं आयुर्वेद को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सभी संबंधित पक्षों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। स्टेट इम्युनाइजेशन अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु लगाए जा रहे एचपीवी (ह्यूमन) वैक्सीन के महत्व एवं उसके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के सहयोग से इस संबंध में व्यापक जनजागरूकता उत्पन्न की जा सकती है। उन्होंने बताया कि जनपद की पीएचसी एवं सीएचसी पर एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध है तथा पात्र बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है।

# सीएचसी खैराबाद में 40 टीबी मरीजों को वितरित की गईं पोषण पोटलियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार तथा उपचार अवधि के दौरान आवश्यक पोषण सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खैराबाद में पीएसआई इंडिया के सहयोग से 40 पोषण पोटलियों का वितरण किया गया।आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक (एमओआईसी) डॉ. राहिल फरीद, जिला पीपीएम समन्वयक (डीपीपीएमसी) आशीष कुमार दीक्षित, एसटीएस साकेत मिश्रा तथा पीएसआई इंडिया की ओर से प्रतिभा मिश्रा, विवेक कुमार और अरविंद वर्मा उपस्थित रहे।इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उचित पोषण से मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और उपचार के बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। पोषण पोटलियों के माध्यम से मरीजों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार आने में सहायता मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान मरीजों को नियमित रूप से दवाएं लेने, पौष्टिक भोजन करने तथा चिकित्सकों के निर्देशानुसार पूरा उपचार लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सा उपचार के साथ-साथ पोषण सहायता भी अत्यंत आवश्यक है।पोषण पोटलियों के वितरण पर लाभार्थी मरीजों ने खुशी जताते हुए इसे उपचार के दौरान मिलने वाली महत्वपूर्ण सहायता बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने में सहयोग प्रदान करना है।

# डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

❒ जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हो रही है परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की जा रही उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, देदौर इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, यातायात व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर 08, 09 व 10 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबंध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2783 अभ्यर्थी उपस्थित व 961 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2804 अभ्यर्थी उपस्थित व 940 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 7488 अभ्यर्थियों में से 5587 अभ्यर्थी उपस्थित व 1901 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज परीक्षा के द्वितीय सत्र में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बहजोई स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उल्लेखनीय है कि उक्त लिखित परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने हीरादेवी तोताराम कन्या इण्टर कॉलेज बहजोई एवं इण्टरमीडिएट कॉलेज बहजोई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, अभ्यर्थियों की प्रवेश एवं चेकिंग व्यवस्था, तथा परीक्षार्थियों के लिए पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गर्मी के दृष्टिगत परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गीतकार डॉ. उर्मिलेश को पूरे वर्ष भर किया जायेगा याद

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के गौरव एवं राष्ट्रीय गीतकार कवि डॉ. उर्मिलेश के 75वें जन्म जयंती वर्ष को ''डॉ. उर्मिलेश अमृत महोत्सव'' के रूप में वर्षभर विविध आयोजनों के माध्यम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसकी शुरुआत आगामी 6 जुलाई को उनके जन्मस्थान इस्लामनगर (ननिहाल) में आयोजित भव्य कवि सम्मेलन से होगी। यह निर्णय डॉ. उर्मिलेश जनचेतना समिति की ओर से बदायूं क्लब सभागार में आयोजित बैठक में लिया गया, जिसमें साहित्य, संस्कृति और समाजसेवा से जुड़े अनेक लोगों ने भाग लेकर वर्षभर के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। समिति के सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने बताया कि डॉ. उर्मिलेश के व्यक्तित्व केसाहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक पक्षों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जन्मदिवस पर इस्लामनगर में आयोजित कवि सम्मेलन का संयोजन हितेन्द्र शंखधार करेंगे। गांव-गांव पहुंचेगी कविता' 'कविता चली गांव की ओर'' अभियान के अंतर्गत उनके पैतृक ग्राम भारती गोवर्धनपुर सहित जिले की सभी तहसीलों में कवि सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। साथ ही युवा प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी।शिक्षा, संस्कृति और समाजसेवा से जुड़े होंगे आयोजन ,अमृत महोत्सव के दौरान विश्वविद्यालय स्तर की काव्य प्रतियोगिताएं, माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए जनपदीय प्रतियोगिताएं, अखिल भारतीय भजन एवं ग़ज़ल संध्या, बदायूं महोत्सव, पर्यावरण जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर। इस अवसर पर वीरेन्द्र धींगड़ा, डॉ. मधु गौतम, डॉ. भास्कर शर्मा, डॉ. शैलेन्द्र कबीर, रवि भूषण पाठक, डॉ. मदनमोहन लाल, दीपक सक्सेना, प्रदीप शर्मा, भारत शर्मा, कुमार आशीष, राहुल चौबे, आलोक पाठक, पंकज शर्मा, नितेश वार्ष्णेय, नितिन गुप्ता, सुशील शर्मा, डॉ. सत्यम मिश्रा, मयंक गुप्ता, आदित्य श्रोत्रिय और इकबाल असलम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महंगाई की आग में जनता को झोंक रही डबल इंजन सरकार : सुरेश सिंह

❒ रसोई गैस पर 29 रुपये की बढ़ोतरी जनविरोधी फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 29 रुपये की बढ़ोतरी पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं सदर विधान सभा के प्रभारी सुरेश सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार आम जनता की जेब पर डाका डालने का काम कर रही है।

पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी और मध्यम वर्गीय परिवारों पर यह नया आर्थिक बोझ पूरी तरह जनविरोधी और असंवेदनशील निर्णय है। श्री सिंह ने कहा कि आखिर सरकार यह बताए कि हर बार महंगाई का बोझ केवल आम जनता पर ही क्यों डाला जाता है? रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, खाद्य पदार्थों से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं तक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार के पास जनता को राहत देने का कोई ठोस रोडमैप दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व यदि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, सोना-चांदी अथवा अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में नाममात्र की भी वृद्धि होती थी, तो भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करते थे। तत्कालीन सरकार को घेरते हुए ऐसा माहौल बनाया जाता था मानो महंगाई ने उनके घरों के चूल्हे ठंडे कर दिए हों। श्री सिंह ने सवाल उठाया कि आज जब पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में एकमुश्त वृद्धि की जा रही है तथा लगातार आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है, तब वे सभी भाजपाई आखिर कहां चले गए हैं जो कभी महंगाई के नाम पर आंदोलन खड़ा कर देते थे? क्या जनता की परेशानी केवल विपक्ष में रहते हुए दिखाई देती थी? क्या सत्ता में आने के बाद महंगाई जनता का नहीं, बल्कि सरकार का मुद्दा बन जाती है?श्री सिंह ने केन्द्र की मोदी एवं उ0प्र0 की योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के दावे और जमीनी हकीकत में भारी अंतर है। एक ओर विकास और जनकल्याण के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, दूसरी ओर महंगाई के माध्यम से आम नागरिकों की कमर तोड़ी जा रही है। रसोई गैस की कीमतों में यह वृद्धि उन करोड़ों परिवारों के लिए सीधा झटका है जो पहले ही बढ़ती महंगाई और घटती क्रयशक्ति से परेशान हैं। श्री सिंह ने मांग की कि रसोई गैस सिलेंडर पर बढ़ाए गए 29 रुपये तत्काल वापस लिए जाएं तथा महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि जनता अब भाषण नहीं, राहत चाहती है और सरकार को जवाब देना होगा कि आखिर कब तक देश की जनता महंगाई की मार सहती रहेगी।

# सरकारी नाला निर्माण में मानकों की उड़ रहीं धज्जियां

❒ पीली ईंटों के इस्तेमाल पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बांकेगंज खीरी। विकास खंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत ग्रांट नंबर-10 में लाखों रुपये की लागत से कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि बांकेगंज-गोला मार्ग स्थित अनीस सरिया-सीमेंट प्रतिष्ठान के सामने बन रहे नाले में निर्धारित मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला निर्माण में गुणवत्ताहीन पीली ईंटों और बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन से बनने वाले इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा, जिसके चलते नाले की मजबूती और टिकाऊपन प्रभावित हो सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर उपयोग की जा रही ईंटों की गुणवत्ता बेहद खराब दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच नहीं कराई गई तो सरकारी धन से बना यह नाला कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त हो सकता है।क्षेत्रीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।अब देखने वाली बात यह होगी कि संबंधित विभाग और पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों की शिकायतों को कितना गंभीरता से लेते हैं और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर क्या कार्रवाई की जाती है।

## कच्ची शराब की 20 लीटर केन के साथ धरा गया तस्कर

**उझानी,बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उझानी कोतवाली पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक रबनीत सिंह, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार एवं शक्ति सिंह के साथ अब्दुल्लागंज चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्लास्टिक की केन में कच्ची शराब लेकर जिरौली गांव की ओर से अब्दुल्लागंज चौराहे की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर अब्दुल्लागंज चौराहे से जिरौली रोड पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजहर अली पुत्र इमाम बख्श निवासी ग्राम बरायम खेड़ा, उझानी बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 20 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रिश्तों को शर्मसार करते हुए कलयुगी बेटे ने माँ पर किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के ग्राम दहेमी में एक कलयुगी बेटे द्वारा अपनी ही मां पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दहेमी निवासी स्नेहलता पत्नी दुर्विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पुत्र गलत संगत में पड़ गया है और अक्सर उनसे शराब पीने के लिए पैसे मांगता रहता है। पैसे न देने पर वह उनके साथ मारपीट करता है। महिला का आरोप है कि आरोपी पुत्र की नजर उनकी जमीन पर है और वह जमीन बेचकर उन्हें बेघर करना चाहता है। पीड़िता के अनुसार, 6 जून की रात आरोपी ने एक बार फिर जमीन बेचने का दबाव बनाया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उन्हें जमीन पर पटक दिया और डंडे से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद महिला ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बहू के आरोपों से मचा ससुराल में हड़कंप, लगाए गंभीर आरोप, थाना दिवस में दी तहरीर

**उझानी,बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** कोतवाली क्षेत्र के सकरी जंगल गांव की एक विवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और जेठ पर दहेज उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना और अभद्रता के गंभीर आरोप लगाते हुए थाना दिवस में शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़िता ने कहा है कि यदि उसके या उसके बच्चों के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए ससुराल पक्ष जिम्मेदार होगा।पीड़िता के अनुसार, विवाह के बाद से ही उसे दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उसका आरोप है कि पति समेत परिवार के अन्य सदस्य उसे मानसिक रूप से परेशान करते हैं, जिससे वह अत्यधिक तनाव में है। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि बीते बुधवार को उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उसकी मर्यादा भंग करने का प्रयास किया गया। उसने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में महिला ने यह भी कहा है कि वह लगातार दबाव और प्रताड़ना का सामना कर रही है तथा उसकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन की ओर से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। नोटः यह आरोप पीड़िता द्वारा लगाए गए हैं।

# डीएम ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

❒ 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा योग सप्ताह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सकुशल संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा की।

बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 पूनम यादव ने अवगत कराया कि जनपद में 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। योग सप्ताह का शुभारंभ 15 जून को प्रातः 6 बजे गुरु गोविंद सिंह उद्यान में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा।उन्होंने बताया कि योग सप्ताह के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें रंगोली, स्लोगन, भाषण, ड्राइंग, निबंध लेखन एवं योगासन प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। डॉ पूनम यादव ने यह भी बताया कि 21 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में प्रातः 6 बजे से सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही, प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को योग शिविर में पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों, विकास खंडों एवं तहसील स्तर पर भी योग शिविर आयोजित कर व्यापक स्तर पर योगाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि योग दिवस के अवसर पर 18003157008 नंबर पर मिस्ड कॉल करने पर व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक प्राप्त होगा, जिसमें योग से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स उपलब्ध कराए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योग दिवस एवं योग सप्ताह के कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित, व्यापक एवं सफल बनाना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक जनसामान्य की सहभागिता हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# घर के पास बंधी बकरी को तेंदुए ने बनाया निवाला, गांव में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिंगाही-खीरी। कोतवाली क्षेत्र के बघैया गांव में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। गांव निवासी राजेन्द्र रजक की घर के पास बंधी बकरी को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार राजेन्द्र रजक की बकरी घर के समीप बंधी हुई थी। रात के समय तेंदुआ उसे उठा ले गया। सुबह जब परिजनों और ग्रामीणों ने बकरी की तलाश शुरू की तो उसका क्षत-विक्षत शव गांव के निकट लालापुरवा क्षेत्र में एक किसान के केले के खेत में पड़ा मिला। शव की स्थिति देखकर ग्रामीणों ने तेंदुए के हमले की आशंका जताई। घटनास्थल के आसपास तेंदुए के पगचिह्न मिलने की भी चर्चा है, जिससे क्षेत्र में उसकी मौजूदगी को लेकर लोगों की चिंता और बढ़ गई है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अब आबादी के बेहद करीब पहुंच चुका है, जिससे बच्चों, महिलाओं और पालतू पशुओं की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने, गश्त कराने तथा तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।इस संबंध में बेलरायां प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र चौधरी ने बताया कि वह अवकाश पर हैं, लेकिन मामले की जानकारी मिलते ही संबंधित वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया है। विभाग द्वारा तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और उसे पकड़ने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों से रात के समय विशेष सतर्कता बरतने, बच्चों को अकेले बाहर न जाने देने तथा खेतों और सुनसान स्थानों पर अकेले न जाने की अपील की है।

# करनैलगंज ब्लॉक के गांवों में बीडीओ,एपीओ व टीईए की छत्रछाया में फर्जी मस्टररोल का खेल

❒ करनैलगंज ब्लॉक के गांवों में मनरेगा में चल रहा फर्जीवाड़ा, जिम्मेदार कुम्भकर्णी नीद में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। मनरेगा में फर्जी मस्टररोल और फर्जी भुगता न के मामले में करनैलगंज ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन एक कहावत गांव में कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उसी तरह करनैलगंज ब्लॉक भी उन ब्लॉकों की तरह मनरेगा कार्यों में फर्जी मास्टर रोल और उनके भुगतान में सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अपनी जड़े जमाने में जुटा हुआ है।

यह है पूरा मामला,हम बात कर रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत सरकार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का कार्य देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि जनपद मुख्यालय से 26 किलो मीटर दूर करनैलगंज ब्लॉ क बीडीओ,एपीओ,टीईए ग्राम प्रधानों और सचिवों के भ्रष्टाचार का अड्?डा बनता जा रहा है।केंद्र सर कार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा के नियमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उसकी गाइडलाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल का सहारा लेकर फर्जी भुक्तान करवाने में लगे हैं। जानकारों की माने तो कड़ाके की धूप और ताप मान तकरीबन 44 डिग्री सेल्सियस जो सुबह से ही शरीर को आग लगादेने वाली रही और सभी लोग अपने अपने घरों में दुबक कर बैठे रहने को मजबूर थे तो ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव भी बाह र निकले के लिए सोचते होंगे। लेकिन इस भीषण गर्मी में भी ग्राम प्रधान और सचिव गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे है।ब्लॉक कर्मचा रियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वारा न्या रा कर रहे है।

### इन गांवों में चल रहा थी फर्जी मस्टर रोल का खेल

काशीपुर, डूडी, अहिरौरा, बेलहारी, नकाहरा आदि गांवो में मनरेगा के मस्टर रोल में चल रहा भ्रष्टाचार यह तो महज एक बानगी है।तमाम अन्य ग्राम पंचा यतों में भी मनरेगा योजना में यही खेल जारी है। गांवों में फर्जी तरीके से मस्टररोल चालू कर ब्लॉक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मनरेगा मज दूर अदृश्य होकर जॉब काडों में अपनी हाजिरी ल गा कर प्रतिदिन तकरीबन एक लाख 31 हजार 813 रुपए केंद्र सरकार को चपत लगा कर भुगता न कराने में लगे हुए हैं।

### ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जा एंगे और शायद करनैलगंज ब्लॉक भी सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा।ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।

### क्या कहते हैं मुख्य विकास अधिकारी

इस बारे में बात करने पर मुख्यविकास अधिकारी ने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई जाएगी।वही ज ब पत्रकारों की टीम ने इन गांवों में जाकर कार्यों का सत्यापन किया तो इक्का दुक्का कार्यों को छो ड़ मजदूर तो मजदूर उस दिन गांव में कहीं कोई काम होता धरातल पर और साइड पर मजदूर नहीं दिखे और फर्जीमस्टर रोल चला रहा था।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन जनपद में सुरक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।यह परीक्षा आठ से दस जून तक जनपद के कुल पंद्रह परीक्षा केंद्रों पर आयो जित की जा रही है।

परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।इसी क्रममें जिलाधिकारी और पुलिस अधी क्षक ने अधिकारियों के साथ फखरुद्दीन अली अ हमद इंटर कॉलेज,थॉमसन इंटर कॉलेज,श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज परीक्षा केंद्र का आक स्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अ धीक्षक ने परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम का अवलोक न करते हुए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, क व रेज एरिया एवं निगरानी व्यवस्था की गहन जांच की।उन्होंने सुनिश्चित किया कि परीक्षा केंद्र की प्र त्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जा सके तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभाव ना न रहे।जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे पूरी सतर्कता, जिम्मेदा री एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्व हन करें। साथ ही परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपा लन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# खिलाड़ियों ने बढ़ाया जनपद का मान,मंडलायुक्त ने किया सम्मानित

❒ बालिकाएं आत्मरक्षा के लिए खेलों से जुड़ें : मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जनपद के वर्ष 2025-26 में ताइक्वांडो महा संघ कोरिया द्वारा ब्लैक बेल्ट की उपाधि प्राप्त 19 बालक एवं 11 बालिका ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मंगलवार को मंडलायुक्त देवीपाटन दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र,आईडी कार्ड, पदक एवं पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मंडलायुक्त ने खिलाड़ियों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसि क विकास का माध्यम हैं,बल्कि अनुशासन,आत्म विश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं।उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को प्रोत्साहि त करते हुए कहा कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा आत्मरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक बनें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने सभी बच्चों की सालो की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा प्रदान किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के परिणाम स्वरूप जनपद के खिलाड़ी ताइक्वांडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं देश स्तर पर गोंडा का नाम रोशन कर रहे हैं।मंडलायुक्त ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनकी भावी योजनाओं एवं लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान गों डा ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव डॉ.प्रत्यूष रा ज ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों एवं एसोसिएशन की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।मंडलायुक्त ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्ध न करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पि त भाव से कार्य करें तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर राष्ट्र और जनपद का गौरव बढ़ाएं तथा सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। ब्लैक बेल्ट उपाधि प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अर्णव सोनी, अथर्व राज सोनी, नैतिक तिवारी,प्रांजल पांडेय, अंकुर आर्या, अनन्या सिंह, मान्या गुप्ता, स्नेह मिश्रा एवं श्रद्धा गुप्ता शामिल रहीं।इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रशि क्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक देवेंद्र शर्मा एवं संदीप चौहान को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अपर आयुक्त मीनू राणा व राजेश कु मार यादव एवं संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कु मार पाण्डेय उपस्थित रहे।

## उत्थान आडिटोरियम में 17 से 20 जून तक सजेंगे प्रदर्शनी पण्डाल समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान

बहराइच । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर 5 से 21 जून, 2026 तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु संचालित समेकित अभियान अन्तर्गत शासन के नीतिगत निर्णयों, जन-केन्द्रित विकास कार्यों एवं लोक-कल्याणकारी उपलब्धियों को समाज के अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने, पात्र लाभार्थियों को शासकीय योजनाओं से आच्छादित करने हेतु कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 17 से 20 जून 2026 तक विकास प्रदर्शनी लगायी जायेगी।यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि 04 दिवसीय प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, चिकित्सा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, बैंक विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, नगर विकास, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगायी जायेगी। श्री धनवंता ने बताया कि प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# युवक की मौत पर फूटा गुस्सा,ग्रामीणों ने सड़क पर शव को रखकर किया सड़क जाम

❒ हाईवे जाम होने के कारण गोंडा से लखनऊ और लखनऊ से गोंडा आ ने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में बीस वर्षीय राहुल कश्यप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से नाराज परिजनों ने मंग लवार देर शाम गोंडा-लखनऊ हाईवे पर शव रख कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्र वाई की मांग की है।

प्रदर्शन सकरौर ग्राम पंचायत के वोटनपुरवा स्थित ब्रह्मचारी स्थान के पास शाम साढ़े पांच बजे से शुरू हुआ। हाईवे जाम होने के कारण गोंडा से लखनऊ और लखनऊ से गोंडा आ ने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिस से यातायात बाधित हो गया है। सूचना मिलते ही करनैलगंज कोतवाल मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि ,परिजन आ रोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पूरे मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े हुए हैं।मृतक राहुल कश्यप के पिता पप्पू कश्यप ने बताया कि उनके बेटे की हत्या की गई है। उन्होंने अपने मौसी के लड़के पंकज पर हत्या का आरोप लगाया।पप्पू कश्यप के अनुसार, पंकज उनके बेटे को सोमवार सुबह 11 बजे घर से बुलाकर ले गया था। पिता ने बताया कि जब उन्होंने बेटे के बारे में पूछा तो उन्हें करनैलगंज रोडवेज बस स्टॉप और फिर रेलवे स्टेशन जाने को कहा गया।रात में उन्हें ब्रह्मचारी स्थान पिपरी के निकट गोंडा-लखनऊ रे ल मार्ग पर राहुल का शव मिला। परिजनों ने मांग की है कि पंकज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं,तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे और हाईवे पर प्रदर्शन जारी र खेंगे।राहुल कश्यप लोहे की दुकान पर वेल्डिंग का काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। कर्नलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि पप्पू कश्यप के बेटे राहुल कश्यप का कल कर नैलगंज के ब्रह्मचारी स्थान पिपरी के निकट गोंडा लखनऊ रेल मार्ग पर इसका शव मिला था। जिसे कब्जे में लेकर परिजनों के सामने ही पंचायत ना मा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को अंतिम संस्कार करने के लिए दी गई थी। लेकिन परिजन अंतिम संस्कार ना करके गोंडा-लखनऊ हाईवे पर ब्रह्म चारी स्थान के पास रखकर के प्रदर्शन कर रहे हैं। इन लोगों की मांग है कि मुकदमा दर्ज किया जाए पुलिस फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है परिजनों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों को कार्रवाई क आश्वासन दिया जा रहा है मौके पर पुलिस फोर्स मौजूद है। वही इस घटना की जानकारी करनैलगंज कोतवाल से लेने की कोशिश की तो उनका फोन नहीं उठा और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# एनीमिया और कुपोषण से बचाव को आज से चलेगा विशेष अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ जनपद में 5.61 लाख बच्चों को विटामिन-ए और आईएफए सिरप देने का लक्ष्य

❒ सप्ताह में दो दिन (बुधवार व शनिवार) बच्चों को पिलाया जाएगा आयरन सिरप

बहराइच । जनपद में आज यानी बुधवार से विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के 5 लाख 61 हजार बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके और वे विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रह सकें। इस बार अभियान में नवाचार करते हुए 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप का भी वितरण किया जाएगा, जिससे एनीमिया की रोकथाम में मदद मिलेगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि बच्चों के शारीरिक विकास और संक्रमण से सुरक्षा के लिए विटामिन-ए बेहद जरूरी है। इसकी नियमित खुराक बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है और उन्हें कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बचपन ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। अभिभावक अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर या आंगनबाड़ी केंद्र पर अवश्य लेकर आएं, ताकि कोई भी बच्चा इस महत्वपूर्ण अभियान से वंचित न रहे।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को 50 मिलीलीटर आईएफए सिरप की बोतल उपलब्ध कराई जाएगी। बोतल पर विशेष ऑटो डिस्पेंसर लगा होगा, जिससे बच्चों को सही मात्रा में सिरप दिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चे को सप्ताह में दो बार, बुधवार और शनिवार को, 1-1 मिलीलीटर आयरन सिरप पिलाना है। अभिभावकों को सिरप के उपयोग, मात्रा और समाप्ति तिथि के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

डॉ. एसके सिंह ने बताया कि विटामिन-ए की कमी से बच्चों को कम रोशनी या रात के समय देखने में कठिनाई हो सकती है। इसके अलावा आंखों में सूखापन, बार-बार दस्त और निमोनिया जैसी समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। वहीं आयरन की कमी से बच्चे सुस्त रहने लगते हैं, उनकी त्वचा और नाखूनों में पीलापन दिखाई देता है, भूख कम लगती है और थोड़ी शारीरिक गतिविधि के बाद ही थकान महसूस होने लगती है। ऐसे बच्चे एनीमिया के शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में आयरन और विटामिन-ए की कमी को दूर कर स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान यदि किसी बच्चे में एनीमिया के गंभीर लक्षण पाए जाते हैं तो उसे आगे की जांच और उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्र पर संदर्भित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के सम्मेलन में संगठन विस्तार पर जोर

❒ हर गांव में तैनात होंगे प्रहरी सेवक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच। संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन में संगठनात्मक विस्तार, नई जिम्मेदारियों के वितरण तथा प्रत्येक गांव में प्रहरी सेवक नियुक्त करने सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं।

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का एक दिवसीय जिला कार्यकर्ता सम्मेलन बंजारी मोड़ स्थित राधा कृष्ण पैलेस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जनपद आगमन पर जिला पदाधिकारियों ने उनका फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता महेंद्र नाथ तिवारी ने उन्हें धार्मिक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने की। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन का लक्ष्य समाज के विभिन्न वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें एक मजबूत मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 54 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जबकि सम्मेलन के दौरान 11 अन्य जिलों में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा भी की गई।

कार्यक्रम में नवनियुक्त कार्यसमिति एवं ब्लॉक समिति के पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें संगठनात्मक दायित्व सौंपे गए। संगठन विस्तार के तहत प्रत्येक गांव में प्रहरी सेवक नियुक्त करने की घोषणा की गई, जो संगठन और आमजन के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करेंगे।

वक्ताओं ने बताया कि सामान्य वर्ग के बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 जुलाई से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास करेंगे। सम्मेलन में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

धौरहरा , खीरी । जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धौरहरा पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक धौरहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 252/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, सारिफ पुत्र बजऊ (22 वर्ष) निवासी मोहल्ला लालापुरवा/सरोजनी नगर, कोतवाली धौरहरा, जिला खीरी को मंगलवार को बसंतापुर मार्ग स्थित ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया।

# ज्येष्ठ माह के छठे मंगलवार पर क्षेत्र में हुआ भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। ज्येष्ठ माह के छठे मंगलवार के अवसर पर नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन एवं भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की।

रायबरेली रोड स्थित हनुमानगढ़ी में ज्ञान प्रकाश जायसवाल द्वारा बड़े बाबा के स्थान पर विशेष पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं बछरावां रोड पर के एक प्रांगण में सभासद अनुपमा पाण्डेय एवं किशू पाण्डेय के सहयोग से भंडारा आयोजित हुआ। इंडियन बैंक के राजेश मिश्रा ने भी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था कराई।

नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सफाई नायकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा सारीपुर गांव कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव के दरवाजे हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया महराजगंज-हैदरगढ़ रोड, इन्हौना रोड, चंदापुर रोड तथा बछरावां मुख्य मार्ग सहित कई स्थानों पर हवन-पूजन और भंडारों का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

सभी कार्यक्रमों में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजनकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, सहयोग और जनसेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं।उधर क्षेत्र के मऊ बाजार में वरिष्ठ व्यवसायी ललित गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान परिसर स्थित शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे दिन क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा तथा विभिन्न धार्मिक आयोजनों में लोगों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली।

# होटलों पर उपयोग हो रहे घरेलू गैस सिलेंडर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रोक के बाद भी होट ल दुकानों और खोमचों में धड़ल्ले से घरेलू गैस सि लेंडर जल रहे हैं। इससे न सिर्फ हादसों को न्योता मिल रहा है,बल्कि नियमों की भी अवहेलना हो र ही है।इतना सब कुछ होने के बाद भी पूर्ति विभाग मौन है।सख्ती तभी दिखाई जाती है, जब कहीं पर कोई हादसा होता है या फिर शासन से आदेश मि लता है।

इसके बाद भी सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। होटलों, दुकानों के अलावा जगह-जगह ठेले पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों के यहाँ घरेलू गैस सिलेंडरों पर पूर्णतया रोक लगी हुई है। शासन ने इसका कड़ाई से पालन कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं।इसी के साथ यह भी आदेश है कि जहाँ भी इस तरह के सिलेंडर मिले, उनके खिलाफ सख्ती से करवाई करने का आदेश है। लेकिन क्षेत्र में कही भी इसका कोई पालन नहीं हो रहा,नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला बैंक ऑफ इंडिया,चौबे चश्मा घर के पास,जेल रोड पर होटलों में,रोडवेज बस स्टैंड के पास एक नामी रे स्टोरेंट में सहित आदि स्थानों पर घरेलू गैस सिलें डरों का दुरुपयोग हो रहा है।इस ओर ना तो कभी संबंधित विभाग के अधिकारियों की नजर जाती है और ना ही कभी कोई धर पकड़ की बात ही साम ने आती है।नतीजा है कि बेखौफ होकर होटल व चाय नाश्ते की दुकान वाले घरेलू गैस का उपयोग कर रहे हैं। जिम्मेदार सिर्फ कागजो में खाना पूर्ति करने में लगे हैं।

# नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अनोखी पहल शहर में लगाई गईं कूड़ा ट्रॉलियां

❒ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने स्ट्रीट वेंडर्स को डस्टबिन देकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद द्वारा पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल एवं सभासदों के नेतृत्व में वृक्षारोपण, स्वच्छता जागरूकता और डस्टबिन वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान नगर पालिका कार्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया, शहर के विभिन्न स्थानों पर कूड़ा निस्तारण के लिए ट्रॉलियां रखवाई गईं तथा गौहनिया चौराहा से रेलवे क्रॉसिंग तक स्ट्रीट वेंडर्स को डस्टबिन वितरित कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका ने शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एक नई पहल शुरू की है। जिन स्थानों पर अधिक मात्रा में कूड़ा डाला जाता है, वहां डस्टबिन के स्थान पर बड़ी ट्रॉलियां रखवाई गई हैंपालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि कई स्थानों पर लोग खुले में कूड़ा फेंक देते हैं, जिसे जानवर इधर-उधर फैला देते हैं और गंदगी फैलती है। ट्रॉलियां रखे जाने से लोग सीधे उनमें कूड़ा डाल सकेंगे, जिससे कचरा बिखरेगा नहीं और शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी।उन्होंने बताया कि ट्रॉली भरने पर पालिका कर्मचारी उसे ट्रैक्टर के माध्यम से निस्तारण स्थल तक ले जाएंगे तथा खाली होने के बाद पुनः उसी स्थान पर स्थापित कर देंगे। वर्तमान में राजा बाग कॉलोनी, मधुबन कॉलोनी, जीजीआईसी के बाहर, दूधिया मंदिर रोड, गीता मंदिर रोड तथा गुरुद्वारा के निकट ट्रॉलियां रखवाई गई हैं।इसके बाद पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, सभासदों एवं पालिका कर्मचारियों के साथ गौहनिया चौराहा से रेलवे क्रॉसिंग तक पहुंचे, जहां स्ट्रीट वेंडर्स को डस्टबिन वितरित कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उनसे अपील की गई कि वे कूड़ा सड़क पर न फेंककर डस्टबिन में ही डालें। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स को डस्टबिन वितरित कर सड़कों पर होने वाली गंदगी को रोकने का अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर सभासद निर्मल सिंह, राशिद हुसैन, राजेंद्र भारती, शिवम श्रीवास्तव, वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, एहतशाम वली खान, सुरेश लोधी, पंकज तिवारी सहित जेई जलकल राजरानी, वरिष्ठ लिपिक अमर किशोर, तारिक हसन खां, पंकज राजपूत, दिनेश कुमार, कमलेश वर्मा, मुकेश कुमार, बृजेश, राजा, इमरान अंसारी, विकास बाबू, विपिन त्यागी, मोहन स्वरूप मोनू मिश्रा, शिवली अहमद आदि मौजूद रहे।

## स्व. अजय खंडेलवाल की स्मृति में फ्रीजर की स्थापना जनसेवा, धर्म और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर । भीषण गर्मी के बीच पूरनपुर नगर में मंगलवार को जनसेवा, धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए पूरनपुर-बंडा चौराहे के निकट उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के महामंत्री रहे स्वर्गीय अजय खंडेलवाल की पावन स्मृति में उनके पुत्र अंकुश खंडेलवाल द्वारा राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था हेतु फ्रीजर स्थापित कराया गया इस सेवा कार्य का शुभारंभ विधि-विधान, मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चना के साथ किया गया उपस्थित लोगों ने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया इसी अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया गया वहीं लक्ष्य कॉलेज के प्रबंधक रवि गुप्ता द्वारा राहगीरों के लिए शीतल जल एवं मीठे शरबत वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया तपती धूप में सफर कर रहे लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया गया उधर विद्युत उपखंड कार्यालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया मंदिर परिसर में पूरे समय भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालु जयकारों के साथ भक्ति में लीन नजर आए इसी क्रम में गुप्ता स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट द्वारा भी सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया पूरनपुर में आयोजित इन कार्यक्रमों ने समाज में सेवा, सहयोग, धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया इस दौरान विधायक बाबूराम पासवान, पीयूष गुप्ता उर्फ सोनू आर्य, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, रवि गुप्ता, हर्ष गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, दीपक बंसल, विजय पाल विक्की, जाहिद खान, बलजीत सिंह खैरा, अमित गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे है।

## सोशल मीडिया पर वायरल होने के चक्कर में पहुंचा हवालात, रेलवे ट्रैक पर वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाहत अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है रेलवे स्टेशन पूरनपुर के रेलवे ट्रैक पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रेल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर रेलवे ट्रैक पर वीडियो बनाने का एक वीडियो वायरल हुआ था मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के आदेश तथा क्षेत्राधिकारी रेलवे द्वितीय लखनऊ के निर्देशन में थाना जीआरपी पीलीभीत एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की जांच के दौरान वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्ति की पहचान शिव सिंह पुत्र स्वर्गीय बाबूराम निवासी ग्राम कढ़ैया थाना घुंघचिहाई तहसील पूरनपुर जनपद पीलीभीत के रूप में हुई पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वीडियो उसने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व रेलवे ट्रैक पर बनाकर सोशल मीडिया पर डाला था इसके बाद जीआरपी एवं आरपीएफ टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 147 और 145 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विपिन कुमार चौकी प्रभारी पूरनपुर, हेड कांस्टेबल परमजीत, कांस्टेबल सचिन कुमार थाना जीआरपी पीलीभीत तथा आरपीएफ पोस्ट पीलीभीत से एएसआई जावेद यार खां और कांस्टेबल योगेश यादव शामिल रहे।रेलवे पुलिस ने लोगों से अपील की है कि रेलवे ट्रैक पर वीडियो बनाना, रील तैयार करना और अनधिकृत रूप से ट्रैक पर जाना न केवल खतरनाक है बल्कि कानूनन अपराध भी है।

## जनहित की आवाज बने भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्रा

❒ केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को सौंपे विकास और शिक्षा से जुड़े तीन महत्वपूर्ण ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। क्षेत्र के विकास, शिक्षा और सामाजिक सुविधाओं को लेकर भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्रा 'अचल' ने केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद को तीन महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपकर जनभावनाओं को मजबूती से उठाया ज्ञापनों में ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत आवश्यकताओं, शिक्षा के विस्तार और सामाजिक-सांस्कृतिक विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया पहले ज्ञापन में ग्राम पंचायत महुआ गुंडे, पिपरा हमीरपुर हरीपुर, चांद्पुर जोगराजपुर, सेहरामऊ उत्तरी, पटिहन, कुरैया खुर्द कला सहित आसपास के गांवों के लोगों की सुविधा हेतु एक दशमा सामुदायिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल के निर्माण की मांग की गई अचलेन्द्र मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार के सार्वजनिक स्थल का अभाव होने से ग्रामीणों को सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है दूसरे ज्ञापन में क्षेत्र के सम्मानित समाजसेवी एवं शिक्षाविद स्वर्गीय कुंवर जितेन्द्र प्रसाद बाबा साहब की स्मृति में एक इंटर कॉलेज की स्थापना कराने की मांग रखी गई। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा बाबा साहब के आदर्शों और सामाजिक योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकेगा ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के नेतृत्व में क्षेत्र में सड़क, पुल और अन्य विकास कार्यों में तेजी आई है इसी क्रम में ग्रामीण जनता की इन महत्वपूर्ण मांगों को भी प्राथमिकता देते हुए आवश्यक स्वीकृति और बजट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया अचलेन्द्र मिश्रा ने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से हजारों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं आर्थिक विकास को नई दिशा प्राप्त होगी उन्होंने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की हैं।

## श्रवण दास कुटी पर एक करोड़ की परियोजना का शिलान्यास

❒ एमएलसी व भाजपा जिलायक्ष ने भूमि पूजन कर किया कार्य का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुड़वार, सुल्तानपुर। क्षेत्र के नीरसहिया गांव स्थित बाबा श्रवण दास कुटी पर पर्यटन विभाग की तरफ से सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ 05 लाख की परियोजना का एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह व भाजपा जिलायक्ष सुशील त्रिपाठी ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

बता दे कि विकास खंड के नीरसहिया गांव में आदि गंगा गोमती नदी के किनारे बाबा श्रवण दास की कुटी स्थित है। जहां पर बाबा बजरंग बली व शनि देव का मंदिर स्थापित है। प्रत्येक मंगलवार को हजारों श्रद्धालु पहुंचकर बाबा का दर्शन करते थे। स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्ययोजना बनवाकर पर्यटन विभाग को सौंपी थी। जिसके तहत एक करोड़ 05 लाख 20 हजार रूपए की ानराशि शासन से उत्तर प्रदेश जलनिगम विभाग नगरीय अयोया को आवंटित हुई है। कार्यदाई संस्था द्वारा श्रवण दास कुटी के सौंदर्यीकरण कार्य शुभारंभ के लिए मंगलवार को एमएलसी व भाजपा जिलायक्ष से शिलान्यास कराया। जेई अजय सिंह ने बताया कि कार्य योजना के अनुसार यात्री शेड, टयलेट ब्लक, बोरिंग समरसेबल, बेंच,सोलर लाइट, आर ओ वाटर कुलर आदि का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उपस्थित लोगों को संबोाित करते हुए एमएलसी ने कहा कि इस स्थल के सौंदर्यीकरण की मांग ग्रामीणों द्वारा रखी गई थी। जिसका शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ किया गया साथ ही कटावा गांव निवासी राम बहादुर सिंह ने गोमती नदी के कटान को रोकने के लिए 900 मीटर बंाा निर्माण की मांग उठाई जिसे एमएलसी ने कार्ययोजना बनवा कर कराने का आश्वासन दिया। भाजपा जिलायक्ष ने कहा कि इसौली विाानसभा में पार्टी का विाायक न होने से विकास कार्य नहीं हो पा रहा था इसलिए पार्टी ने एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है कि जो भी विकास कार्य कराना हो उसकी कार्ययोजना बनवा कर दे शासन से स्वी.ति कराकर कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जाति देखकर विकास नहीं करती लेकिन चुनाव के समय जातियों में बंटकर नुकसान कर देते है और पार्टी चुनाव नहीं जीत पाती। आए हुए सभी लोगों का ग्राम प्राान प्रतिनिाि नीर सहिया श्याम नारायण यादव, कटावा रिंकू सिंह आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर ब्लक प्रमुख प्रतिनिाि कुड़वार बबलू सिंह, समाजसेवी श्याम सुंदर सिंह, रामेंद्र सिंह राणा, ब्लक प्रमुख कूरेभार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जय हनुमान ज्ञान गुण सागर,जय कपीस तिहुं लोक उजागर

❒ ज्येष्ठ माह के छठवें बड़े मंगल पर सैकड़ों जगहों पर प्रसाद वितरित किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई, अमेठी। ज्येष्ठ माह के छठवें बड़े मंगल पर क्षेत्र में सैकड़ों जगहों पर प्रसाद वितरण किया गया। श्रीराम चरित मानस,हनुमान चालीसा और सुंदर काण्ड पाठ से वातावरण भक्तिमय नजर आया और कई जगहों पर कन्याभोज भी आयोजित किया गया। छठवां बड़ा मंगल होने के कारण भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद का लुत्फ़ उठाया।

तहसील तिलोई क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिष्ठान देव ऑटो फ्यूल्स पर सुंदर काण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया जिसका शुभारम्भ करते हुये ब्लाक प्रमुख तिलोई के सुपुत्र अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में एक नया संदेश देते हैं और हम सबको इन आयोजनों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिये।तिलोई विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री श्रुति अवस्थी द्वारा हनुमान गढ़ी तिलोई में आयोजित सुंदर काण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।गांव महेशपुर में भाजपा मण्डल सिंहपुर के उपाध्यक्ष कुलदीप मिश्रा के आवास पर श्रीराम चरित मानस पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव चिलौली में आलोक शुक्ला द्वारा बड़े मंगल पर भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों के साथ ही राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।गांव रामपुर टेढ़ई में बड़े मंगल पर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया।सिंहपुर गांव में अमर यादव के द्वारा विशाल भण्डारा में प्रसाद के रूप में छोला चावल वितरित किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, प्रधान संघ सिंहपुर के अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, कौशलेंद्र सिंह, शिव शरण मिश्रा,सत्येंद्र तिवारी, ओंकार पाण्डेय, राम किशोर त्रिवेदी, श्याम बहादुर सिंह, संजय मिश्रा, कार्तिकेय शुक्ला, गौरव श्रीवास्तव,राम चन्द्र पाण्डेय, सुशील कुमार श्रीवास्तव,इंद्र प्रकाश शर्मा,अभिनव श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, रत्नेश विश्वकर्मा, आकाश चंद्र वर्मा,राकेश यादव सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। पुलिस अधीक्षक ने उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके के सकुशल सम्पन्न कराने के उददेश्य से परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा जनपद में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती 2026 परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा परीक्षा के द्वितीय दिवस मंगलवार को परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज शाहगढ़ मुंशीगंज, गांधी इण्टर कालेज कोरारी मुशींगंज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज मुसाफिरखाना का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी लेकर एवं एचएचएमडी (हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से स्कैन करने के बाद ही केन्द्र के अन्दर प्रवेश देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।केन्द्र के बाहर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अनावश्यक भीड़ जमा न होने, सड़क के किनारे खड़े वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराने एवं यायाताय सुचारु रूप से संचालित कराने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में निगरानी हेतु तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा केन्द्रों को बारीकी से निगरानी करते हुये निर्देशित किया गया।

### सभासद न की सीएचसी में ईएनटी डॉक्टर नियुक्ति की मांग, डीएम को लिखा पत्र

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 20 के सभासद नादिर रजा बरकाती ने जिलाधिकारी पीलीभीत को पत्र भेजकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की है।सभासद ने पत्र में कहा है कि सीएचसी पूरनपुर में ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर न होने से क्षेत्र के मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाक, कान और गले से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को मजबूरन पीलीभीत जिला अस्पताल या बरेली जाना पड़ता है। इससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। कई बार समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की स्थिति गंभीर भी हो जाती है।सभासद नादिर रजा बरकाती ने बताया कि पूरनपुर तहसील क्षेत्र की आबादी लाखों में है। सीएचसी पर प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या ईएनटी रोगियों की होती है। जनहित को देखते हुए यहां विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती अति आवश्यक है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि जन स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए शीघ्र ही सीएचसी पूरनपुर में नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। क्षेत्रीय लोगों ने भी सभासद नादिर रजा बरकाती की इस पहल का समर्थन किया है।

### रात के अंधेरे में गायब हुई किशोरी, प्रेमजाल या साजिश? पुलिस ने शुरू की तलाश

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माधोटांडा थाना क्षेत्र में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री को अरविंद कुमार पुत्र धरमाई लाल अपने मौसेरे भाई प्रियान्सु निवासी थाना बरखेड़ा के सहयोग से अपने साथ भगा ले गया परिजनों के अनुसार घटना 6 जून 2026 की रात करीब 11 बजे की है। सुबह जब परिवार की आंख खुली तो किशोरी घर से गायब मिली काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका परिवार का आरोप है कि किशोरी घर में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद, सोने के कुंडल और गले का सोने का पेंडल भी अपने साथ ले गई है घटना के बाद परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल बना हुआ है पीड़िता की मां ने पुलिस से बेटी को सकुशल बरामद करने और आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है वहीं संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ किशोरी की तलाश जारी है।

### एसडीओ मोहित गुप्ता की पहल पर विद्युत उपखंड परिसर में गूंजे हनुमान जी के जयकारे

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत उपखंड कार्यालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन एसडीओ मोहित गुप्ता की पहल पर पहली बार कराया गया, जिसकी क्षेत्र में सराहना हो रही है कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया मंदिर परिसर पूरे समय भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा एसडीओ मोहित गुप्ता ने बताया कि धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोग और विद्युत विभाग के कर्मचारी भी मौजूद विधायक बाबूराम पासवान, पीयूष गुप्ता उर्फ सोनू आर्य, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खंण्डेलवाल, विजय पाल विक्की, जाहिद खान, संदीप खंडेलवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे है।

### महिला अस्पताल का रास्ता बना मुसीबत, गड्ढों और जलभराव से हर दिन जूझ रहे लोग

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीओ कार्यालय और महिला अस्पताल को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग बदहाली की तस्वीर बन चुका है लंबे समय से सड़क टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है, जबकि जगह-जगह जलभराव और कीचड़ ने राहगीरों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं हालत यह है कि बिना बारिश के भी सड़क पर पानी जमा रहता है, जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया है सबसे ज्यादा परेशानी महिला अस्पताल आने वाली गर्भवती महिलाओं, मरीजों और उनके तीमारदारों को उठानी पड़ रही है प्रसव पीड़ा में अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं को उखड़ी सड़क और कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिससे खतरा और असुविधा दोनों बढ़ जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सड़क निर्माण और मरम्मत की मांग प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है क्षेत्रवासियों में प्रशासनिक उदासीनता को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है लोगों का कहना है कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं फिलहाल मरीजों और आम नागरिकों को रोजाना परेशानी झेलकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है।

### व्यापारी समस्याओं और जिले के हर थाने में पुलिस-व्यापारी संवाद बैठक को लेकर शैली अग्रवाल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव से मिला और व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद की सभी तहसीलों और थानों में प्रत्येक माह व्यापारी-पुलिस संवाद गोष्ठी आयोजित कराई जाए, ताकि स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल ने कहा कि पुलिस लाइन सभागार में आयोजित होने वाली मासिक बैठकों में दूरदराज क्षेत्रों के व्यापारी दूरी और समयाभाव के कारण शामिल नहीं हो पाते हैं इससे कई महत्वपूर्ण समस्याएं अधिकारियों तक नहीं पहुंच पातीं उन्होंने कहा कि यदि थाने स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित होंगी तो व्यापारियों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा व्यापारियों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत होगा पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने व्यापार मंडल की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जनपद के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी कर प्रत्येक माह व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित करने के आदेश दिए व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे व्यापारी हित में महत्वपूर्ण कदम बताया ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष अलाउद्दीन अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री, फराज शाह खान, श्याम बाबू सर्राफ, रचित अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, दीपक गुप्ता और मोइन खान सहित कई व्यापारी मौजूद रहे है।

### माता जी की प्रतिमा में आग लगने के मामले में मुकदमा दर्ज

**कुड़वार सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** विवादित स्थल पर रखी हुई दुर्गा माता प्रतिमा में आगजनी के मामले में पुलिस ने उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरुकर दी है। बता दे कि स्थानीय थाना क्षेत्र के बहरमरपुर गांव में आबादी की जमीन कब्जेदारी को लेकर विवाद है।बीते वर्ष उसी को लेकर एक पक्ष ने पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया था तो मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन बल प्रयोग करते हुए सभी को हटा दिया था और मामला दो समुदाय का होने के चलते पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी थी।समय बीतने के बाद भी उस स्थल पर दिन में दो होम गार्ड के जवान तैनात रहते थे। सोमवार को देर शाम विवादित स्थल पर रखी माता जी की प्रतिमा में आग लग गई।आग की सूचना पर पहुंची पुलिस से हिंदू पक्ष के लोगों ने मुस्लिम पक्ष पर आगजनी का आरोप लगाया।मौके पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की जांच में किसी भी ऐसे व्यक्ति के माता जी के प्रतिमा के पास जाने की पुष्टि नहीं हुई जिन लोगों पर हिंदू पक्ष आरोप लगा रहा था।मौके की नजाकत को भांपते हुए प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने मूर्तिकार को बुलाकर प्रतिमा की मरम्मत कराई और नई चुनरी पहनाकर माता जी को सुसज्जित कराया।देर रात सीओ सिटी सौरभ सामंत व एसडीएम सदर उत्तम तिवारी भी मौके पर पहुंचे।जहां दोनो अिकारयों ने निरीक्षण कर आरोपों की जांच की।सीओ सिटी ने बताया कि जांच में तथ्य प्रकाश में आया कि शाम की आरती के बाद रखे हुए दीए के मायम से आग लगी हुई थी।त्वरित स्प्र से मूर्तिकार को बुलाकर मूर्ति को ठीक कराकर नए वस्त्र ाारण करा दिए गए।और मूर्ति को पहले की तरह सुसज्जित करा दिया गया।आगजनी की घटना दुर्घटना ही प्रतीत हो रही है।फिर भी गत वर्ष भंडारे के वक्त हुए वाद विवाद को देखते हुए अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया जा रहा है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### ज्येष्ठ माह के छठवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर हुआ भंडारे का आयोजन

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अाकि मास के छठे मंगलवार को भी जिले भर के मंदिरों में भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया शहर हो या देहात हर जगह चौक चौराहों पर विवाि प्रकार के व्यंजन व शरबत वितरित कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कई स्थानों पर सुंदरकांड के पाठ का भी आयोजन हुआ। बताते चलें जिले के विजेथुआ महावीरन ााम में हजारों श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का आशीर्वाद लिया वहीं शहर के पंचमुखी चौराहे पर्यावरण पार्क मौनी मन्दिर चौक हनुमानगढ़ी पंचरस्ता हनुमानगढ़ी संकट मोचन हनुमान मंदिर रेलवे हनुमान मंदिर करौंदिया विवेक नगर दरियापुर लोको कलोनी पहलवानवीर बाबा लोहरा मऊ ााम आदि स्थलों पर मौजूद बजरंगबली के मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा।यहां फूलमालाओं व प्रसाद भेटकर लोगों ने सुख समृद्धि व कुशलता का आशीर्वाद मांगा।

## सम्पादकीय

# प्रतिरोध के तेवर

मुख्य न्यायाधीश की कॉकरोच वाली टिप्पणी के प्रतिरोध में व्यंग्यात्मक रूप में अस्तित्व में आई कॉकरोच जनता पार्टी ने आखिरकार आभासी दुनिया से निकलकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर दस्तक दे ही दी। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके के दिल्ली पहुंचने और हजारों युवाओं की भागीदारी के बाद शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के साथ प्रदर्शन समाप्त हो गया। सीजेपी का आरोप है कि नीट परीक्षा रद्द होने के बाद कई छात्रों ने आत्महत्या की है। पिछले दिनों सीजेआई द्वारा 'फ्रेक डिग्री वाले युवाओं' की तुलना कॉकरोच से करने के बाद ऑनलाइन व्यंग्यात्मक आंदोलन के जमीन पर उतरने और विपक्षी दलों के समर्थन ने निश्चय ही सरकार की चिंता बढ़ाई है। ऑनलाइन मूवमेंट को लाखों युवाओं का समर्थन मिलने के बाद सरकार ने पहले सख्ती भी दिखायी थी। जंतर-मंतर के प्रदर्शन के बाद अभिजीत दीपके ने सरकार को सात दिन का समय देने की बात कही। साथ ही इसे महज एक ट्रेलर बताया है। उनकी दलील थी कि यह पार्टी योजनाबद्ध नहीं, स्वतःस्फूर्त पार्टी है और सरकार से नाराज हर छात्र की आवाज बनेगी। पार्टी ने देश में युवाओं को रोजगार न मिलने का आरोप भी लगाया। पार्टी का मानना है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था सुधारने में तो नाकाम रही ही है, लेकिन उन परीक्षाओं को भी पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं कर पा रही है, जो देश के लाखों युवाओं का भविष्य तय करते हैं। यह भी कि व्यवस्था की विफलता से लाखों युवाओं के सपने टूटे हैं, जो अब कॉकरोच को प्रतिरोध का प्रतीक बनाकर विरोध जता रहे हैं। राजनीति के पंडित जंतर-मंतर में सीजेपी को प्रदर्शन के लिये अनुमति दिए जाने पर हैरानी जता रहे हैं। उनका मानना है कि पड़ोसी देशों में जेन जी पर हुई सख्ती के बाद उग्र होने वाले आंदोलन सरकार को याद आए हैं, यही वजह है कि उसने कुछ उदारता बरती है। साथ ही यह भी कोशिश है कि देश के लाखों परिवारों से जुड़ा पेपर लीक का गुस्सा किसी तरह शांत हो जाए। यूं तो विषम आर्थिक परिस्थितियों में बेरोजगारी तो बढ़ी है, साथ ही रोजगार देने वाली व्यवस्था की विफलता देश के युवाओं को अशांत कर रही है। वे अपने भविष्य को लेकर खासे चिंतित हैं। इसीलिए शिक्षा और रोजगार देने वाली व्यवस्था का मुद्दा युवाओं को प्रभावित कर रहा है। विपक्षी राजनीतिक दल आरोप लगा रहे हैं कि यह आंदोलन युवा अशांति,जवाबदेही और असहमति की स्वतंत्रता का प्रतीक बन रहा है। तभी युवाओं ने हेय दृष्टि से देखे जाने वाले जीव कॉकरोच यानी तिलचट्टे को जीवटता के प्रतीक के रूप में परिभाषित किया है। यह बताने की कोशिश कि मुश्किल हालात में भी वे अपनी बात को रखते रहेंगे। युवाओं का मानना है कि पार्टी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अंकुश लगाना डिजिटल लोकतंत्र के प्रतीक के उपयोग को नियंत्रित करने का प्रयास है। युवाओं की मांग है कि स्वस्थ लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त असहमति को शांतिपूर्ण ढंग से स्वीकार किया जाए। कहा जा रहा है कि कॉकरोच आंदोलन ने लोकतंत्र के सभी हितधारकों मसलन राजनीतिक वर्ग, नौकरशाही, न्यायपालिका तथा मीडिया को आत्मनिरीक्षण का मौका दिया है।

> सीजेपी का आरोप है कि नीट परीक्षा रद्द होने के बाद कई छात्रों ने आत्महत्या की है। पिछले दिनों सीजेआई द्वारा 'फ्रेक डिग्री वाले युवाओं' की तुलना कॉकरोच से करने के बाद ऑनलाइन व्यंग्यात्मक आंदोलन के जमीन पर उतरने और विपक्षी दलों के समर्थन ने निश्चय ही सरकार की चिंता बढ़ाई है। ऑनलाइन मूवमेंट को लाखों युवाओं का समर्थन मिलने के बाद सरकार ने पहले सख्ती भी दिखायी थी।

# 'कॉकरोच जनता पार्टी': लोकतंत्र का व्यंग्य या लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर संकट?

**भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है। किंतु कोई भी अधिकार निरंकुश नहीं होता। लोकतंत्र में विरोध का उद्देश्य समाधान की खोज होना चाहिए, न कि अराजकता का विस्तार। यदि विरोध का स्वर केवल उपहास, आक्रोश और टकराव तक सीमित रह जाए, तो वह लोकतंत्र को मजबूत करने के बजाय कमजोर करने लगता है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' का नाम ही एक नकारात्मक और व्यंग्यात्मक मानसिकता का परिचायक है। किसी राजनीतिक दल की नकल करते हुए स्वयं को ल्लकॉकरोचल्ल के प्रतीक से जोड़ना लोकतांत्रिक विमर्श को गंभीरता से अधिक तमाशे में बदलने का प्रयास प्रतीत होता है। लोकतंत्र में व्यंग्य का स्थान है, लेकिन व्यंग्य यदि विचार का स्थान ले ले, तो वह जनमत को भ्रमित भी कर सकता है। किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसकी मांगों और कार्यप्रणाली से किया जाता है। सीजेपी की प्रमुख मांगें हैं-परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, पेपर लीक की रोकथाम, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। इनमें से अधिकांश मांगें ऐसी हैं जिन पर देश का हर जिम्मेदार नागरिक सहमत हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मांगों को मनवाने का तरीका भी उतना ही जिम्मेदार है? क्या कॉकरोच के मुखौटे पहनना, राजनीतिक व्यंग्य को आंदोलन का आधार बनाना और सोशल मीडिया पर उत्तेजक अभियानों को बढ़ावा देना शिक्षा सुधार का व्यावहारिक मार्ग है? क्या इससे सरकार, विशेषज्ञों और समाज के बीच सार्थक संवाद स्थापित होगा?**

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल मतदान की व्यवस्था नहीं, बल्कि संवाद, सहमति, असहमति, संवैधानिक मर्यादाओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों का एक सशक्त तंत्र है। लोकतंत्र की शक्ति विरोध में निहित है, लेकिन उसकी गरिमा विरोध की शैली, उद्देश्य और मर्यादा से निर्धारित होती है। हाल के दिनों में चर्चित हुई तथाकथित 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) इसी संदर्भ में गंभीर विमर्श की मांग करती है। यह आंदोलन प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध के नाम पर उभरा। प्रारम्भ में यह सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में सामने आया और बाद में दिल्ली के जंतर-मंतर तक पहुंच गया। इसके समर्थकों ने इसे युवाओं के आक्रोश की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तव में शिक्षा सुधार का आंदोलन है या लोकतांत्रिक असंतोष को व्यंग्य, उपहास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की दिशा में मोड़ने वाला एक नया प्रयोग? भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है। किंतु कोई भी अधिकार निरंकुश नहीं होता। लोकतंत्र में विरोध का उद्देश्य समाधान की खोज होना चाहिए, न कि अराजकता का विस्तार। यदि विरोध का स्वर केवल उपहास, आक्रोश और टकराव तक सीमित रह जाए, तो वह लोकतंत्र को मजबूत करने के बजाय कमजोर करने लगता है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' का नाम ही एक नकारात्मक और व्यंग्यात्मक मानसिकता का परिचायक है। किसी राजनीतिक दल की नकल करते हुए स्वयं को ल्लकॉकरोचल्ल के प्रतीक से जोड़ना लोकतांत्रिक विमर्श को गंभीरता से अधिक तमाशे में बदलने का प्रयास प्रतीत होता है। लोकतंत्र में व्यंग्य का स्थान है, लेकिन व्यंग्य यदि विचार का स्थान ले ले, तो वह जनमत को भ्रमित भी कर सकता है। किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसकी मांगों और कार्यप्रणाली से किया जाता है। सीजेपी की प्रमुख मांगें हैं-परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, पेपर लीक की रोकथाम, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। इनमें से अधिकांश मांगें ऐसी हैं जिन पर देश का हर जिम्मेदार नागरिक सहमत हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मांगों को मनवाने का तरीका भी उतना ही जिम्मेदार है? क्या कॉकरोच के मुखौटे पहनना, राजनीतिक व्यंग्य को आंदोलन का आधार बनाना और सोशल मीडिया पर उत्तेजक अभियानों को बढ़ावा देना शिक्षा सुधार का व्यावहारिक मार्ग है? क्या इससे सरकार, विशेषज्ञों और समाज के बीच सार्थक संवाद स्थापित होगा? इतिहास बताता है कि स्थायी परिवर्तन नारेबाजी से नहीं, बल्कि वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक अनुशासन और रचनात्मक दबाव से आते हैं। भारत की युवा आबादी उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। लेकिन यही शक्ति यदि निराशा, बेरोजगारी और असंतोष से घिर जाए तो विभिन्न राजनीतिक शक्तियों के लिए उपयोग का साधन भी बन सकती है। आज देश का युवा प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार और भविष्य को लेकर चिंतित है। यह चिंता वास्तविक है। लेकिन हर वास्तविक चिंता के साथ एक खतरा भी जुड़ा होता है-उसका राजनीतिक दोहन। जब किसी आंदोलन के पीछे विभिन्न राजनीतिक समूहों, सत्ता-विरोधी संगठनों और वैचारिक एजेंडों की उपस्थिति दिखाई देने लगे, तब यह आशंका स्वाभाविक हो जाती है कि कहीं युवाओं की पीड़ा को राजनीतिक हथियार तो नहीं बनाया जा रहा। यदि छात्र आंदोलन शिक्षा सुधार की जगह सरकार-विरोधी अभियान में बदल जाए, तो सबसे बड़ा नुकसान स्वयं छात्रों का होता है। युवाओं को यह समझना होगा कि वे किसी राजनीतिक प्रयोगशाला के उपकरण नहीं हैं। उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के लिए है, किसी छिपे हुए राजनीतिक एजेंडे के लिए नहीं। सीजेपी के समर्थकों द्वारा कभी-कभी नेपाल, बांग्लादेश अथवा अन्य देशों में हुए युवा आंदोलनों का उल्लेख किया जाता है। ऐसी तुलना न केवल जल्दबाजी है बल्कि भ्रामक भी हो सकती है। भारत की लोकतांत्रिक संरचना, संस्थागत शक्ति, न्यायिक व्यवस्था, मीडिया की स्वतंत्रता और संवैधानिक ढांचा पड़ोसी देशों से भिन्न है। जिन परिस्थितियों में अन्य देशों में जनआंदोलन उभरे, वे परिस्थितियां भारत में मौजूद नहीं हैं। भारत में चुनावी परिवर्तन की सशक्त व्यवस्था है। यहां सरकारें जनमत से बनती और बदलती हैं। इसलिए भारत के युवाओं को विदेशी या पड़ोसी देशों के आंदोलनों की भावनात्मक तुलना के बजाय भारतीय लोकतंत्र की विशेषताओं को समझना चाहिए। हर देश की राजनीतिक परिस्थितियां अलग होती हैं। इसलिए विदेशी उदाहरणों के आधार पर भारत में असंतोष को भड़काना न तो बौद्धिक रूप से उचित है और न ही राष्ट्रीय हित में। आज सोशल मीडिया किसी भी विचार को कुछ ही घंटों में लाखों लोगों तक पहुंचा सकता है। लेकिन यही उसकी सबसे बड़ी चुनौती भी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लोकप्रियता और वैधता एक जैसी चीजें नहीं हैं। कई बार कोई विचार ट्रेंड तो बन जाता है, लेकिन उसके पास न स्पष्ट दृष्टि होती है, न कोई रचनात्मक कार्यक्रम और न कोई उत्तरदायित्व। सोशल मीडिया पर वायरल होना लोकतांत्रिक स्वीकृति का प्रमाण नहीं है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' का तेजी से लोकप्रिय होना इस बात का संकेत अवश्य है कि युवाओं में असंतोष है, लेकिन यह इस बात का प्रमाण नहीं कि आंदोलन का मार्ग सही है। लोकतंत्र में ट्रेंडिंग हैशटैग से अधिक महत्व तथ्यों, नीति और संस्थागत संवाद का होता है। यदि राजनीति केवल मीम, व्यंग्य और डिजिटल आक्रोश तक सीमित हो जाए तो लोकतंत्र धीरे-धीरे विचारशील नागरिकता से हटकर भीड़तंत्र में बदल सकता है। भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। यह लक्ष्य केवल आर्थिक विकास का नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता, संस्थागत विश्वास और राष्ट्रीय एकता का भी है। यदि युवा शक्ति का बड़ा हिस्सा निरंतर अविश्वास, नकारात्मकता और टकराव की राजनीति की ओर आकर्षित होता है, तो यह लक्ष्य प्रभावित हो सकता है। विकास के लिए केवल आलोचना नहीं, बल्कि सहभागिता भी आवश्यक है। युवाओं को सरकार से प्रश्न पूछने चाहिए, लेकिन साथ ही समाधान भी प्रस्तुत करने चाहिए। उन्हें जवाबदेही मांगनी चाहिए, लेकिन संस्थाओं के प्रति सम्मान भी बनाए रखना चाहिए। लोकतंत्र की सफलता विरोध और सहयोग के संतुलन में निहित है। इस पूरे प्रकरण का एक महत्वपूर्ण पक्ष उन राजनीतिक दलों और नेताओं की भूमिका है जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से ऐसे आंदोलनों को समर्थन देते दिखाई देते हैं। यदि कोई राजनीतिक दल वास्तव में शिक्षा सुधार चाहता है तो उसे संसद, विधानसभाओं और नीति मंचों पर ठोस प्रस्ताव रखने चाहिए। लेकिन यदि छात्र असंतोष को केवल सरकार को घेरने के साधन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, तो यह लोकतंत्र और युवाओं दोनों के साथ अन्याय है। राजनीतिक दलों को स्पष्ट करना चाहिए कि वे शिक्षा सुधार के लिए क्या ठोस कार्यक्रम रखते हैं। केवल विरोध का समर्थन करना पर्याप्त नहीं है। लोकतंत्र में जिम्मेदार विपक्ष का दायित्व विकल्प प्रस्तुत करना भी होता है। परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता, पेपर लीक पर कठोर दंड, रोजगार सृजन, शिक्षा की गुणवत्ता और युवाओं के लिए अवसरों का विस्तार-ये सभी वास्तविक और महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। लेकिन इनका समाधान व्यंग्यात्मक राजनीति या प्रतीकात्मक आक्रोश से नहीं है। समाधान सरकार, न्यायपालिका, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, छात्र संगठनों और समाज के बीच निरंतर संवाद से है। आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं के असंतोष को रचनात्मक ऊर्जा में बदला जाए। भारत का लोकतंत्र विरोध को स्वीकार करता है, लेकिन वह विरोध तभी सार्थक होता है जब वह व्यवस्था को तोड़ने के बजाय सुधारने की दिशा में आगे बढ़े। 'कॉकरोच जनता पार्टी' जैसी प्रवृत्तियां पहली दृष्टि में लोकतांत्रिक व्यंग्य और युवा असंतोष की अभिव्यक्ति लग सकती हैं, लेकिन इनके दूरगामी प्रभावों की गंभीर समीक्षा आवश्यक है। यदि राजनीति उपहास, प्रतीकात्मक आक्रोश और डिजिटल उत्तेजना तक सीमित हो जाएगी, तो लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता प्रभावित होगी। भारत को आज ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो प्रश्न भी पूछें और समाधान भी खोजें। जो विरोध भी करें और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी भी निभाएं। लोकतंत्र की शक्ति संघर्ष में नहीं-संवाद में है, विभाजन में नहीं-समन्वय में है और तात्कालिक उत्तेजना में नहीं-दीर्घकालिक राष्ट्रहित में है। इसलिए समय की मांग है कि युवा, राजनीतिक दल और समाज सभी मिलकर यह विचार करें कि क्या 'कॉकरोच राजनीति' वास्तव में लोकतंत्र को मजबूत करेगी, या फिर वह भारत की लोकतांत्रिक संस्कृति, राजनीतिक मर्यादाओं और विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प के सामने एक नई चुनौती बनकर उभरेगी। यही प्रश्न आज सबसे अधिक प्रासंगिक है। **-ललित गर्ग**

# भारतीय क्रिकेट का नया युग - श्रेयस और वैभव बनेंगे पहचान

**मृत्युंजय दीक्षित**

वर्ष- 2026 भारतीय क्रिकेट में बड़े बदलाव के लिये याद किया जाएगा । आईपीएल -2026 की समाप्ति के बाद भारतीय क्रिकेट टीम में कप्तान से लेकर खिलाड़ियों के चयन तक में व्यापक बदलाव हो गया है। मात्र 15 वर्ष की आयु में ही अपनी बल्लेबाजी से सभी को रोमांचित कर देने वाले आक्रामक युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को को टीम में जगह मिल गई है। वैभव को एशियन गैम्स के साथ आयरलैंड व इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाली टी -20 श्रृंखला के लिए चुना गया है। वैभव ने मात्र 15 वर्ष ओर 71 दिन की आयु में राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान बनाया है। यदि वैभव को आगामी श्रृंखलाओं में खेलने का अवार मिलता है तो वह सचिन तेंदुलकर का 37 वर्ष पुराना रिकार्ड तोड़ देंगे । सचिन ने 16 वर्ष 205 दिन में पाकिस्तान के विरुद्ध 1989 में टीम में पदार्पण किया था। वैभव ने आईपीएल में कई शानदार व यादगार पारियां खेली जिस कारण टीम प्रबंधन उन्हें भविष्य के खिलाड़ी के रूप में देख रहा है। वैभव ने 12 वर्ष की उम्र से ही रणजी ट्राफी में अपना करिश्मा दिखाना आरम्भ कर दिया था । 27 मार्च 2011 को बिहार के समस्तीपुर के ताजपुर में जन्मे वैभव का बल्ला बचपन से ही आग उगलता था। पटना एअरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आशीर्वाद लेने के बाद तो वैभव सोशल मीडिया की भी चर्चा का विषय बन गए थे। पार्थिव पटेल, हरभजन सिंह, मनिंदर सिंह और विजय मेहरा जैसे युवा खिलाड़ी भी कम आयु में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर नाम और यश कमा चुके हैं । एक समय वैभव की तरह खेलने वाले सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ का भी नाम हुआ करता था, उन्हें भी टीम प्रबंधन ने कई अवसर दिए थे किंतु आज वह खेल परिदृश्य से ही बाहर हो चुके हैं। अब वैभव का सामना वास्तविक क्रिकेट से होने जा रहा है, साथ ही विदेशी धरती के मैदान भी अलग होते हैं। अब वैभव को वैश्विक क्रिकेट में अपने आपको साबित करना है। अपने पहले ही आईपीएल- 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए वैभव ने 16 मैचों में 775 रन बनाकर आरेंज कप जीता था और पूरे सीजन में 72 छक्के जड़कर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के एक सीजन में सबसे अधिक छक्कों का रिकार्ड भी तोड़ दिया था । अब देखना है क्या वो ऐसे ही करिश्मे विदेश की धरती पर भी करेंगे ? कुछ लोग वैभव की तुलना अभी से ही सचिन और सहवाग से करने लगे हैं जो अनुचित है और एक उभरती प्रतिभा के ऊपर मानसिक दबाव डालने जैसा है। अभी तो वैभव के कैरियर की शुरुआत भर हो रही है अतःअभी केवल सकारात्मक भाव व सोच के साथ वैभव के खेल का आनंद लेना चाहिए और उसे पूरा अवसर देना चाहिए। वर्ष- 2026 की आगामी श्रृखलाओं के लिए टीम को श्रेयस अय्यर के रूप में नया कप्तान भी मिल गया है जबकि युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाया गया है। ऐसा करके भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि भारतीय टीम में अब केवल उन्हीं खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा जिनका प्रदर्शन लगातार उत्कृष्ट रहेगा। श्रेयस की दमदार वापसी - दिसंबर -2023 से विभिन्न कारणों से बाहर चल रहे श्रेयस की कप्तान के रूप में वापसी किसी आश्चर्य से कम नहीं है।आईपीएल में उनकी नेतृत्व क्षमता व लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते टीम प्रबंधन उनसे प्रभवित हुए बिना नहीं रह सका और अनेक दावेदारों को पछाड़ते हुए श्रेयस कप्तान के रूप में पहली पसंद बनकर उभरे। श्रेयस ने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल का चैंपियन बनाया और उसके बाद पंजाब किंग्स को फाइनल की राह दिखाई थी। श्रेयस ने लगातार दो बार आईपीएल के सफल सत्र खेले और अपने बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया। धैर्य व नेतृत्व का नया चेहरा बकर उभरे श्रेयस ने 914 दिन बाद टीम में वापसी की वह भी कप्तान के रूप में। सरपंच जी नाम से लोकप्रिय श्रेयस की टीम में वापसी प्रेरणादायक है क्योंकि आमतौर पर क्रिकेट अब एक ऐसा खेल बन गया है जहां प्रतिभाओं की कोई कमी नही रह गई है । ऐसे में अगर किसी भारतीय क्रिकेटर के जीवन में इतना उतार - चढ़ाव, संघर्ष के बाद सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है तो वह श्रेयस अय्यर ही हैं। जब कभी उन्हें किसी कारणवश टीम से अंदर -बाहर किया गया तब वह सोशल मीडिया से दूर रहे और किसी भी प्रकार की बयानबाजी नहीं की वरन अपने खेल को निखारने में ही लगे रहे जिसका उन्हें सुखद पुरस्कार मिला।

## सेहत मंत्र

# कब्ज दूर करने से लेकर वजन घटाने तक में बेहद फायदेमंद है ब्रोकली

फूलगोभी की तरह नजर आने वाली हरे रंग की गोभी को ब्रोकली कहा जाता है। जो बैंगनी और सफेद रंग की भी होती है। ब्रोकली का ज्यादातर इस्तेमाल सूप और सलाद के तौर पर किया जाता है। दिखने में जितनी अलग होती है ब्रोकली उतनी ही फायदों से भरपूर। कई सारे न्यूट्रीशन से भरपूर है ब्रोकली। आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन इ, विटामिन ए, विटामिन B1, B2, B3, B6, पोटैशियम, मैगनीशियम, जिंक, फास्फोरस जैसे कई एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। जो बॉडी के इम्यून सिस्टम को रखते हैं चुस्त-दुरुस्त। टाइप 2 डायबटीज के मरीजों को अपनी डाइट में ब्रोकली जरूर शामिल करना चाहिए। एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर ब्रोकली बॉडी में ब्लड शुगर लेवल को सामान्य बनाएं रखने में मदद करती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों और प्रेग्नेंट महिलाओं हर किसी के लिए ये बेहद फायदेमंद है। कैल्शियम की मौजूदगी हड्डियों को मजबूत बनाकर ओस्टियोपोरोसिस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम करती है और आयरन एनीमिया की बीमारी से बचाता है। ब्रोकली में पाए जाने वाले फाइटोन्यूट्रिएंट्स बॉडी को डिटॉक्स कर कई रोगों से बचाते हैं। चेहरे पर असमय नजर आने वाली झुर्रियों, फाइन लाइन्स जैसी समस्याओं को दूर करता है। इसका विटामिन सी, कॉपर, जिंक स्किन के ग्लो और टाइटनेस बनाए रखता है। ब्रोकली के एंटीऑक्सिडेंट फ्री रेडिकल्स को नष्ट करके बढती उम्र के लक्षणों को कम करते हैं। प्रेग्नेंसी में ब्रोकली खाना बहुत अच्छा होता है। ब्रोकली में पाए जाने वाला आयरन, फोलेट बच्चे के दिमागी और शारीरिक विकास में मदद करता है। अगर आप अपना वजन जल्द से जल्द कम करना चाहते हैं तो ब्रोकली को बनाएं अपनी डाइट का हिस्सा। ये हाई फाइबर और प्रोटीन से भरपूर है, जिससे बार-बार भूख नहीं लगती। साथ ही कब्ज की परेशानी भी दूर होती है और ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है।

## धर्म मंत्र

# सिद्ध शक्तिपीठ है कामाख्या मंदिर हर तंत्र, हर कामना पूरी होती है यहां

भारत देश रहस्यों से भरा पड़ा है। देश में ऐसे कई रहस्यमयी मंदिर है जिनके आगे विज्ञान तक फ़ेल हो गया है। आज हम आपको भारत के 10 प्रमुख रहस्यमयी मंदिरों में से एक एवं 51 शक्तिपीठों में प्रमुख कामाख्या देवी मंदिर के बारे में आपको बताने जा रहे हैं। असम राज्य की राजधानी दिसपुर के समीप गुवाहाटी से 8 किलोटिर दूर कामाख्या देवी का मंदिर है। यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक प्रमुख मंदिर है। जहां सती देवी का योनि भाग गिरा था। आज भी यहां देवी के मासिक धर्म के कारण 3 दिन तक पानी लाल पड़ जाता है। यहां पर सैकड़ों तांत्रिक अपने एकांतवास से बाहर आते है और अपनी शक्तियों का प्रदर्शन करते है। मंदिर से काफी रहस्य जुड़े हुए है। यहा हर वर्ष अपनी मनोकामना लेकर लाखों की तादात में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते है। काले जादू एवं श्राप से मुक्ति भी यही पर मिलती है। बताया जाता है कि भगवान शिव से क्रोधित होकर सती ने विनाशकारी तांडव नृत्य धारण किया था। सती ने धरती को नष्ट करने की चेतावनी दी थी। क्रोध में आकर भगवान विष्णु ने सती के 51 टुकड़े कर दिए थे। जो पृथ्वी के अलग-अलग भागों में जाकर गिरे। इन्हीं में से सती का योनि भाग यहां गिरा था। यहां पर मंदिर में चट्टान के बीच बनी आकृति देवी की योनि को दर्शाता है। जिसके पास में एक झरना मौजूद है। योनि भाग से जल धार हल्की बहती रहती है। श्रद्धालुओं की मानें तो इस जल का पान करने से हर प्रकार के रोग एवं बीमारी दूर होती है।

## पर्यटन



# सोलो ट्रिप के साथ ही वीकेंड का समय है काफी बिनसर की खूबसूरती को करीब से निहारने के लिए

खूबसूरत हिमालय के बीचों-बीच बसे उत्तराखंड के बिनसर को घूमने के लिए किसी संगी-साथी का जरूरत नहीं। इसमें कोई शक नहीं कि दोस्तों के साथ ट्रिप का मजा दोगुना हो जाता है लेकिन कुछ जगहें ऐसी होती हैं जिन्हें अकेले एक्सप्लोर करने का आनंद ही कुछ और होता है। बिनसर की गिनती आप उन चुनिंदा जगहों में कर सकते हैं। नैनीताल से महज कुछ किलोमीटर आगे बढ़ते ही अल्पाइन और रोडोडेंड्रोन के पेड़ों को देखकर ऐसा लगेगा जैसे ये किसी के स्वागत में खड़े हैं। 11वीं सदी से लेकर 17वीं शताब्दी तक बिनसर चंद राजाओं का गढ़ हुआ करता था। बिनसर का आकर्षण है कि यहां से केदारनाथ, नंदाकोट, त्रिशूल, नंदा देवी और पंचोली चोटियों को देखा जा सकता है। तो अगर आपने अकेले घूमने के लिए बिनसर जाने का प्लान कर लिया है तो वीकेंड काफी है यहां की हर एक जगह को इत्मीनान से घूमने के लिए। बिनसर आने वालों की सबसे ज्यादा भीड़ जीरो प्वाइंट पर ही देखने को मिलती है। जहां तक पहुंचने के लिए आपको 2 किमी की ट्रैकिंग करनी पड़ती है लेकिन उस प्वाइंट पर पहुंचने के बाद जो नज़ारा देखने को मिलता है उसे शब्दों में बयां कर पाना मुमकिन नहीं। यहां से केदारनाथ, नंदा देवी और त्रिशूल की ऊंची और खूबसूरत चोटियों को निहारा जा सकता है। बिनसर वाइल्डलाइफ सेंचुरी से 4 किमी की दूरी पर बना है गोलू देवता मंदिर, जो कुमाऊं के पूजनीय देवता है। मंदिर में जो खास देखने को मिलता है वो है ये कि यहां लोग भगवान को मिठाई नहीं बल्कि पीतल की घंटियां चढ़ाते हैं। लोग अपनी मनोकामनाओं को एक कागज पर लिखकर घंटी पर चिपकाकर यहां बांधते हैं। ये अनोखी परंपरा काफी समय से यहां चली आ रही है। ओक, पाइन और रोडोडेंड्रोन के घने जंगल लैपर्ड, हिमालयन बियर, जंगली बिल्लियों, लोमड़ी के साथ ही लगभग 200 प्रकार के पक्षियों का घर हैं। जानवरों के अलावा कई तरह के पेड़-पौधे भी इस जगह को बनाते हैं खास। फैमिली, फ्रेंड्स किसी के भी साथ यहां आकर कर सकते हैं एन्जॉय।

# लाखों की योजना पर उठे सवाल

## मंदिर सज गया, सरोवर सूख गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिले के विकास खंड बनीकोडर क्षेत्र की ग्राम पंचायत फतेहगंज और मूसेपुर में लाखों रुपये की लागत से विकसित किए गए अमृत सरोवर इन दिनों अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहे हैं। जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार और पशु-पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए सरोवर भीषण गर्मी की मार के आगे पूरी तरह सूख गए हैं। हालत यह है कि जिन जलाशयों को गांवों की पहचान और जल संरक्षण का मॉडल बताया गया था, वहां अब पानी की जगह घास उग आई है और बच्चे खेलते नजर आ रहे हैं।

फतेहगंज स्थित अमृत सरोवर का दृश्य सबसे ज्यादा चौंकाने वाला है। सरोवर के बीच आकर्षक मंदिर और वहां तक पहुंचने के लिए पुल का निर्माण कराया गया है। सामान्य दिनों में यह स्थल आकर्षण का केंद्र होना चाहिए था, लेकिन पानी के अभाव में मंदिर तक जाने वाला मार्ग अब सूखे मैदान के बीच खड़ा दिखाई देता है।





इससे योजना की उपयोगिता और जल संरक्षण के दावों पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों की खुदाई, सुंदरीकरण और अन्य निर्माण कार्य तो कराए गए, लेकिन जल संचयन और पानी को लंबे समय तक संरक्षित रखने की प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई। नतीजा यह रहा कि तापमान बढ़ते ही सरोवर सूख गए और पशु-पक्षियों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो गया। हमारे प्रतिनिधि शुभम अवस्थी ने जब गांव वालों से संपर्क किया तो लोगों का पुरजोर आरोप है कि कार्य पूर्ण होने के बाद तस्वीरें और रिपोर्ट भेजकर योजना को सफल दिखा दिया गया, जबकि जमीनी हकीकत अब सबके सामने है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल संरक्षण की मूल भावना के अनुरूप कार्य किया गया होता तो आज सरोवरों में पानी मौजूद रहता और इसका लाभ ग्रामीणों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी मिलता।

हालांकि फतेहगंज के अमृत सरोवर में पानी भरने के लिए सबमर्सिबल की व्यवस्था भी कराई गई है, लेकिन इसके बावजूद सरोवर पानी नहीं बचा सका। इससे निर्माण कार्यों और रखरखाव व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर सरोवरों में स्थायी जल संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई यह योजना अपने वास्तविक उद्देश्य को पूरा कर सके और आने वाले समय में जल संकट से राहत दिला सके। हमारे प्रतिनिधि फतेहगंज ग्राम पंचायत का अमृत सरोवर, जहां पानी की जगह सूखी तलहटी में खेलते नजर आ रहे बच्चे। सरोवर के बीच बना मंदिर और पुल जल संरक्षण के दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# चौथे बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर पंचायत सिद्धौर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थान पर भंडारों का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और उनके जयकारे लगाए।

नगर पंचायत सिद्धौर के दिनपना चौराहे पर बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक अनुराग वर्मा उप शाखा प्रबंधक आर्यन रवि सिंह पंकज कुमार कैशियर सहित अनीश स्टाफ ने मिलकर बैंक के सामने भंडारे का आयोजन किया जिसमें पूरी सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया मील चौराहा पर गिरजा प्रसाद वर्मा ने स्थानीय लोगों के सहयोग से भंडारे का आयोजन कराया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े मंगलवार के अवसर पर कोठी मदारपुर सैदनपुर कैसरगंज उस्मानपुर में पप्पू रावत के द्वारा विशाल भंडारे अवधेश वर्मा द्वारा भंडारे का आयोजन व कोठी चौराहे सहित अन्य स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए। पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। भक्तों ने हनुमान जी का गुणगान किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

## सहकारी समिति में चोरी पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बा कुर्सी स्थित साधन सहकारी समिति में चोरी का मामला सामने आया है। समिति सचिव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि अज्ञात बदमाश कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखी तिजोरी उठा ले गए। अगले दिन सुबह समिति कर्मी कार्यालय पहुंचे तो मुख्य चैनल तथा अलमारी के ताले टूटे मिले और कार्यालय का सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर समिति सचिव शशिकांत द्विवेदी ने पहुंचे और खोजबीन कराई तो समिति परिसर के पीछे एक खेत में तिजोरी पड़ी मिली। तिजोरी का लॉकर टूटा हुआ था। सचिव के अनुसार तिजोरी में रखी करीब 23 हजार रुपये की नकदी गायब मिली हैं।सचिव ने बताया कि मामले की लिखित सूचना कुर्सी पुलिस को दी गई थी परंतु प्राथमिकी दर्ज न होने पर कप्तान को प्रार्थना पत्र दिया गया है। इस संबंध में कुर्सी थाना प्रभारी निरीक्षक को फोन किया गया परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## चालक एकता दिवस पर होगा केक कटिंग व वृक्षारोपण

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजकीय वाहन चालक महासंघ, उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा बाराबंकी द्वारा आगामी 11 जून 2026 को ऑल इंडिया गवर्नमेंट ड्राइवर फ़ेडरेशन का स्थापना दिवस चालक एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। महासंघ के जिला मंत्री फूलचन्द्र द्वारा जारी सूचना के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा विभाग परिसर स्थित महासंघ कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर केक काटकर स्थापना दिवस मनाने के साथ-साथ वृक्षारोपण भी किया जाएगा। महासंघ ने कार्यक्रम मे भाग लेने की अपील की है।

## बैंक ऑफ़ इंडिया से जुड़ेंगी बीसी सखिया, बढ़ेगी आमदनी



**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिद्धौर ब्लॉक मुख्यालय स्थित चंद्रमौली सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी बीसी सखियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक क्षेत्र की 63 बीसी सखियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिला प्रबंधक वैभव बाजपेयी ने बताया कि अभी तक बीसी सखियां डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन भुगतान का कार्य एयरटेल पेमेंट बैंक के माध्यम से करती थीं। अब उन्हें सीधे बैंक ऑफ इंडिया से जोड़ा जाएगा। इससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और आमदनी में भी इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि सरकार की आजीविका मिशन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ने के बाद बीसी सखियों को ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अधिक आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा। बैठक में ब्लॉक मिशन प्रबंधक सबा फातिमा, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अभिजीत सिंह, बीडीओ प्रतिनिधि राधेश्याम तथा बीसी सखी सुभद्रा, शांति देवी, रंजू कुमारी, परविंदर कौर, सन्नो देवी, सुशीला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्काउट गाइड पदाधिकारी ने की डीएम से भेंट, सम्मान



**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत स्काउट एवं गाइड, जिला संस्था बाराबंकी के जिला मुख्यायुक्त डॉ. रामकुमार गिरि के निर्देशन में संस्था के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट की गई। जिला आयुक्त (स्काउट) दिनेश चंद्र पांडेय तथा जिला मुख्यायुक्त डॉ. रामकुमार गिरि द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर अध्यक्ष ईशान प्रताप सिंह का अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती रश्मि गुप्ता एवं जिला सचिव डॉ. रामू मौर्य द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान व्यक्त किया गया। बैठक के दौरान भारत स्काउट एवं गाइड, जिला संस्था बाराबंकी के जिला आयुक्त दिनेश चंद्र पांडेय जी द्वारा संस्था के कार्यालय का प्रस्ताव रखा गया साथ ही सुदृढ़ीकरण, संस्थागत गतिविधियों के विस्तार, युवा विकास कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन तथा संगठन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

# बालाजी किंगडम क्रिकेट लीग-2026 का शुभारंभ, फाल्कंस ने दर्ज की जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। स्थानीय लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट ग्राउंड पर मंगलवार को किंगडम ऑफ स्पोर्ट्स के तत्वावधान में प्रथम बालाजी किंगडम क्रिकेट लीग-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में बालाजी किंगडम ऑफ स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों को तीन टीमों-बालाजी टाइटंस, बालाजी फाल्कंस और बालाजी पैंथर्स-में विभाजित किया गया है। लीग चरण में प्रत्येक टीम चार-चार मैच खेलेगी।

उद्घाटन मुकाबला बालाजी टाइटंस और बालाजी फाल्कंस के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बालाजी टाइटंस की टीम 35 ओवर में 118 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अनीस चौधरी ने 25, अज़ान जिलानी ने 17 तथा तेजस्व प्रताप सिंह ने 13 रन बनाए। फाल्कंस की ओर से अंश कुमार ने तीन और हेमंत प्रजापति ने दो विकेट हासिल किए।

119 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बालाजी फाल्कंस ने 33.2 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर तीन विकेट से जीत दर्ज की। काव्यांश चौहान ने नाबाद 51 रन की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि अंश कुमार ने 14 रन का योगदान दिया। टाइटंस की ओर से युवी ने तीन और अज़ान जिलानी ने दो विकेट लिए।

मैच के बाद काव्यांश चौहान को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, युवी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा अंश कुमार को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

किंगडम ऑफ स्पोर्ट्स की डायरेक्टर भारती माथुर ने बताया कि लीग का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर बालाजी टाइटंस के कोच जीशान खान, बालाजी फाल्कंस के कोच आदित्य प्रताप सिंह, सौरभ सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा, अवैध खनन पर डीएम सख्त

## अवैध कट बंद करें, रोकें रात्रिकालीन मिट्टी परिवहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं खनन प्रवर्तन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा मानकों के पालन और अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर मौजूद सभी अवैध कटों को विशेष अभियान चलाकर चिन्हित किया जाए और तत्काल बंद कराया जाए। साथ ही संबंधित विभाग नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में ऐसे अवैध कट दोबारा न बन सकें।

उन्होंने हैदरगढ़-सुल्तानपुर मार्ग के दुर्घटना बाहुल्य स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वहां रम्बल स्ट्रिप, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर तथा अन्य सड़क सुरक्षा उपायों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाए। डीएम ने जनपद की प्रमुख सड़कों का सर्वे कर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करने और वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अवैध मिट्टी खनन के मामलों पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को लगातार अभियान चलाकर अवैध खनन पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई के साथ डंपरों की सीलिंग की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर वैध खनन की अनुमति दी जाए, वहां मिट्टी परिवहन के लिए पूर्व निर्धारित मार्ग तय किए जाएं और उन्हीं मार्गों का उपयोग कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में रात्रिकालीन मिट्टी खनन या परिवहन की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को संयुक्त रूप से निगरानी रखने और उल्लंघन मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, सीओ ट्रैफिक आलोक पाठक, एआरटीओ, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, खनन विभाग, पुलिस विभाग तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़े मंगल पर मंदिरों में भक्ति और सेवा का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगल के अवसर पर जिले के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों और भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

शहर के ज्वालामुखी मंदिर परिसर में सोशल मीडिया क्रिएटरों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान चालीसा एवं हनुमान स्तुति के पाठ से हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में मुख्य रूप से नीतू कश्यप के नेतृत्व में अनूप कश्यप, रमाकांत, अमर बहादुर, रेनू, हरिनाम रावत, मोहित कश्यप, विक्कू डांसर, मानवी, रुदौली बाबा, विकास, अनूप चंद्र वर्मा, निखिल और सतीश कुमार सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। मुख्य अतिथि के रूप में लाखन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष लवकेश पासी उपस्थित रहे। इस दौरान सोशल मीडिया क्रिएटर पूजा वर्मा और शैलेंद्र कुमार ने भी भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। बाराबंकी डिपो के सामने स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर में गुड्डू कश्यप द्वारा का आयोजन हुआ। वहीं निंदूरा क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में भी छठे बड़े मंगल पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह सुंदरकांड पाठ के बाद भगवान को पूड़ी-सब्जी का भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। शाम को क्षेत्रवासियों और भक्तों के बीच पानी पुरी का प्रसाद भी बांटा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, आशीष कुमार, आशु गुप्ता, संदीप सोनी सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे। पूरे दिन मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से भक्तिमय बना रहा।



# पांच माह से मानदेय न मिलने से तकनीकी सहायकों पर आर्थिक संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास कार्यों की तकनीकी जिम्मेदारियां संभालने वाले तकनीकी सहायक (टीए) इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। जिले के विभिन्न विकास खंडों में कार्यरत संविदा तकनीकी सहायकों को पिछले पांच माह से मानदेय का भुगतान नहीं मिला है, जिससे उनके सामने परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल होता जा रहा है। लगातार कार्य करने के बावजूद मानदेय न मिलने से कर्मचारियों में गहरी निराशा और असंतोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार जिले के सभी विकास खंडों में लगभग 15 तकनीकी सहायक कार्यरत हैं, जो मनरेगा समेत विभिन्न विकास योजनाओं में तकनीकी निरीक्षण, कार्यों की माप, गुणवत्ता की निगरानी और अभिलेख तैयार करने जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं। इसके बावजूद पिछले पांच माह से उन्हें उनके श्रम का पारिश्रमिक नहीं मिल सका है। प्रतिमाह मात्र 12 हजार रुपये मानदेय पाने वाले इन संविदा कर्मियों के लिए लंबे समय तक भुगतान न होना बड़ी समस्या बन गया है। तकनीकी सहायकों का कहना है कि मानदेय न मिलने के कारण बच्चों की पढ़ाई, घर का राशन, बिजली बिल, दवा-इलाज तथा अन्य आवश्यक खर्चों का प्रबंधन करना कठिन हो गया है। कई कर्मचारी उधार और कर्ज के सहारे परिवार चला रहे हैं। आर्थिक तंगी का असर अब उनके मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर भी दिखाई देने लगा है। कर्मचारियों का कहना है कि वे पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर उनके मानदेय भुगतान को लेकर कोई गंभीर पहल नहीं दिखाई दे रही है।

संविदा कर्मियों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष लंबित मानदेय भुगतान का मुद्दा उठाया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। भुगतान की कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई गई है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। कर्मचारियों का कहना है कि जब परिवार की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन हो जाए तो बिना वेतन के लगातार कार्य करना बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। तकनीकी सहायकों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि उनके पांच माह से लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान कराया जाए, ताकि आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे उनके परिवारों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में तकनीकी सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, इसलिए उनके हितों और अधिकारों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। पांच माह से लंबित मानदेय अब केवल एक प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि दर्जनों परिवारों की आजीविका और सम्मान से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुका है।

# हुजूर, मनरेगा मजदूरों से भी कम मानदेय प्राप्त कर रहे गांव के टॉपर!

## ग्राम पंचायतों की रीढ़ बने पंचायत सहायक, 6000 रुपये मानदेय में जीवन गुजारने को मजबूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ग्रामीण विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाने वाले पंचायत सहायक आज स्वयं आर्थिक तंगी और उपेक्षा का शिकार हैं। विडंबना यह है कि अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के मेधावी और शिक्षित युवा, जिन्होंने प्रतियोगी चयन प्रक्रिया के माध्यम से यह जिम्मेदारी हासिल की, वे आज महज 6000 रुपये मासिक मानदेय पर जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

यदि वास्तविक स्थिति पर नजर डालें तो पंचायत सहायकों की आय कई बार मनरेगा मजदूरों की औसत मासिक आमदनी से भी कम पड़ जाती है। बढ़ती महंगाई के इस दौर में इतने कम मानदेय से परिवार का भरण-पोषण तो दूर, उनकी मूलभूत आवश्यकताएं तक पूरी नहीं हो पा रही हैं। ऐसे में अनेक पंचायत सहायकों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।



विकास खंड बंकी, हरख, दरियाबाद, बनीकोडर, त्रिवेदीगंज समेत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सहायकों का कहना है कि नियुक्ति के समय जो 6000 रुपये मानदेय निर्धारित किया गया था, आज भी वही राशि मिल रही है। जबकि इस दौरान महंगाई कई गुना बढ़ चुकी है। रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर परिवार के खर्च तक पूरे करना कठिन हो गया है। गौरतलब है कि पंचायत सहायकों पर कार्यों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायतों में परिवार रजिस्टर तैयार करना, जन्म-मृत्यु एवं अन्य अभिलेखों का संधारण, विभिन्न सरकारी योजनाओं की डाटा एंट्री, ऑनलाइन पोर्टलों पर सूचनाएं अपलोड करना, विकास कार्यों की रिपोर्टिंग, अभिलेखों का रखरखाव, कार्यालयी कार्यों में सहयोग तथा आमजन की समस्याओं का समाधान जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां उनके कंधों पर हैं। ग्राम पंचायत और ग्रामीण जनता के बीच समन्वय स्थापित करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद सुविधाओं और सम्मानजनक मानदेय के नाम पर उन्हें केवल आश्वासन ही मिलते रहे हैं। पंचायत सहायकों का कहना है कि सरकार की अधिकांश योजनाओं का डिजिटल क्रियान्वयन उन्हीं के माध्यम से होता है, लेकिन उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। वर्षों से पंचायत सहायक अपने मानदेय में वृद्धि और सेवा शर्तों में सुधार की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अब देखना यह है कि ग्रामीण विकास की इस महत्वपूर्ण कड़ी की आवाज शासन-प्रशासन तक कब पहुंचती है और कब उन्हें उनके कार्य के अनुरूप सम्मान तथा उचित पारिश्रमिक मिल पाता है।



'ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकांश डिजिटल और कार्यालयी कार्य पंचायत सहायकों के माध्यम से होते हैं। आम जनता की समस्याओं के समाधान में भी हमारी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, लेकिन हमारे मानदेय में वृद्धि नहीं होना निराशाजनक है।'

**प्रियंका वर्मा**
**पंचायत सहायक, गोतौना, विकास खंड हैदरगढ़**



ग्रामीण विकास योजनाओं को सफल बनाने में पंचायत सहायकों का महत्वपूर्ण योगदान है। हम चाहते हैं कि हमारे कार्य और जिम्मेदारियों के अनुरूप सम्मानजनक मानदेय निर्धारित किया जाए, ताकि हम बेहतर ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।''

**प्रीति विश्वकर्मा**
**पंचायत सहायक, ओहरामऊ, विकास खंड हैदरगढ़**



हम लोग ग्राम पंचायतों में दिनभर सरकारी कार्यों का निष्पादन करते हैं। ऑनलाइन डाटा फीडिंग से लेकर परिवार रजिस्टर और योजनाओं की रिपोर्टिंग तक अनेक जिम्मेदारियां निभाते हैं, लेकिन 6000 रुपये मासिक मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है।

**शिव प्रताप मौर्य**
**पंचायत सहायक, अंसारी, विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी**



नियुक्ति के समय जो मानदेय मिला था, आज भी वही मिल रहा है। महंगाई लगातार बढ़ रही है, जबकि हमारी आय वर्षों से स्थिर है। सरकार को पंचायत सहायकों की स्थिति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।'' इसके अलावा मुझे तो करीब दो वर्षों से मानदेय तक नहीं दिया गया इसके लिए मैने कई बार शिकायत की है ।

**शिवम शुक्ला, पंचायत सहायक, पेचरूवा, विकास खंड हैदरगढ़**

# महिला टी20 कपः किसका दावा कितना मजबूत

एजेंसी



बेंगलुरु। क्या भारत ऐतिहासिक 'डबल' (दो बड़े खिताब एक साथ जीतना) पूरा कर पाएगा? क्या ऑस्ट्रेलिया अपनी खोई हुई जगह वापस पा सकेगा? क्या हमेशा अंतिम पड़ाव पर चूकने वाला दक्षिण अफ्रीका इस बार सुर्खियां बटोरेगा? या कोई कमजोर मानी जाने वाली टीम रोमांचक जीत हासिल करेगी? इंग्लैंड में 12 जून से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के 10वें सत्र में कई रोमांचक संभावनाएं हैं और पीटीआई दावेदारों और उनकी चुनौतियों पर नजर डाल रहा है।

भारतः पिछले साल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप जीतने के बाद भारत टी20 प्रारूप में जीत दर्ज करके शानदार 'डबल' पूरा करने के लिए उत्सुक होगा। ऐसा कारनामा सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही कर पाया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम में ऐसा करने की क्षमता है जैसा कि पिछले छह महीने में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उनकी जीत से साबित हुआ है। लेकिन दक्षिण अफ्रीका (4-1) और इंग्लैंड (2-1) के खिलाफ उनकी सरजमीं पर भारत को हार झेलनी पड़ी। टीम को तेज गेंदबाज ऑलराउंडर अमनजोत कौर की कमी भी खलेगी जो इंग्लैंड की परिस्थितियों में अहम भूमिका निभा सकती थीं। भारतीय टीम को उम्मीद होगी कि बल्लेबाज शुरू से ही लय पकड़ लेंगी और रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ की तेज गेंदबाजी तिकड़ी शानदार स्पेल डाल पाएगी।

स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसी कुछ प्रमुख खिलाड़ियों ने 'द हंड्रेड' और 'किया सुपर लीग' में खेला है और वह अनुभव काम आएगा।

ऑस्ट्रेलियाः छह बार की चैंपियन टीम को एलिसा हीली के संन्यास के बाद सोफी मोलिन्यू के रूप में नई कप्तान मिली है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की असली ताकत उनकी जानी-पहचानी और भरोसेमंद कोर टीम है जिसमें एलिस पेरी, ताहलिया मैक्ग्रा, एशले गार्डनर, मेगन शूट, एलेना किंग और बेथ मूनी शामिल हैं। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन के आने से टीम और मजबूत हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 2017 के बाद पहली बार बिना किसी ट्रॉफी के आईसीसी प्रतियोगिता में उतर रही है और वे निश्चित रूप से इस स्थिति को बदलना चाहेंगे।

न्यूजीलैंडः मौजूदा चैंपियन ऐसी टीम के साथ आ रहे हैं जिसमें अनुभव और युवा जोश का सही मिश्रण है और उन्हें हराना आसान नहीं होगा। न्यूजीलैंड की उम्मीदें मुख्य रूप से सोफी डिवाइन, सूजी बेट्स और लिया ताहुहू पर टिकी होंगी। टीम इस तिकड़ी के लिए खिताब जीतना चाहती है क्योंकि वे इस टूर्नामेंट के बाद इस प्रारूप से अलग हो जाएंगी। टीम को ऑलराउंडर अमेलिया केर से काफी उम्मीदें हैं क्योंकि हाल ही में बल्ले से उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। वह 2024 में फाइनल और टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही थीं। पिछले दो वर्षों में उनकी साख और कौशल में और निखार आया है।

इंग्लैंडः मेजबान टीम नियमित कप्तान नैट स्काइवर ब्रंट की फिटनेस पर नजर रखेगी जो भारत के खिलाफ हालिया श्रृंखला में नहीं खेल पाई थीं। उम्मीद है कि वह टूर्नामेंट के लिए फिट हो जाएंगी। लेकिन चार्ली डीन की कप्तानी में इंग्लैंड ने उस श्रृंखला में साबित कर दिया कि वे स्काइवर ब्रंट के बिना भी जीत सकते हैं। टीम ने 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-1 से जीत हासिल की थी। टीम के पास एलिस कैपसी, सोफी एक्लेस्टोन, लिंडसे स्मिथ, फ्रेया केम्प और अनुभवी खिलाड़ी हीथर नाइट और डैनी वाट-हॉज जैसे बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं।

दक्षिण अफ्रीकाः अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश में दक्षिण अफ्रीका ने अनुभवी तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल को टीम में शामिल किया है लेकिन उनकी असली ताकत नेदिन डि क्लर्क, सुने लूस, क्लो ट्रायोन और डेन वान नीकर्क जैसी खिलाड़ी हैं जो खेल के किसी भी चरण में शानदार प्रदर्शन कर सकती हैं। शांत स्वभाव वाली लॉरा वोलवार्ट की कप्तानी वाले दक्षिण अफ्रीका के पास मारिजेन कैप, अयाबोंगा खाका और एनेरी डर्कसेन के रूप में एक काबिल गेंदबाजी इकाई है। टीम को भारत और ऑस्ट्रेलिया के ग्रुप में जगह मिली है इसलिए सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें हर समय सतर्क रहना होगा।

# जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया उस दिन से लाल गेंद का क्रिकेट ही मेरे लिए सब कुछ रहा हैः मानव सुथार

एजेंसी

मुल्लांपुर। मानव सुथार के लिए टेस्ट प्रारूप क्रिकेट का 'सर्वोच्च' शिखर है और भारत के इस बाएं हाथ के स्पिनर ने बताया कि अपने खेल को बेहतर बनाए रखने के लिए वह आईपीएल 2026 के दौरान भी लाल गेंद से अभ्यास कर रहे थे। तेइस साल के सुथार ने अपने पहले ही टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट चटकाए जिसमें पहली पारी में 33 रन देकर छह विकेट भी शामिल हैं। उनकी शानदार गेंदबाजी से भारत ने एकमात्र टेस्ट में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सुथार ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा, ''जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया और जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ा, लाल गेंद का क्रिकेट ही मेरे लिए सब कुछ रहा है। उन्होंने कहा, ''यह खेल का सर्वोच्च शिखर है इसलिए चाहे मैं अंडर-19 क्रिकेट खेल रहा था या रणजी ट्रॉफी, मेरा लक्ष्य हमेशा भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना ही रहा। (पदार्पण के दौरान मिलने वाली) कैप देते समय कुलदीप (यादव) भाई के शब्द बहुत प्रेरणादायक थे। सभी ने मेरा बहुत हौसला बढ़ाया और प्रेरित किया इसलिए यह वाकई बहुत खास लगा। सुथार ने कहा, ''(मुख्य कोच) गौतम (गंभीर) सर और कप्तान (शुभमन गिल) ने मुझे बताया कि मैं पदार्पण करने जा रहा हूं। यह बेहद गर्व का पल था क्योंकि जब से मैंने खेलना शुरू किया था तब से यह मेरा सपना था, मेरे पिता का सपना था और हर किसी का सपना था कि मैं भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलूं। इस साल आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलने वाले सुथार ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के मौके के लिए तैयार रहना चाहते थे और लीग के दौरान लाल गेंद से अभ्यास करते रहे। उन्होंने कहा, ''जब टीम में मेरा नाम आया तो मैं आईपीएल के दौरान भी लाल गेंद से अभ्यास कर रहा था और सोच रहा था कि अगर मौका मिला तो मैं कैसे खेलूंगा। सुथार ने कहा, ''यहां (मुल्लांपुर) आने के बाद मैंने तीन या चार लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। गेंदबाजी में असली चीज यह नहीं है कि आप कितने घंटे अभ्यास करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलने के कारण सोमालिया का रैफरी विश्व कप में शिरकत नहीं कर पाएगा

**मियामी।** अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलने के कारण सोमालिया के रैफरी उमर अर्टन फीफा विश्व कप में अधिकारी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) विभाग ने सोमवार को बताया कि सोमालिया के एक नागरिक को शनिवार को इस्तांबुल से मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया। इस व्यक्ति को विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभानी थी। हालांकि सीबीपी ने अपने बयान में उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया लेकिन अर्टन विश्व कप में सोमालिया से एकमात्र रैफरी हैं। फीफा ने बाद में सोमवार को पुष्टि की कि अर्टन विश्व कप में ट्रेनिंग और रैफरी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था ने एक बयान में कहा, ''फीफा मेजबान देश की आव्रजन प्रक्रियाओं में शामिल नहीं होता जिसमें वीजा से जुड़े फैसले भी शामिल हैं। अधिकारियों ने हमें बताया है कि अर्टन की स्थिति में अभी कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। बयान के अनुसार, ''फीफा की पिछली प्रतियोगिताओं की तरह मेजबान सरकार ही यह तय करती है कि किसे वीजा मिलेगा और किसे देश में प्रवेश दिया जाएगा। सीबीपी ने बयान जारी कर बताया कि अर्टन को प्रवेश क्यों नहीं दिया गया। सीबीपी ने कहा, ''प्रोसेसिंग के दौरान यात्री की अतिरिक्त जांच की गई। यह सीबीपी की जांच प्रक्रिया का एक सामान्य हिस्सा है जब अधिकारियों को जानकारी का सत्यापन करना होता है या यह तय करना होता है कि किसी को प्रवेश दिया जा सकता है या नहीं। उन्होंने कहा, ''जांच के बाद फीफा विश्व कप के रैफरी को जांच-पड़ताल से जुड़ी चिंताओं के कारण देश में प्रवेश के लिए अयोग्य पाया गया और उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया।

### कोहली से प्रेरित अर्जेंटीना की योगासन स्टार नाबिला स्वदेश में इस खेल के चमकने की उम्मीद कर रही

**अहमदाबाद।** लियोनेल मेस्सी के फुटबॉल के दीवाने देश से हजारों किलोमीटर दूर पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में अर्जेंटीना की एकमात्र खिलाड़ी नाबिला ने एक दिग्गज भारतीय खिलाड़ी से प्रेरणा ली और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। अहमदाबाद में हुई चैंपियनशिप में पांच पदक जीतने वाली नाबिला ने कहा कि भारत के क्रिकेट सुपरस्टार विराट कोहली उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपने देश का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। नाबिला ने कहा, ''वह (कोहली) यहां भारत में एक स्टार हैं और उन्होंने दुनिया भर में हर जगह देश का नाम सुर्खियों में ला दिया है। मैं उनके करियर के बारे में सोचती हूं क्योंकि वह सच में बहुत मेहनती हैं और उन्होंने आपके देश को इस मुकाम पर पहुंचाया है। यह बहुत मायने रखता है इसलिए मैं उनसे प्रेरणा लेने की कोशिश करती हूं। जिस देश में योगासन का जन्म हुआ वहां मुकाबला करते हुए नाबिला ने माना कि वह बिना किसी बड़ी उम्मीद के आई थीं जिससे उनका पांच पदक जीतना और भी खास हो गया। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह सच में हैरानी की बात थी क्योंकि यहां आते समय मुझे इतने सारे पदक जीतने की उम्मीद नहीं थी। बेशक, भारत ही वह जगह है जहां से इस खेल की शुरुआत हुई। मुझे उम्मीद थी कि वे ही पहला स्थान हासिल करेंगे। लेकिन उनके इतने करीब पहुंचना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। नाबिला ने कहा, ''मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा है कि मैंने पांच पदक जीते हैं। यह मुझे आगे बढ़ने, दूसरे लोगों को ट्रेनिंग देने और दूसरों को प्रेरित करने के अगले कदम की ओर ले जाता है। नाबिला ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले लगभग नौ साल पहले अर्जेंटीना में विश्वविद्यालय के एक साथी के साथ योग सीखना शुरू किया था और फिर लगभग पांच साल पहले भारत आकर अपनी समझ को और गहरा किया।

### एफटीए का लाभ उठाने की भारत की दर साझेदार देशों से बहुत कमः रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने की भारत की दर महज 20-30 प्रतिशत तक सीमित है, जबकि भारत को निर्यात करने वाले साझेदार देशों में यह उपयोग दर 60-70 प्रतिशत तक है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। निजी शोध संस्था जीटीआरआई की रिपोर्ट कहती है कि भारत के निर्यातक उच्च अनुपालन लागत और कई देशों में पहले से ही कम शुल्क के कारण एफटीए से मिलने वाले लाभों का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों के चलते उलटे शुल्क ढांचे की समस्या और जटिल हो गई है, क्योंकि कई तैयार उत्पाद अब आसियान, जापान, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया जैसे साझेदार देशों से शून्य या कम शुल्क पर भारत में आ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कच्चे माल और उत्पादन सामग्रियों पर अपेक्षाकृत अधिक आयात शुल्क लगता है, जबकि उन्हीं सामग्रियों से बने तैयार उत्पाद एफटीए के तहत कम या शून्य शुल्क पर आयात हो जाते हैं, जिससे घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धा प्रभावित होती है। जीटीआरआई ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि इस्पात और एल्युमीनियम पर 7.5 से 10 प्रतिशत तक सर्वाधिक तरजीही देश (एमएफएन) शुल्क लगता है, लेकिन इन्हीं से बने मशीनरी और उपकरण कई एफटीए के तहत बिना शुल्क भारत में प्रवेश कर सकते हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'भारत के एफटीए साझेदार देशों में औसतन एमएफएन शुल्क बहुत कम या लगभग शून्य है, जबकि भारत का औसत व्यापार-भारित एमएफएन शुल्क लगभग 12.6 प्रतिशत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पिछले तीन वर्षों में भारत का आसियान, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ औसत वार्षिक व्यापार घाटा लगभग 62 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है।

### भारतीय राजदूत ने अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुखों से एआई पर चर्चा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों के साथ बैठकें कर कृत्रिम मेधा (एआई) एवं क्वांटम जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों के भविष्य पर चर्चा की। इन बैठकों में निवेश विस्तार, आपूर्ति शृंखला को मजबूत बनाने और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग जैसे मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। क्वात्रा ने अमेरिकी खुदरा कंपनी वॉलमार्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्रिस निकोलस के साथ मुलाकात के दौरान भारत में कंपनी के निवेश विस्तार पर चर्चा की। भारतीय राजदूत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ल्ल्वॉलमार्ट के साथ भारत में उनके निवेश, निवेश विस्तार, आपूर्ति शृंखला और उभरती प्रौद्योगिकियों पर उपयोगी बातचीत हुई। पिछले वर्ष जून में वॉलमार्ट के शीर्ष नेतृत्व ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर भारत के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की थी।

# प्रज्ञानानंदा की लगन और शानदार वापसी से प्रेरणा ले सकते हैं गुकेशः आनंद

एजेंसी



नयी दिल्ली। महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने आर प्रज्ञानानंदा के खेलने के बेहद प्रतिस्पर्धी अंदाज की तारीफ की और संघर्ष कर रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश से कहा कि वे नार्वे शतरंज चैंपियन बने इस खिलाड़ी से सीख लेकर अपनी वापसी की कहानी लिखें। प्रज्ञानानंदा हाल ही में नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बने जबकि गुकेश टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहे। आनंद ने कहा, ''मुझे खुशी है कि प्रज्ञानानंदा ने शानदार अंदाज में नार्वे शतरंज जीता। पिछले चार दौर में उन्होंने जिस तरह से जोरदार वापसी की उससे मैं बहुत खुश हूं। वे बहुत ही प्रभावशाली शैली के साथ खेल रहे हैं। इस साल के आखिर में अपने विश्व खिताब के बचाव के लिए जावोखिर सिंदारोव से भिड़ने वाले गुकेश को सलाह देते हुए आनंद ने कहा कि वह प्रज्ञानानंदा से 'प्रेरणा' लें। आनंद ने कहा, ''प्रज्ञानानंदा इस समय गुकेश से बेहतर खेल रहे हैं लेकिन कुछ भी बदल सकता है। मुझे लगता है कि फॉर्म में बार-बार उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। गुकेश थोड़े अटके हुए लग रहे हैं। मुझे लगता है कि वह प्रज्ञानानंदा से प्रेरणा ले सकते हैं। उन्होंने कहा, ''वह देख सकते हैं कि अगर आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं तो किसी ना किसी मोड़ पर चीजें बदल ही जाती हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने कहा कि प्रज्ञानानंदा बोर्ड पर हमेशा 'मुकाबले के लिए तैयार' रहते हैं और यही रवैया उनके लिए मददगार होता है। आनंद ने कहा, ''असल में पिछले डेढ़ साल से प्रज्ञानानंदा वैसे ही हैं। कभी-कभी वे जबरदस्त खेलते हैं और दिलचस्प खेल दिखाते हैं और वह हमेशा मुकाबले के लिए तैयार रहते हैं। हो सकता है कि नतीजे हमेशा उनके पक्ष में ना हों। उन्होंने कहा, ''शुरुआती छह दौर के खेल में पिछले आठ या नौ महीने की तुलना में अधिक फर्क नहीं देख सकते। लेकिन फिर शानदार वापसी हुई और उन्हें देखकर काफी अच्छा लगा क्योंकि उन्होंने बहुत दिलचस्प शतरंज खेला। तीन भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी के बीच चल रही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बारे में आनंद ने कहा, ''हमारे पास कभी शीर्ष पर एक साथ तीन खिलाड़ी नहीं रहे हैं और वे एक-दूसरे के खेल को ऊंचे स्तर पर ले जा रहे हैं। मैंने जो हासिल किया था उससे वे कितनी दूर हैं, यह मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा, ''मैंने इस बारे में सोचा नहीं है। शतरंज तेजी से बदल रहा है। खिलाड़ियों का करियर शायद अब उतने लंबे समय तक नहीं चले क्योंकि खेल बदल रहा है। आनंद भारतीय शतरंज की तरक्की देखकर खुश हैं क्योंकि कई ग्रैंडमास्टर शीर्ष स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। आनंद ने कहा, ''भारत निश्चित रूप से शीर्ष तीन में है। हमने अपनी ताकत काफी बढ़ाई है। देश में हमारे पास 95 ग्रैंडमास्टर हैं। हमारे पास एक विश्व चैंपियन है और शीर्ष पर कई खिलाड़ी हैं।

## नियम तोड़ने पर स्टोक्स और एटकिंसन को टीम से बाहर किए जाने का खतरा

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और उनके साथी खिलाड़ी गस एटकिंसन पर टीम के नियम तोड़ने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट से बाहर किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को कहा कि रविवार को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड पर जीत का जश्न मनाने के दौरान ये दोनों खिलाड़ी तड़के एक घटना में शामिल थे। ईसीबी के बयान के अनुसार, ''सोमवार तड़के बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन एक नाइटक्लब में मौजूद थे, तभी एक घटना हुई। बयान के मुताबिक, ''हम अभी और जानकारी जुटा रहे हैं और दूसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा सही समय पर की जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के शर्मनाक एशेज दौरे के बाद जनवरी में इंग्लैंड की टीम पर फिर से कर्फ्यू लगाया गया था जहां इंग्लैंड पर अधिक शराब पीने और गैरपेशेवर व्यवहार के आरोप लगे थे। एशेज के बाद इंग्लैंड ने अपने पहले टेस्ट में रविवार को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड को 115 रन से हराया।

# फिच रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.4 फीसदी किया

एजेंसी




नई दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.7 फीसदी से घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। एजेंसी ने कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण अपने पिछले अनुमान से 0.3 फीसदी की कटौती की है। रेटिंग एजेंसी फिच ने मंगलवार को जून की जारी अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी रह सकती है, लेकिन घरेलू मांग और निवेश से कुछ समर्थन मिलेगा। फिच रेटिंग्स ने उम्मीद जताई कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.4 फीसदी रह जाएगी, जो मार्च के अनुमान से 0.3 फीसदी कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू मांग वृद्धि का मुख्य आधार बनी रहेगी और वास्तविक संदर्भ में आयात कम होने से शुद्ध बाहरी मांग इस वृद्धि में सकारात्मक योगदान देगी। रिपोर्ट के मुताबिक उच्च मुद्रास्फीति और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से वास्तविक आय पर दबाव बढ़ेगा, जिससे उपभोक्ता खर्च प्रभावित होगा। यह प्रभाव विशेष रूप से वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी एवं तीसरी तिमाही में ज्यादा दिखाई देगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्ध की वजह से वैश्विक तेल कीमतों में तेजी आई है और इसका असर भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। फिच ने ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत के अनुमान को बढ़ाकर 87 डॉलर प्रति बैरल कर दिया है, जो पहले 70 डॉलर प्रति बैरल था। इसके साथ ही पश्चिम एशिया संकट की वजह से 14 सप्ताह से बंद होर्मुज जलडमरूमध्य के जुलाई तक बंद रहने का ही अनुमान लगाया गया है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इस संकट के बावजूद भारत में महंगाई अभी ज्यादा नहीं बढ़ी है, लेकिन इस पर दबाव बढ़ रहा है। अप्रैल में थोक महंगाई दर 8.3 फीसदी और खुदरा महंगार्ठ दर 3.5 फीसदी रही। फिच रेटिंग ने अनुमान जताया कि साल के अंत तक महंगाई बढ़कर 5.3 फीसदी तक जा सकती है। इसका कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी, आधार प्रभाव और संभावित कमजोर मानसून है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले हफ्ते ही वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रियल जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.6 फीसदी रखा है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 फीसदी की दर से बढ़ी है।

# चालू वित्त वर्ष में कॉरपोरेट क्षेत्र में वेतन 8.6 से 10.2 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमानः रिपोर्ट


मुंबई। चालू वित्त वर्ष में कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में 8.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। कुशल एवं बेहतर निष्पादन वाले कर्मचारियों की लगातार बढ़ती मांग के कारण यह वृद्धि देखने को मिल रही है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। टीमलीज सर्विसेज की रोजगार एवं वेतन परिदृश्य पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान औसत वेतन वृद्धि 8.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ईवी अवसंरचना, वित्तीय-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और औषधि जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों की प्रमुख भूमिका रहने वाली है। रिपोर्ट कहती है कि ईवी और उससे जुड़े क्षेत्र में 9.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक और साइट इंजीनियर जैसी भूमिकाओं में सबसे अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। टीमलीज सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालासुब्रमण्यम ए ने कहा, 'भारत का वेतन ढांचा पहले की तुलना में अधिक विविध और प्रदर्शन-आधारित होता जा रहा है। अब वेतन बढ़ोतरी के रुझान अलग-अलग क्षेत्रों की वृद्धि और विशेष कौशल पर निर्भर कर रहे हैं। वेतन वृद्धि अब केवल बड़े मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रह गई है। छोटे और उभरते शहर भी अपनी स्थिति को लगातार मजबूत कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वाहन, बीमा और बीपीओ जैसे क्षेत्रों में इस साल वेतन वृद्धि 8.9 प्रतिशत से 9.5 प्रतिशत के बीच रह सकती है। वहीं बैंकिंग, निर्माण एवं रियल एस्टेट, दूरसंचार और कपड़ा जैसे क्षेत्रों में वेतन वृद्धि 8.6 प्रतिशत से 8.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि विभिन्न कार्य क्षेत्रों में वेतन वृद्धि का सबसे अधिक असर बिक्री एवं विपणन, इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्रों में देखा जा रहा है।

## एचडीएफसी बैंक ने एमसीएलआर आधारित लोन दर 0.10 फीसदी तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने सीमांत लागत आधारित उधारी दर (एमसीएलआर) में 0.10 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। दो साल की अवधि वाले कर्ज पर अब यह दर 8.45 फीसदी से बढ़कर 8.55 फीसदी हो गई है। नई दरें 8 जून से प्रभावी हो गई हैं। बैंक ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि बैंक के इस कदम का सीधा असर उन उधारकर्ताओं की ईएमआई पर पड़ेगा, जिनके लोन एमसीएलआर सिस्टम से जुड़े हैं। इसी तरह वाहन, आवास एवं व्यक्तिगत ऋण जैसे अधिकांश उपभोक्ता ऋणों के लिए मानक माना जाने वाला एक वर्षीय एमसीएलआर 0.05 फीसदी बढ़कर अब 8.40 फीसदी हो गया है। इसके अलावा 24 घंटे, तीन महीने, छह महीने और तीन साल की अवधि वाले कर्ज की दरों में भी 0.05 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। एमसीएलआर वह आधार दर होती है, जिस पर बैंक अपने अधिकांश कर्जों की ब्याज दर तय करते हैं। इस फैसले का असर ग्राहकों के आवासीय ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋण की मासिक किस्तों पर पड़ सकता है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी चमक

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के सर्राफा बाजार में सोना आज 950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,420 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गई। भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,680 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,39,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,51,830 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,480 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,39,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,39,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,39,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,51,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,39,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# नदी जोड़ो परियोजनाओं में धन नहीं सोच सबसे बड़ी चुनौती : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि देश में पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नदियों को जोड़ने और भूजल स्तर बढ़ाने के प्रयासों को तेज करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नदी जोड़ो परियोजनाओं को लागू करने में धन की कमी बड़ी बाधा नहीं है बल्कि लोगों की सोच और राजनीतिक कारण अधिक चुनौतीपूर्ण हैं।

उपराष्ट्रपति भवन में जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रीय हित में पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए दूरदर्शी और सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। बैठक में उन्हें जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इसमें सरकार, समाज, उद्योग और विभिन्न संगठनों की भागीदारी से जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने का अच्छा प्रयास किया जा रहा है। उन्हें बताया गया कि इस अभियान के दूसरे चरण के तहत 1.55 करोड़ से अधिक जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने से जुड़े ढांचे बनाए या दर्ज किए गए हैं, जो तय लक्ष्य से काफी अधिक हैं। बैठक के दौरान उपराष्ट्रपति को केन-बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना और गोदावरी-कावेरी लिंक परियोजना समेत प्रमुख नदी जोड़ो परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि नदियों को जोड़ने से जल संकट कम करने, सूखे से निपटने, सिंचाई का दायरा बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों के संतुलित विकास में बड़ी मदद मिल सकती है। उपराष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि केन-बेतवा जैसी बड़ी राष्ट्रीय जल परियोजनाओं पर वृत्तचित्र और स्थायी रिकॉर्ड तैयार किए जाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां इन ऐतिहासिक राष्ट्र निर्माण कार्यों को समझ सकें और उन पर गर्व कर सकें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने पहले भी नदी जोड़ो अभियान के समर्थन में पदयात्रा की थी। उन्होंने दोहराया कि ऐसी परियोजनाओं के लिए धन जुटाना मुख्य समस्या नहीं है बल्कि सोच में बदलाव और राजनीतिक इच्छाशक्ति अधिक महत्वपूर्ण है।

# नीट परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के लिए की गई व्यापक तैयारियां : प्रधान

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, गोपनीयता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के लिए सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं।

श्री प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए ) मुख्यालय का दौरा कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के बाद पत्रकारों से कहा कि प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्रों तक सामग्री की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने और पूरी प्रक्रिया में गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट सचिव के नेतृत्व में संबंधित विभागों के सचिवों की एक उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई है। इसके अलावा उन्होंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राज्यों का पहले भी सहयोग मिला है और इस बार भी उनसे और अधिक ध्यान देने का अनुरोध किया गया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि आने वाले दिनों में केंद्रीय गृह सचिव भी इस विषय पर एक उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की सभी संबंधित एजेंसियां अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं और परीक्षा को सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। श्री प्रधान ने कहा कि एनटीए की संगठनात्मक संरचना को और मजबूत बनाने के लिए कई नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संयुक्त सचिव और निदेशक स्तर सहित अनेक अधिकारियों को नयी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि अनुभवी और नए दोनों प्रकार के अधिकारियों को स्पष्ट दायित्व दिए गए हैं ताकि परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा को लेकर भी सरकार सतर्क है। संभावित साइबर खतरों और अनियमितताओं से निपटने के लिए आईबी, सीबीआई सहित सभी उपलब्ध साइबर सुरक्षा संसाधनों को सक्रिय किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है।

# जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं भगवान बिरसा मुंडा : इंद्राज

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं।

श्री सिंह ने महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि पर उन्हें आज भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन, सामाजिक अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज को स्वाभिमान, संगठन और अधिकारों की शक्ति का परिचय कराया। उन्होंने जनजातीय समुदायों को उनकी सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और भूमि अधिकारों के संरक्षण के लिए जागृत किया। अल्पायु में ही उन्होंने जो साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया, वह आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प और जनसेवा की भावना से समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा तथा अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को प्रतिवर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

# 'आर्थिक कुप्रबंधन की मोदी सरकार अर्थव्यवस्था पर देती है सिर्फ नारे'

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मोदी सरकार पर अर्थव्यवस्था को लेकर कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह सिर्फ लुभावने नारे देती है, प्रचार के जरिए लोगों को गुमराह करती है, जबकि जमीनी हकीकत वादों और नारों के एकदम विपरीत है।

कांग्रेस शोध विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर राजीव गौड़ा तथा शोध और निगरानी विभाग के प्रभारी अमिताभ दुबे ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार में आर्थिक स्तर पर देश के जो हालात कर दिए गए हैं, वह इस सरकार के रहते बदलने वाले नहीं हैं, इसलिए सरकार को बदलना आवश्यक हो गया है। उनका कहना था कि देश में आर्थिक कुप्रबंधन चरम पर है और आर्थिक विकास को पटरी पर लाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने की बात करने वालों को यह भी मालूम होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं में 2021 से अब तक 500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। उनका कहना था कि देश को विश्व गुरु बताने वाले सिर्फ नारे लगा रहे हैं, प्रचार कर रहे हैं और हकीकत से निपटने के लिए कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। प्रो. गौड़ा ने कहा कि उज्ज्वला योजना लाभार्थियों को दिये जाने वाले एलपीजी सिलेंडरों की संख्या नौ से घटाकर चार कर दी गई है। दस साल पहले घोषणा की गई थी कि महिलाओं को अब खाना पकाने के खतरनाक और हानिकारक तरीकों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उज्ज्वला योजना के प्रत्येक लाभार्थी को 12 सिलेंडर देने का वादा किया गया था। पिछले साल यह संख्या घटाकर नौ कर दी गई और आज तीसरी बार महज चार कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारत को रोजगार का केंद्र बनाने की बात की थी लेकिन असलियत यह है कि बड़ी संख्या में देश के युवा रोजगार के लिए मोहताज बन गए हैं। हालात यह हैं कि लघु एवं मध्यम उद्योग रोजगार की रीढ़ होते हैं लेकिन पिछले साल देश में 40 हजार लघु एवं मध्यम उद्योग बंद हुए हैं। देश के 99 प्रतिशत लघु एवं मध्यम उद्योग बिना सरकार की मदद के चल रहे हैं। इसी तरह किसानों के लिए सरकार की कोई योजना नहीं है और किसान आत्महत्या कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार का प्रचार है कि भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हकीकत यह है कि हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थे।

# चौधरी ने पांच नई सोलर कम्युनिटी हब स्किल वैन को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मंगलवार को पांच नई सोलर कम्युनिटी हब स्किल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

श्री चौधरी ने कहा कि सोलर कम्युनिटी हब स्किल वैन भारत के हर कोने तक तकनीक और अवसर पहुंचाने की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ये वैन केवल डिजिटल शिक्षा केंद्र नहीं बल्कि आकांक्षाओं के केंद्र हैं, जो स्वच्छ ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित शिक्षण और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास को बढ़ावा देंगी। उन्होंने इस पहल के लिए डेल टेक्नोलॉजीज और एनएसडीसी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि यह कार्यक्रम समावेशी विकास और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल देशभर में डिजिटल पहुंच बढ़ाने और युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह परियोजना डेल टेक्नोलॉजीज, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के सहयोग से संचालित की जा रही है। नई स्किल वैन उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, कर्नाटक, तेलंगाना और महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करेंगी। इन सोलर ऊर्जा संचालित वैनों में लैपटॉप, इंटरैक्टिव स्क्रीन, इंटरनेट कनेक्टिविटी और एआई आधारित शिक्षण उपकरण लगाए गए हैं। इनके माध्यम से युवाओं, महिलाओं और वंचित समुदायों तक डिजिटल शिक्षा, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण तथा तकनीकी सेवाएं सीधे पहुंचाई जाएंगी।

## मोदी ने कुवैत के अमीर के साथ बात की, पश्चिम एशिया की स्थिति पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में निरंतर बदल रही सुरक्षा स्थिति के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल-सबा के साथ टेलीफ़ोन पर वहां की स्थिति पर चर्चा की तथा क्षेत्र में तनाव बढने पर चिंता व्यक्त की। श्री मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हुए हमलों की भारत की ओर से एक बार फिर कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में बदलती सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता व्यक्त की और कुवैत की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता पर हुए हमलों की भारत की ओर से कड़ी निंदा दोहराई। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए तनाव कम करने, बातचीत और कूटनीति का आह्वान भी दोहराया। श्री मोदी ने कुवैत में बड़ी संख्या में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा पर व्यक्तिगत ध्यान देने के लिए अमीर को धन्यवाद दिया।

## सीबीआई ने 'साइबर गुलामी' कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को दक्षिण-पूर्व एशिया में आकर्षक नौकरियों का झांसा देकर भारतीय नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी के अड्डों में धकेलने वाले मानव तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान निपेंद्र चौधरी और नीलेश नरपतसिंह पुरोहित के रूप में हुई है। यह मामला एजेंटों और मददगारों के एक ऐसे आपराधिक नेटवर्क से जुड़ा है, जो दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में अच्छी नौकरियों का लालच देकर भारतीय नागरिकों की भर्ती करते थे। इसके बाद इन पीड़ितों को मुख्य रूप से म्यांमार और कंबोडिया में बने उन ठिकानों पर भेज दिया जाता था, जहाँ उन्हें 'साइबर गुलामी' की परिस्थितियों में रखा जाता था। यह अवैध ठिकाने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह द्वारा चलाए जा रहे हैं, जो कई देशों के लोगों को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी करते हैं। इन ठिकानों पर तस्करी कर लाए गए भारतीय नागरिकों को कथित तौर पर अवैध साइबर अपराध गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था। इस दौरान उनकी आवाजाही पर रोक लगा दी जाती थी, उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए जाते थे और कई पीड़ितों को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का सामना भी करना पड़ा। कई मामलों में तो पीड़ितों के परिवारों को अपने रिश्तेदारों की रिहाई के लिए भारी-भरकम रकम चुकाने के लिए भी मजबूर किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक कथित तौर पर इन ठिकानों के संचालकों के लिए काम करता था। उसने थाईलैंड के रास्ते म्यांमार तस्करी किए जाने वाले भारतीयों के लिए रसद और यातायात का इंतजाम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# इजरायल का जो भी रुख हो, ईरान परमाणु समझौते पर आगे बढ़ेगा अमेरिका : वेंस

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका समझौते की कोशिश जारी रखेगा, चाहे इस पर इजरायल का रुख कुछ भी हो।

श्री वेंस ने फॉक्स न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में कहा, ल्ल पिछले कुछ महीनों और वास्तव में पिछले डेढ़ साल में जो कुछ हुआ है, उसके कारण वह माहौल बन गया है, जिसमें राष्ट्रपति को भरोसा है और मेरा भी मानना है कि हम ईरान के परमाणु मुद्दे का दीर्घकालिक समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा, ल्ल इजरायल को यह पसंद आये या न आये, लेकिन हमारा मानना है कि यह अमेरिका के हित में है। इसलिये हम इस दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे, क्योंकि अमेरिकी जनता ने राष्ट्रपति को इसी काम के लिए चुना है और अमेरिकी लोगों की सेवा के लिए हमें यही करना होगा। श्री वेंस की यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है, जब अमेरिका और इजरायल के बीच मतभेद की अटकलें लगायी जा रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को इजरायल से ईरानी मिसाइल हमलों के जवाब में जवाबी कार्रवाई नहीं करने की अपील की थी, लेकिन इजरायल ने इस आग्रह को नहीं माना। पश्चिम एशिया में रविवार को तनाव तब और बढ़ गया, जब इजरायल ने युद्धविराम के बावजूद लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने उत्तरी इजरायल की ओर मिसाइलें दागीं। बाद में इजरायल ने ईरान पर कई चरणों में हवाई हमले किये, जबकि तेहरान ने भी अतिरिक्त मिसाइल हमलों से जवाब दिया। ईरान की सेना ने सोमवार तड़के कहा कि वह इजरायल के खिलाफ हमले रोक रही है, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि यदि लेबनान में इजरायली कार्रवाई जारी रही तो उसका जवाब 'काफी कड़ा और विनाशकारी' होगा। इजरायली मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से दावा किया कि इजरायल ने फिलहाल ईरान पर हवाई हमले रोकने पर सहमति जतायी है, लेकिन दक्षिणी लेबनान में उसकी सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि फरवरी के अंत में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किये जाने के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया था। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल तथा क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों वाले अन्य देशों को निशाना बनाया था। आठ अप्रैल को अस्थायी युद्धविराम लागू हुआ था, लेकिन उसके क्रियान्वयन और क्षेत्रीय घटनाक्रमों को लेकर मतभेद के कारण वार्ता आगे नहीं बढ़ सकी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने युद्धविराम को अनिश्चितकाल तक बढ़ाने की घोषणा की थी, फिर भी संघर्ष को पूरी तरह समाप्त करने संबंधी समझौता अब तक नहीं हो सका है। ईरान का कहना है कि उसके परमाणु कार्यक्रम पर किसी भी वार्ता से पहले अमेरिका और इजरायल को युद्ध पूरी तरह समाप्त करना होगा।

# पेज एक का शेष

### शांति भंग में निर्दोष...

में अब तक 721 लोगों को हिरासत में लिया गया था, यानी कुल मिलाकर 2,325 लोगों को हिरासत में रखा गया। बेंच के अनुसार, इनमें से कई लोग एक हफ्ते से लेकर 20 दिनों तक हिरासत में रहे।

### बालटाल और...

तो मैंने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये। आज मुझे खुशी है कि इतने बड़े पैमाने पर काम होने के बावजूद, हम लगभग 5,000 करोड़ रुपये बचायेंगे।' उन्होंने इस सुरंग को महज एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं बल्कि ''एक जीवनरेखा'' और ''नये भारत की तकनीकी उत्कृष्टता का एक उदाहरण'' बताया। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय मजदूरों के योगदान की भी सराहना करते हुये कहा कि निर्माण में शामिल लगभग 80 प्रतिशत कार्यबल इसी क्षेत्र से था। उन्होंने दुनिया के सबसे कठिन इलाकों में से एक में अथक परिश्रम करने के लिये जम्मू-कश्मीर प्रशासन, एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों, इंजीनियरों, सलाहकारों और निर्माण एजेंसियों को धन्यवाद दिया। अधिकारियों ने कहा कि इस सफलता के साथ ही 13.15 किलोमीटर लंबी सुरंग का महत्वपूर्ण खुदाई चरण पूरा हो गया है। चालू होने के बाद यह भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्वि-दिशात्मक सुरंग के रूप में जानी जायेगी। इस सुरंग से सोनमर्ग और द्रास के बीच यात्रा का समय लगभग तीन घंटे से घटकर करीब 15 मिनट होने की उम्मीद है। यह लद्दाख के लिये साल भर संपर्क भी सुनिश्चित करेगी। फिलहाल लद्दाख का संपर्क सर्दियों के दौरान जोजिला अक्ष पर भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण कट जाता है। अधिकारियों ने कहा कि खुदाई के काम में तो सफलता हासिल हो गयी है, लेकिन सुरक्षा प्रणाली, परिष्करण व शेष बचे काम जारी रहने की उम्मीद है। पूरी परियोजना को 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जोजिला सुरंग भारत के लिए अत्यधिक रणनीतिक महत्व रखती है क्योंकि यह कश्मीर और लद्दाख के बीच हर मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। यह क्षेत्र पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा और चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा दोनों के करीब स्थित है। एक बार चालू होने के बाद, यह सुरंग लद्दाख के अग्रिम क्षेत्रों में सैनिकों, हथियारों, ईंधन और आवश्यक आपूर्ति की तेजी से आवाजाही सुनिश्चित करेगी, जिससे संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में भारत की रक्षा तैयारियों को महत्वपूर्ण मजबूती मिलेगी।

### किसी के लिए...

समाधान, हम किसी को मानते हैं, हम बचपन से देखते आए हैं कि गांव का अनपढ़ व्यक्ति भी होगा, उसे हनुमान चालीसा जरूर याद होगी। हनुमान चालीसा जरूर याद करके रखता है। यह है ताकत। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 491 वर्ष तक श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन चलता रहा। 2019 में सर्वोच्च न्यायालय की फुल बेंच के न्यायमूर्तियों ने अपने फैसले में कहा कि जहां रामलला विराजमान हैं, वहीं रामजन्मभूमि है। इसे लेकर साक्ष्य-प्रमाण और विद्वानों के वक्तव्य भी दिए गए थे। सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायमूर्ति ने स्वामी रामभद्राचार्य जी के बारे में कहा कि जब मैंने उनके वक्तव्य को सुना तो लगा कि सनातन धर्मावलंबियों के साथ सैकड़ों वर्षों से अन्याय हो रहा था। उन्होंने कहा कि आप सब सौभाग्यशाली हैं कि तुलसीपीठाधीश्वर के श्रीमुख से इस पावन कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्रात हुआ है। हम लोग इसीलिए कहते हैं। मध्यकाल में तुलसी दास जी ने समाज के एकजुट होने की, विदेशी आक्रांताओं के सचेत होने की की चेतना जागृत की। प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति का संदेश देकर उन्होंने पूरे उत्तर भारत को एकता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया था। वही कार्य आज जगद्गुरु रामानंदाचार्य तुलसीपीठाधीश्वर रामभद्रचार्य जी कर रहे हैं। उनके श्रीमुख से पाव कथा श्रवण करने का सौभाग्य आप सबको प्राप्त हो रहा है। कथा केवल सुनने के लिए नहीं है। कथा के मर्म को समझें और अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। राम के आदर्श को अपने जीवन में उतारें। यह कथा भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ. नीरज बोरा की ओर से आयोजित की गयी है। कथा आरम्भ से पहले ही आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री ने कथा के आयोजन को लेकर पोस्टर भी जारी किया था।

### 'पाकिस्तान...

के लिए आरक्षित 12 विधानसभा सीटों को लेकर तनाव चरम पर है। जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार इन सीटों का इस्तेमाल अपने हित साधने के लिए करती है और इन्हें खत्म करने की मांग को लेकर क्षेत्र में हिंसक विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। पीओके की यह अशांति 27 जुलाई को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच हुई है। यह विरोध-प्रदर्शन हाल के वर्षों में इलाके में हुई सबसे घातक अशांति के एक दिन बाद हो रहा है जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं। इससे अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले इलाके में और अस्थिरता का डर पैदा हो गया है। रावलकोट में जेएएसी समर्थकों के एक साथी कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में इकट्ठा होने के बाद प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हुईं।

### तृणमूल नेताओं ने बागी...

रहीं लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सोमवार को कहा था कि उन्होंने एनडीए को समर्थन देने की घोषणा करते हुए स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखने का फैसला किया है। दस्तीदार ने दावा किया कि पार्टी के 20 सांसदों ने स्पीकर को पत्र लिखने का फैसला किया है।

### शुभेंदु की बैठक...

की बैठक में शामिल होने आई हूं। पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा विधायक अशोक डिंडा ने कहा कि ऐसी बैठकों में विपक्ष के प्रतिनिधियों की मौजूदगी असली बदलाव का संकेत है।

### रक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश...

काफी कमी आने की उम्मीद है। इससे परियोजना की अवधि के दौरान सरकारी खजाने में बचत होगी। एनटीपीसी लिमिटेड रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए सबसे अनुकूल ऊर्जा मूल्य निर्धारण और बचत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से इस परियोजना को कार्यान्वित कर रही है। यह परियोजना रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय और रक्षा संपदा महानिदेशालय के साथ बेहतर समन्वय में कार्यान्वित की जाएगी। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय स्थिरता का संगम है, जो रणनीतिक हितों की रक्षा करते हुए राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के समर्थन में अपनी संपत्तियों का लाभ उठाने के लिए रक्षा मंत्रालय की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। रक्षा मंत्रालय, एनटीपीसी, रक्षा मंत्रालय (सेना) का मुख्यालय और रक्षा संपदा महानिदेशालय परियोजना के समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर समन्वय में कार्य करेंगे। परियोजना पूरी होने पर सीतापुर सौर ऊर्जा परियोजना रक्षा भूमि पर स्थापित देश की सबसे महत्वपूर्ण नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में से एक के रूप में उभरेगी और परियोजना के रक्षा क्षेत्र में भविष्य की सौर-सह-भंडारण परियोजनाओं के लिए एक मानदंड स्थापित करने की उम्मीद है।

### ईरान के साथ दो-तीन...

हम आसानी से कर सकते हैं, और दो-तीन सप्ताह तक हमले जारी रखें, तो वहां कुछ भी नहीं बचेगा। लेकिन फिर होर्मुज जलडमरूमध्य कई महीनों तक नहीं खुलेगा। बमबारी में बहुत लोग मारे जाएंगे। ऐसा कौन चाहता है? मैं तो नहीं चाहता। श्री ट्रंप ने कहा कि किसी सैन्य कार्रवाई की तुलना में हस्ताक्षरित समझौता अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने दावा किया कि नाकेबंदी ने बमबारी से अधिक असर दिखाया है। उन्होंने कहा, नाकेबंदी बमबारी से कहीं अधिक शक्तिशाली साबित हुई है। ईरान की अर्थव्यवस्था भारी दबाव में है और आखिरकार वह समझौता करेगा। एक सवाल के जवाब में कि क्या उन्होंने श्री नेतन्याहू से ईरान पर हमले रोकने को कहा था, श्री ट्रंप ने कहा, नहीं। मैंने उनसे कहा कि जो सही लगे वह करें, लेकिन जितनी जल्दी हो सके स्थिति को शांत करें। इसका संबंध लेबनान से भी है और यह सिलसिला रुकना चाहिए।

### विमान ईंधन...

विपणन कंपनियों को हुए नुकसान की भरपाई और एयरलाइंस को लागत में अस्थिरता से बचाने के उद्देश्य से उठाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसके लिए 10,000 करोड़ रुपये की मूल्य स्थिरीकरण योजना को मंजूरी दी है। इस योजना में प्रावधान है कि यदि वैश्विक कीमतें आधार दर से ऊपर जाती हैं तो सरकार तेल कंपनियों की भरपाई करेगी। वहीं, कीमतें घटने पर यह अंतर कंपनियों से वसूलकर भारत की संचित निधि में जमा किया जाएगा। एयरलाइंस के कुल परिचालन खर्च में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी एटीएफ की होती है और कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के समय यह 60 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। मई में अंतरराष्ट्रीय विमान ईंधन कीमतें बढ़कर करीब 142 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई थीं, जिससे एयरलाइंस की लागत और किराये पर दबाव बढ़ा था। सूत्रों ने स्पष्ट किया कि मूल्य स्थिरीकरण व्यवस्था कोई सब्सिडी नहीं है, बल्कि एक अस्थायी ढांचा है, जिसका उद्देश्य ईंधन कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को संतुलित करना और यात्रियों पर किराये का बोझ कम रखना है।

# मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से शहरी विकास, कौशल विकास व सेवायोजन विभाग, पशुपालन विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित 2 सौ 21 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहरी विकास, कौशल विकास एवं सेवायोजन तथा पशुपालन विभाग के अंतर्गत आज नवचयनित 221 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। राज्य में बीते साढ़े चार वर्षों में सरकार ने 33 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा यह पल युवाओं की वर्षों के परिश्रम और संघर्ष की सफलता का स्वर्णिम क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के चेहरों पर मुस्कान बताती है कि राज्य सरकार, सही दिशा में आगे बढ़ रही है। राज्य के युवा वर्तमान के साथ भविष्य की भी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नई स्टार्टअप नीति, राज्य में नया स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और युवा प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आर्थिक और तकनीकी रूप मजबूत किया जा रहा है। सरकार के प्रयासों से युवा आज अपने सपनों को लेकर पहले से कई अधिक आश्वस्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब युवाओं के सपनों और उनके माता-पिता के त्याग के साथ अन्याय होता था। पर आज रिकॉर्ड समय में भर्तियां पूरी हो रही हैं। पहले युवाओं को हताशा और निराशा मिलती थी, आज राज्य सरकार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का काम करती है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होने देगी। उन्होंने कहा आज के दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में पूरे 12 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जो एक ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नकल माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। राज्य सरकार ने देश में सबसे कड़ा कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि आगे भी राज्य सरकार इसी रफ्तार, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर देती रहेगी। उन्होंने कहा विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि खाली पदों को भी तुरंत भरा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा सभी अभ्यर्थियों से सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि के मंत्र को अपना ध्येय मानकर हर गरीब, हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा नए अभ्यर्थी केवल सरकारी कर्मचारी नहीं हैं बल्कि उत्तराखंड के विकास के सहभागी भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश, विकसित भारत-2047 के महान संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इस अमृतकाल में सभी ने मिलकर इस महायज्ञ में सक्रिय भागीदारी निभानी है और राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देना है।

# हैम्प्टन स्काई रियल्टी मामले में ईडी की 6 ठिकानों पर छापेमारी

## जालंधर के ठेकेदार अमित बजाज भी जांच के घेरे में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत चल रही जांच के सिलसिले में पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर में छह स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड से जुड़े मामले में की गई है। ईडी की टीमों ने लुधियाना, जालंधर, उत्तर प्रदेश के बरेली तथा दिल्ली-नोएडा क्षेत्र में उन व्यक्तियों और संस्थाओं के आवासों एवं व्यावसायिक परिसरों की तलाशी ली, जो जांच के दायरे में हैं। जालंधर में नगर निगम के ठेकेदार अमित बजाज के न्यू जवाहर नगर स्थित आवास पर भी ईडी ने छापा मारा। अमित बजाज और उनके बड़े भाई इंद्रजीत बजाज नगर निगम के अलावा विभिन्न सरकारी विभागों के बड़े ठेकेदार माने जाते हैं। दोनों भाई जालंधर, लुधियाना, मोहाली समेत पंजाब के कई शहरों और गुजरात सहित अन्य राज्यों में भी ठेकेदारी कार्यों से जुड़े रहे हैं। इसके अलावा वे आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं के संचालन से भी जुड़े बताए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, बजाज बंधुओं के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ करीबी संबंध रहे हैं। यह भी दावा किया जा रहा है कि उन्होंने अतीत में आम आदमी पार्टी के कई कार्यक्रमों को आर्थिक सहयोग दिया था और चुनावों के दौरान भी पार्टी का समर्थन किया था। पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ उनकी निकटता की चर्चा होती रही है और उन्हें कई राजनीतिक बैठकों में देखा गया था। वहीं, पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के पहले भी उनके विभिन्न दलों के नेताओं के साथ संबंध बताए जाते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल भी चुनावों से पहले उनके निवास पर आते-जाते रहे थे। कांग्रेस शासनकाल के दौरान भी उनके कांग्रेस नेताओं के साथ अच्छे संबंध होने की बात कही जाती रही है। इस बीच, ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ईडी एक बार फिर पंजाब के हिंदू व्यापारियों को निशाना बना रही है। उन्होंने व्यापारियों से घबराने की जरूरत नहीं होने की बात कही और कहा कि पंजाब सरकार उनके साथ खड़ी है तथा वे मिलकर ईडी की कार्रवाई का सामना करेंगे। फिलहाल ईडी की तलाशी कार्रवाई जारी है और एजेंसी की ओर से आधिकारिक रूप से बरामदगी या जांच से जुड़े विस्तृत विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद ही मामले से जुड़े तथ्यों की स्पष्ट तस्वीर सामने आ सकेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## शराब पार्टी में हुए झगड़े ने ली मजदूर की जान हत्या का आरोपित आठ घंटे में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के गांधी नगर थाना पुलिस ने एक हत्या के मामले का महज आठ घंटे में पर्दाफाश करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल खून से सनी कैंची और घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़े भी बरामद किए हैं। मृतक की पहचान कृष्ण कुमार के रूप में हुई है, जिसकी चाकूनुमा कैंची से किए गए हमले में मौत हो गई थी। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने मंगलवार को बताया कि पांच जून को सूचना मिली थी कि कृष्ण कुमार नामक व्यक्ति को घायल अवस्था में डॉ. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके शरीर पर धारदार हथियार से किए गए हमले के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन घायल कृष्ण कुमार अपनी हालत के कारण घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका। बाद में वह अस्पताल स्टाफ को बिना बताए अस्पताल से चला गया और पुलिस से भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात कही। अगले दिन 6 जून को जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि कृष्ण कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई है। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के कार्यस्थल का पता लगाया। कृष्ण कुमार गांधी नगर के रघुवरपुरा-द्वितीय स्थित एक गारमेंट फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक और कर्मचारियों से पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि चार जून की रात फैक्ट्री के अंदर कुछ कर्मचारी शराब पी रहे थे। इसी दौरान उनके बीच कहासुनी और झगड़ा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झगड़े के दौरान अरवाज नामक कर्मचारी ने पहले टाइगर नाम के एक अन्य कर्मचारी पर हमला किया और फिर कृष्ण कुमार पर कैंची से कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल कृष्ण कुमार की बाद में मौत हो गई। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सबूतों के आधार पर सात जून को गांधी नगर थाने में हत्या का मामला दर्ज किया। एफआइआर दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। साथ ही तकनीकी निगरानी और स्थानीय मुखबिरों की मदद से आरोपित की गतिविधियों पर नजर रखी गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने एफआइआर दर्ज होने के महज आठ घंटे के भीतर आरोपित अरवाज (27), निवासी संगम विहार, दक्षिण दिल्ली को उत्तम नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपित ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल खून से सनी कैंची और घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़े बरामद किए। पुलिस ने मामले से जुड़े महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज और अन्य फोरेंसिक साक्ष्य भी सुरक्षित कर लिए हैं। पुलिस अधिकारी के अनुसार जांच में यह भी सामने आया कि आरोपित नाबालिग अवस्था में एक गंभीर आपराधिक मामले में शामिल रह चुका है। उसके खिलाफ वर्ष 2019 में संगम विहार थाने में हत्या के प्रयास (धारा 307 आईपीसी) का मामला दर्ज हुआ था।

## ग्राम खाला टीहरा को मिली बड़ी सौगात, 78 लाख की पेयजल नलकूप योजना को मिली मंजूरी

**हरिद्वार।** रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खाला टीहरा में पेयजल संकट के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने 78 लाख रुपये की लागत से नए पेयजल नलकूप (ट्यूबवेल) निर्माण योजना को वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। शासनादेश जारी होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। रानीपुर विधायक आदेश चौहान के प्रयासों और प्रस्ताव पर स्वीकृत इस योजना से ग्राम खाला टीहरा के लोगों को पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। विधायक ने इस उपलब्धि के लिए पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनहित के कार्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और 'हर घर नल से जल' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक आदेश चौहान ने बताया कि शासनादेश जारी होने के बाद विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही नलकूप निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को जल्द से जल्द योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से ग्राम खाला टीहरा में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या का समाधान होगा और ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। साथ ही उन्होंने दोहराया कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है व बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## सतपाल महाराज की छवि को नुक्सान पहुंचाने वालों पर होगी कानूनी कार्यवाही

**देहरादून।** पर्यटन मंत्री व चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज को लेकर मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है। इसे महाराज के मीडिया सलाहकार निशीथ सकलानी ने भ्रमित करने वाला बताया और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। सकलानी ने कहा है कि चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में पिछले दिनों हुए वन्यजीव हमलों को लेकर और हाल ही में हरियाणा के एक पर्यटक से मारपीट की घटना को तूल देकर कुछ तथाकथित लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एआई जेनरेटेड अनाप-शनाप पोस्ट डालकर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की छवि को खराब करने का कुत्सित प्रयास कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसा घृणित कार्य करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और उनके संचालकों के विरुद्ध शीघ्र ही कानूनी कार्यवाही की जायेगी। मीडिया सलाहकार निशीथ ने कहा है कि ईमानदार और स्वच्छ छवि के नेता कैबिनेट मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज की छवि को खराब करने का कुत्सीत प्रयास एक अक्षम्य अपराध है। उन्हें पता होना चाहिए कि राष्ट्र संत चौबट्टाखाल विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज एक स्वच्छ एवं निर्मल छवि के नेता हैं। राष्ट्रीय स्तर पर उनका एक विशेष स्थान है। हमेशा से उनका ध्यान प्रदेश के साथ-साथ अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास पर केंद्रित रहा है। एक ओर उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया, करोड़ों की पेयजल योजनाएं दी और बहुउद्देशीय सतपुली झील निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया तो वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन को धरातल पर उतारने का भगीरथ प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव हमलों की बात करें तो जितनी भी घटनाएं क्षेत्र में घटित हुई हैं, उन पर महाराज ने समय रहते तुरंत संज्ञान लेकर सभी आवश्यक कार्यवाही की है। महाराज ने स्थानीय लोगों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखकर संवेदनशील इलाकों में पिंजरे, ट्रैप केज लगवाये और नरभक्षी गुलदारों को पकड़वाने के साथ शूटर तैनात करवाकर उन्हें शूट भी करवाया है।

# दिल्ली में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ बड़ा अभियान: 55,532 चालान, 3,123 वाहन जब्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। राजधानी की सड़कों को अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से मुक्त कराने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम (एमसीडी) ने संयुक्त रूप से व्यापक अभियान चलाया। 3 जून से 6 जून तक चले इस विशेष अभियान के दौरान दिल्ली के सभी ट्रैफिक सर्किलों और रेंज में कार्रवाई करते हुए 144 स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 55,532 चालान किए गए, जबकि 3,123 वाहनों को जब्त अथवा टो कर निर्धारित यार्ड में भेजा गया। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) विजयंता गोयल आर्य ने मंगलवार को बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सड़कों की क्षमता बढ़ाना, पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, यातायात को सुचारु बनाना और अधिकृत पार्किंग स्थलों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देना था। अभियान के तहत प्रमुख सड़कों, बाजारों, फुटपाथों, सर्विस लेन और यातायात की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया। कार्रवाई के दौरान फुटपाथों और सड़कों पर कब्जा जमाए 1,264 रेहड़ी-पटरी हटाई गईं। इसके अलावा 1,015 अतिक्रमणों को भी साफ कराया गया। इनमें अवैध दुकान विस्तार, अस्थायी खोखे, अनधिकृत व्यावसायिक प्रदर्शन, सड़क और फुटपाथ पर बनाए गए अवरोधक ढांचे शामिल थे।अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अतिक्रमण सड़क की चौड़ाई कम कर यातायात जाम और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। अभियान के दौरान अवैध रूप से पार्क किए गए, सड़क पर छोड़े गए या यातायात में बाधा बन रहे 3,123 वाहनों को जब्त अथवा टो किया गया। वहीं सड़क और फुटपाथ पर वाहन खड़ा करने सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 55,532 चालान जारी किए गए। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि अभियान के पहले चरण में उन स्थानों को प्राथमिकता दी गई जहां अधिकृत पार्किंग सुविधाएं होने के बावजूद लोग सड़क किनारे वाहन खड़ा कर रहे थे। पहले चरण में निम्न स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। -स्पार्क मॉल, कमला नगर, एम-ब्लॉक मार्केट, ग्रेटर कैलाश-1, हौज खास, कुतुब रोड, निजामुद्दीन बस्ती और परेड ग्राउंड शामिल है। पुलिस का कहना है कि इन स्थानों पर अवैध पार्किंग के कारण सड़क की क्षमता प्रभावित हो रही थी और आसपास मौजूद पार्किंग सुविधाओं का उपयोग अपेक्षाकृत कम हो रहा था। अभियान के दूसरे चरण में निम्न स्थानों को चिन्हित किया गया है। मैक्स अस्पताल, साकेत, चर्च मिशन रोड, पुष्प विहार रोड, मैक्स अस्पताल, शालीमार बाग, यूसुफ सराय, ग्रीन पार्क, अलकनंदा कमर्शियल, कॉम्प्लेक्स, कम्युनिटी सेंटर के पास, सब्जी मंडी, गीता कॉलोनी, कार बाजार के पास, लक्ष्मी नगर, गीता कॉलोनी की बाउंड्री वॉल के आसपास और कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर और आसपास का क्षेत्र शामिल है। विजयंता गोयल आर्य के अनुसार, सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण तथा अनधिकृत पार्किंग केवल नागरिक नियमों का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती भी है। पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा फुटपाथों पर कब्जा होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों सहित आम लोगों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। कृत्रिम जाम की स्थिति बाजारों में दुकानों का सड़क तक फैलाव, रेहड़ी-पटरी और सड़क किनारे पार्किंग के कारण सड़कों की प्रभावी चौड़ाई कम हो जाती है, जिससे पीक ऑवर में जाम लगता है।

## पाकिस्तानी आतंकी शाहजाद भट्टी से संबंधों की जांच में एनआईए का तीसरी बार छापा

मानसा। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को बुढलाडा उपमंडल के गांव कुलाना में एक युवक के घर पर छापेमारी की। यह कार्रवाई पाकिस्तानी आतंकी शाहजाद भट्टी से कथित संबंधों की जांच के सिलसिले में की गई। एनआईए की टीम ने गांव में यादविंदर सिंह उर्फ प्रीत के घर की तलाशी ली। इस मामले में केंद्रीय एजेंसी की उसके घर पर यह तीसरी छापेमारी है। परिजनों के अनुसार एनआईए अधिकारियों ने घर की तलाशी लेने के साथ-साथ बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज और स्टेटमेंट की भी जांच की। हालांकि, इस बार एजेंसी ने घर से कोई सामान जब्त नहीं किया। मीडिया से बातचीत में यादविंदर सिंह ने बताया कि एनआईए अधिकारियों ने उससे कुछ मोबाइल नंबरों और संपर्कों के बारे में पूछताछ की तथा उसे 15 जून को चंडीगढ़ स्थित एनआईए कार्यालय में पेश होने के निर्देश दिए हैं।

# शिरोमणि अकाली दल के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली 'वारिस पंजाब दे' में शामिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। लुधियाना के दाखा विधानसभा क्षेत्र से शिरोमणि अकाली दल के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली मंगलवार को आधिकारिक रूप से अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' में शामिल हो गए। इससे पहले उन्होंने गुरुद्वारा थड़ा साहिब पातशाही छठी में अरदास की और फिर चंडीगढ़ पहुंचकर एक विशेष कार्यक्रम के दौरान पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनप्रीत सिंह अयाली ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य पंजाब और पंथक विचारधारा से जुड़ी सभी पार्टियों एवं संगठनों को एक मंच पर एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पंथक ताकतों की एकता बेहद आवश्यक है, ताकि पंजाब और पंजाबियत से जुड़े मुद्दों को और अधिक मजबूती के साथ उठाया जा सके। अयाली ने कहा कि वह हमेशा से पंथक एकता के समर्थक रहे हैं और भविष्य में भी इसी दिशा में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभिन्न पंथक दल और संगठन अपने मतभेद भुलाकर एक साझा मंच पर आएंगे, जिससे पंजाब के अधिकारों और हितों की प्रभावी ढंग से पैरवी की जा सकेगी। गुरुद्वारा थड़ा साहिब पातशाही छठी में आयोजित अरदास के दौरान उनके समर्थकों और क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने उन्हें नई राजनीतिक पारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ड्रग तस्करी के आरोप में दिल्ली विवि का छात्र गिरफ्तार, 20 लाख का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 195 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा (ओजी) बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपित पढ़ाई के साथ-साथ ड्रग्स की तस्करी में भी शामिल था और कॉलेज छात्रों को नशीला पदार्थ सप्लाई करता था। आरोपित की पहचान जसीम सियादुल फरसान (22) के रूप में हुई है। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज में बीए का छात्र है। वर्तमान में विजय नगर डबल स्टोरी इलाके में रह रहा था, जबकि उसका मूल निवास केरल के कोझिकोड जिले में है। उत्तर-पश्चिम जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने मंगलवार को बताया कि जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड को सूचना मिली थी कि विजय नगर डबल स्टोरी के पास एक पार्क में हाइड्रोपोनिक गांजा की बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एएसआई चंद्रपाल, हेड कांस्टेबल सौरभ, स्वयं, सुधीर, पवन, मंजू, रचना और कांस्टेबल डागी रिबा की टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर जसीम को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 195 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ।

# काला जठेड़ी गैंग का नाम लेकर कारोबारी को धमका रहे थे, पुलिस ने दबोचा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। कुख्यात काला जठेड़ी गैंग का नाम लेकर एक कारोबारी से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित खुद को गैंग का सदस्य बताकर अंतरराष्ट्रीय नंबरों से व्हाट्सएप कॉल करते थे और कारोबारी पर करोड़ों रुपये के भुगतान का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान की राजन कालरा और साहिल गर्ग के रूप में हुई है। उत्तर पश्चिम जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि आदर्श नगर निवासी रोहित जैन, जो बवाना सेक्टर-5 में प्लास्टिक ग्लू टेप निर्माण का कारोबार करते हैं। उन्होंने थाने में शिकायत देकर बताया था कि उन्हें लगातार अंतरराष्ट्रीय नंबरों से धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाला खुद को हरियाणा के कुख्यात काला जठेड़ी गैंग का सदस्य बताता था और उनसे एक कारोबारी विवाद से जुड़ी रकम चुकाने की मांग कर रहा था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसका हरियाणा के यमुनानगर निवासी साहिल गर्ग के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। साहिल गर्ग पहले भी उसके खिलाफ करीब 2.95 करोड़ रुपये के कथित बकाया भुगतान और धोखाधड़ी की शिकायत आदर्श नगर थाने में दर्ज करा चुका था। इसी विवाद के बीच धमकी भरे कॉल आने शुरू हो गए। कॉल करने वाले ने दावा किया कि साहिल गर्ग से रकम की वसूली के लिए गैंग ने 50 लाख रुपये की टोकन राशि ले रखी है। धमकी दी गई कि यदि पैसा नहीं लौटाया गया तो रोहित जैन को जान से मार दिया जाएगा। शिकायतकर्ता ने इन कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी।

# बिहार में उद्योग लगाना हुआ आसान, 30 दिनों में उद्योग लगाने को मिलेगी स्वीकृति: मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में बिहार को तीव्र औद्योगिक विकास, व्यापक रोजगार सृजन और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इसमें बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 2016 के अंतर्गत राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में प्राधिकृत करते हुए उसे व्यापक प्रशासनिक एवं विधिक शक्तियां प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। इस बाबत मंगलवार को मुख्यमंत्री ने बयान जारी कर कहा कि बिहार में निवेशकों के लिए उद्योग लगाना आसान हुआ है। उन्हें सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि उद्योगों की स्थापना से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान कर निवेशकों को अनावश्यक विलंब तथा प्रशासनिक जटिलताओं से पूरी तरह मुक्ति मिले। उन्होंने कहा कि अब राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षदसचिवालय द्वारा किसी आवेदन की तकनीकी जांच एवं अनुशंसा किए जाने के बाद संबंधित सक्षम प्राधिकार को 30 दिनों के भीतर अथवा निर्धारित समय-सीमा के अंदर स्वीकृति प्रदान करना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था केवल प्रशासनिक निर्देश नहीं, बल्कि विधिक रूप से बाध्यकारी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई विभाग अथवा सक्षम प्राधिकार निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्णय लेने में विफल रहता है, तो निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय द्वारा 'डीम्ड क्लीयरेंस' जारी कर दिया जाएगा। इस स्वीकृति का अनुपालन संबंधित विभाग के लिए अनिवार्य होगा तथा उस पर पुनर्विचार की कोई शक्ति नहीं होगी। नई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न तकनीकी एवं विनियामक विभागों के सक्षम अधिकारियों को सीधे ट्टऋऌ सचिवालय में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। ये सभी अधिकारी औद्योगिक विकास आयुक्त के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे, जिससे सभी निर्णय एक ही मंच पर त्वरित रूप से लिए जा सकेंगे। यह निर्णय राज्य को आत्मनिर्भर और विकसित बिहार के लक्ष्य की ओर और अधिक गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों की स्थापना, संचालन एवं विस्तार से संबंधित सभी अनुमतियों के लिए व्यापक मानक संचालन प्रक्रियाएँ भी निर्धारित करेगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063